केंद्र और राज्य शासन से विज्ञापन के लिए अनुमोदित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Website:- www.malwaherald.com

RNI No. MPHIN/2010/33238
dainikmalwaherald@yahoo.com
malwaherald@gmail.com



श्री महाकालेश्वर जी का संध्या काल आरती श्रृंगार दर्शन

# मालवा हेराल्ड

**सुविचार**

बुरी आदतें अच्छे समय को बुरा कर देती है...! अच्छी आदतें बुरे समय को अच्छा कर देती है..!

वर्ष 13 अंक 269 | उज्जैन, मंगलवार 14 मार्च 2023 | पृष्ठ-8 | मूल्य-1 रुपए

## न्यूज ब्रीफ

### कांग्रेस के प्रदर्शन में कार्यकर्ता बेहोश; बैरिकेड तोड़े; पुलिस ने वाटर कैनन से खदेड

**भोपाल/दैनिक मालवा हेराल्ड।** भोपाल में सोमवार को कांग्रेस ने शक्ति प्रदर्शन किया। महंगाई, बेरोजगारी समेत कई मुद्दों को लेकर राजभवन घेरने निकले कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पुलिस ने वाटर कैनन से खदेड़ा। बैरिकेड तोड़ कर आगे बढने के दौरान कुछ कार्यकर्ता घायल हो गए। पुलिस ने विधायक जीतू पटवारी, कुणाल चौधरी समेत 50 कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया। कांग्रेस का यह प्रदर्शन दो घंटे चला। कार्यकर्ता पैदल, जबकि कमलनाथ, नेता प्रतिपक्ष डा. गोविंद सिंह और दूसरे बड़े नेता ट्रक पर सवार होकर आगे बढ़े। रंगमहल चौराहे से 100 मीटर आगे ही पुलिस ने एक और बैरिकेडिंग कर रखी थी। कार्यकर्ताओं ने यहां भी पुलिस से बहस की। बैरिकेड के ऊपर चढ़ गए। यह बैरिकेड भी कार्यकर्ता तोड़ते इससे पहले पुलिस ने वॉटर कैनन से पानी का तेज प्रेशर मारकर उन्हें पीछे खदेड़ दिया। भिंड युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष डा. राजकुमार के हाथ में चोट आई है। सतना से आया एक कार्यकर्ता बेहोश हो गया। उसे रेनबो हॉस्पिटल ले जाया गया। गिरफ्तार कार्यकर्ताओं को तीन बसों में भरकर पुलिस प्रदर्शन स्थल से लेकर रवाना हो गई। डीसीपी सांई कृष्ण थोटा ने बताया कि प्रदर्शन में पांच हजार की भीड़ थी। गिरफ्तारी के बाद कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता पीछे हटना शुरू हो गए।

### गलवान दोहराने की तैयारी में चीन, भारतीय सैनिकों के साथ झड़प में इस्तेमाल हथियारों की मंगाई नई खेप

**नई दिल्ली/जीएनएस।** चीन एक तरफ भारत के साथ सीमा विवाद को शांतिपूर्ण तरीके से सुलझाने की बात करता है, वहीं दूसरी ओर उसके इरादे कुछ और ही इशारा कर रहे हैं। बीजिंग अपनी विस्तारवादी सैन्य ताकत को और अधिक मजबूत करने में लगा हुआ है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, ड्रैगन हैंड-कॉम्बैट वेपन (हाथ में लेकर लडने वाले हथियार) की खरीदारी में व्यस्त है। ये 2020 में गलवान में हुई खूनी झड़प के दौरान इस्तेमाल हथियारों से मिलते-जुलते हैं। एक्सपर्ट्स को आशंका है कि इन हथियारों का एक बार फिर से एलएसी पर भारतीय जवानों के खिलाफ यूज हो सकता है। ऐसे में सवाल यह भी उठ रहा है कि क्या चीन फिर से गलवान जैसी झड़प को दोहराने की तैयारी में है? चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) ने कंवाइड मैसिस (लोहे से बना खास तरह का संयुक्त गदा) खरीदा है, जो कि कोल्ड वेपन्स की कैटेगरी में आता है।

### चारधाम यात्रा के लिए अढ़ाई लाख भक्तों ने करवाया पंजीकरण



**देहरादून/जीएनएस।** उत्तराखंड में चार धाम यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं की तादाद में तेजी से बढ़ोत्तरी हो रही है। वहीं, उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद ने सोमवार को कहा है कि चारधाम यात्रा के लिए अब तक 2.50 लाख से अधिक भक्तों ने पंजीकरण कराया है। जहां केदारनाथ धाम के लिए 1.39 लाख रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं। टीडीसी ने कहा कि बद्रीनाथ धाम जाने के लिए 1.14 लाख लोगों ने पंजीकरण कराया हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, गंगोत्री-यमुनोत्री के कपाट 22 अप्रैल को श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे। जबकि केदारनाथ 25 अप्रैल और बद्रीनाथ धाम के कपाट 27 अप्रैल को खुलेंगे। दरअसल, अधिकारियों ने जानकारी दी है कि रुद्रप्रयाग जिला प्रशासन ने चारधाम यात्रा को लेकर तैयारियां आरंभ कर दी हैं।

# प्रदेश में चल रहा है जनता की तकदीर और प्रदेश की तस्वीर बदलने का महा अभियान -मुख्यमंत्री

**सरकार के साथ समाज के सहयोग से शाहगंज बना है अन्य शहरों के लिये प्रेरणा »»लाड़ली बहना महिला सशक्ति करण की सबसे बड़ी योजना»»मुख्यमंत्री श्री चौहान शाहगंज (सीहोर) के गौरव दिवस में शामिल हुए**



### बीमा कराने वाला देश का पहला शत-प्रतिशत नगर बना शाहगंज

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री चौहान ने शाहगंज के गौरव दिवस पर सभी नागरिकों को सुरक्षा बीमा कराने के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि शाहगंज के सभी नगरवासियों ने प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा और प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा करा कर शाहगंज नगर को देश का पहला नगर बना दिया। उल्लेखनीय है कि विकास यात्रा के दौरान कलेक्टर श्री प्रवीण सिंह की पहल पर सुरक्षित सीहोर अभियान के तहत सभी पात्र नागरिकों का प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा कराने का अभियान चलाया गया। सुरक्षित सीहोर अभियान में शाहगंज नगर के सभी पात्र नागरिकों का प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा कराया गया है।

### मुख्यमंत्री चौहान का नगरवासियों ने किया आत्मीय स्वागत

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने शाहगंज के गौरव दिवस पर नगर के मुख्य मार्गों पर रोड-शो कर नगरवासियों का अभिवादन किया। मुख्यमंत्री का नागरिकों ने पुष्प-वर्षा कर और फूल मालाओं से स्वागत और अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री ने सभी शहरवासियों को गौरव दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएँ दी। नगर के सभी सामाजिक, संस्कृतिक, धार्मिक, व्यापारिक संस्थाओं के साथ सभी वर्गों के नागरिक, बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों ने मुख्यमंत्री का आत्मीय स्वागत किया। बेटियाँ भी अपने प्रिय मामा को अपने बीच पाकर खुश नजर आयीं।

### श्रद्धेय स्व. अटल जी की प्रतिमा का किया अनावरण

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने शाहगंज के गौरव दिवस पर 55 लाख 61 हजार रूपए की लागत से निर्मित श्रद्धेय स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण किया। साथ ही उन्होंने 2 करोड़ 93 लाख रूपए की लागत से बनी आधुनिक जिम और 130 फिट ऊँचे राष्ट्रीय ध्वज स्तंभ एवं ध्वज का लोकार्पण भी किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने 7 करोड़ 59 लाख रूपए के निर्माण कार्यों का लोकार्पण और 38 करोड़ 81 लाख रूपए के निर्माण कार्यों का शिलान्यास भी किया।

**भोपाल/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि यदि सरकार की नीयत और नीति दोनों ठीक हो तो तस्वीर और तकदीर बदलती है। प्रदेश में जनता की तकदीर और प्रदेश तस्वीर बदलने का महाअभियान चल रहा है। मेरी जिंदगी का मकसद है, आपकी जिंदगी में खुशहाली लाना और इसके लिये मैं निरंतर कार्य कर रहा हूँ। यदि आपकी जिंदगी खुशहाल होती है, तो मेरा मुख्यमंत्री बनना सार्थकता है।

मुख्यमंत्री श्री चौहान आज सीहोर जिले के शाहगंज नगर के गौरव दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने नगर की प्रतिभाओं को सम्मानित किया। साथ ही विभिन्न योजनाओं के हितलाभ और स्वीकृति-पत्र हितग्राहियों को वितरित किये।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि सरकार के साथ समाज के सहयोग से शाहगंज आज प्रदेश के अन्य शहरों के लिये प्रेरणा बन गया है। शाहगंज स्वच्छता में छोटे शहरों में नंबर एक है। यहाँ शासन की सभी योजनाएँ व्यवस्थित रूप से लागू हुई हैं। गौरव दिवस का आयोजन भी व्यवस्थित ढंग से किया गया है।मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश में बहनों का सम्मान सर्वोच्च प्राथमिकता है। लाडली बहना योजना महिला सशक्तिकरण की सबसे बड़ी योजना है। आगामी 25 मार्च से इस योजना के फार्म भरवाए जाएंगे और 10 जून को बहनों के खातों में पैसा आ जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में 56 हजार गरीब बेटियों की शादी सरकार द्वारा करवाई गई है और 44 लाख 40 हजार बेटियों को लाडली लक्ष्मी योजना का लाभ मिल रहा है। प्रदेश में बहनों के प्रति दुराचार करने वालों के विरुद्ध फाँसी की सजा का प्रावधान किया गया है। प्रसूति सहायता योजना में जन्म से पहले 4 हजार और जन्म के बाद 12 हजार रूपये की सहायता दी जाती है।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मेधावी विद्यार्थी योजना में उच्च शिक्षा की फीस भी सरकार भरवा रही है। प्रदेश में मेडिकल और इंजीनियरिंग की पढ़ाई भी अब हिंदी में शुरू हो गई है विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए मामा कोचिंग क्लास चलाई जा रही है। प्रदेश में 1 लाख 24 हजार सरकारी पदों पर भर्ती की कार्वाई चल रही है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि नई आबकारी नीति में 1 अप्रैल से सभी शराब के अहाते बंद कर दिए जाएंगे। शराब पीकर गाड़ी चलाने पर चालक का लाइसेंस रद्द कर दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि पुरानी सरकार ने किसानों से कर्ज माफी के झूठे वादे कर उन्हें डिफॉल्टर बना दिया था। हमारी सरकार किसानों का ब्याज मुक्त करेगी और उन्हें जीरो प्रतिशत ब्याज पर ऋण दिलवाएगी। शाहगंज क्षेत्र में आज स्वामित्व योजना के पट्टे वितरित किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री आवास योजना के पट्टों का भी शीघ्र वितरण होगा। क्षेत्र के जो 13 गाँव नर्मदा पाइप लाइन से छूट गए हैं, उनके लिए 55 करोड़ रूपये की नई योजना बनाई जा रही है, जिससे 3400 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई होगी। कोई खेत सूखा नहीं रहेगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने शाहगंज क्षेत्र में नवीन नगर परिषद कार्यालय और कायाकल्प अभियान के अंतर्गत वार्डों में सीसी रोड निर्माण की घोषणा भी की।

## वीरांगनाओं से बदसलूकी नहीं होनी चाहिए, बोले केजरीवाल मुख्यमंत्री ने निशाने पर ली राज्यस्थान की कांग्रेस सरकार



**जयपुर/जीएनएस।** दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल ने वीरांगनाओं के मुद्दे पर राज्यस्थान सरकार पर निशाना साधा। कहा कि मुझे बड़ा दुख है कि शहीदों की वीरांगनाओं से बदसलूकी की गई, यह नहीं होना चाहिए था। शहीदों के परिजनों को हम दिल्ली में एक करोड़ रुपए देते हैं। देवर की नौकरी की मांग पर कहा कि वीरांगना के पति ने देश के लिए शहादत दे दी, अब शहीद के परिवार से किसी को तो नौकरी देनी ही है तो इसमें गलत क्या है। केजरीवाल सोमवार को जयपुर एयरपोर्ट के बाहर मीडिया से बातचीत कर रहे थे। केजरीवाल ने कहा कि आज से हम शुरुआत कर रहे हैं, आप से अब लगातार मुलाकात होती रहेगी। आम आदमी पार्टी (आप) सभी सीटों पर चुनाव लड़ेगी। इसी वजह से कांग्रेस-बीजेपी डरी हुई है। सोमवार को आप ने जयपुर में तिरंगा यात्रा निकाली। इसमें शामिल होने के लिए केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान जयपुर पहुंचे। तिरंगा यात्रा जयपुर के सांगानेरी गेट से शुरू हुई।

## विधायकों की सैलरी 66 फीसदी बढ़ी, दिल्ली में हर महीने मिलेंगे एक लाख 70 हजार, राष्ट्रपति ने दी मंजूरी



**नई दिल्ली/जीएनएस।** दिल्ली के विधायकों की सैलरी 66 प्रतिशत बढ़ गई है। राष्ट्रपति ने बजट सत्र से पहले विधायकों की सैलरी, पेंशन और भत्तों को बढ़ाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। उन्हें अब 54 हजार रुपए की जगह हर महीने 90 हजार रुपए सैलरी मिलेगी। भत्तों को शामिल कर दें तो विधायकों को अब हर महीने एक लाख 70 हजार रुपए मिला करेंगे। दिल्ली सरकार के कानून, न्याय और विधायी मामलों के विभाग ने नोटिफिकेशन जारी कर इस बारे में जानकारी दी है। सैलरी, पेंशन और भत्तों को बढ़ाने का प्रस्ताव दिल्ली विधानसभा में पिछले साल जुलाई में पास हुआ था। दिल्ली सरकार ने सीएम, मिनिस्टर, विधायकों, मुख्य सचिव, स्पीकर और विपक्ष के नेता की सैलरी बढ़ाने का प्रस्ताव भेजा था। राष्ट्रपति ने 14 फरवरी को इस प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। विधायकों को अब 14 फरवरी 2023 से बढ़ी हुई सैलरी मिलेगी।

### 12 साल बाद दिल्ली विधायकों को सहूलियत

दिल्ली में विधायकों की सैलरी 12 साल बाद बढ़ाई गई है। विधायकों की बेसिक सैलरी 20 हजार से बढ़ाकर 30 हजार की गई है।

## 300 से ज्यादा कांग्रेसी पुलिस हिरासत में, लखनऊ में महंगाई के विरोध में सडक़ पर उतरे, यह कहा

**लखनऊ में महंगाई के विरोध में सडक़ पर उतरे; कहा, अडानी के नुकसान की भरपाई जनता से नहीं हो**



**लखनऊ/जीएनएस।** लखनऊ में कांग्रेसियों ने सोमवार को जमकर प्रदर्शन किया। पार्टी कार्यालय से जुलूस निकालकर कांग्रेसी राजभवन की ओर निकले तो रास्ते में पुलिस से झड़प हो गई। महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार के साथ केंद्रीय एजेंसियों द्वारा की जा रही छापेमारी और मुकदमों को लेकर ये विरोध-प्रदर्शन किया गया। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खबरी ने कहा कि अगर अडानी को नुकसान हो रहा है तो उसकी भरपाई आम जनता से सिलेंडर के दाम 50 रुपए बढ़ाकर नहीं होनी चाहिए। ये सरकार आतंक का एक पर्याय बन गई है। व्यक्तियों का क्या होगा, जब एक नेशनल पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष को धक्का देकर गाड़ी में डालकर कहां ले जा रहे हैंज्पता नहीं। प्रदेशभर से पहुंचे कांग्रेसी पार्टी कार्यालय पर इकट्ठा हुए, फिर जुलूस निकालकर प्रदर्शन करते हुए राजभवन का घेराव करने निकले। रास्ते में पुलिस ने जगह-जगह बैरिकेडिंग कर कांग्रेसियों को आगे बढने से रोक लिया।इस दौरान पुलिस से उनकी जमकर झड़प हुई। कांग्रेसी बैरिकेडिंग तोडक़र आगे बढने लगे तो पुलिस को लाठी चार्ज करना पड़ा। बृजलाल खाबरी समेत 300 से ज्यादा नेताओं-कार्यकर्ताओं को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। पुलिस ने दस से ज्यादा बसों और पुलिस वैन में प्रदर्शनकारियों को बैठा कर ईको गार्डन ले गई। प्रदर्शन को देखते हुए कांग्रेस प्रदेश कार्यालय से लेकर राजभवन तक सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है।




## उच्च शिक्षा मंत्री की माताजी के निधन पर भाजपा नेताओं ने अर्पित की श्रद्धांजलि

**राज्यपाल, मुख्यमंत्री और भाजपा नेताओं ने जताया शोक**

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मध्यप्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा मंत्री डॉ मोहन यादव की माताजी श्रीमती लीला बाई यादव का सोमवार को निधन हो गया। वे 95 साल की थीं। वे लंबे समय से बीमार चल रही थी। कैबिनेट मंत्री मोहन यादव की माता के निधन के बाद उनके अब्दाल पुरा स्थित घर पर शोक संवेदना व्यक्त करने लोग पहुंच रहे हैं। मध्यप्रदेश के राज्यपाल, कर्नाटक के राज्यपाल, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, संगठन महामंत्री, केंद्रीय एवं प्रदेश सरकार के मंत्रीगणों सहित भाजपा के वरिष्ठ नेताओं व शिक्षाविदों ने डॉ यादव की माताजी के निधन पर शोक व्यक्त किया।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने उच्च शिक्षा मंत्री डॉ मोहन यादव की माता जी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। श्री पटेल ने दिवंगत आत्मा को शांती एवं शोकाकुल परिजनों को यह गहन दुःख सहने की शक्ति देने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

कर्नाटक के राज्यपाल श्री थावरचंद गहलोत ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि मैं, इस दुःख की घड़ी में परिवार के साथ हूँ और दिवगंत आत्मा को श्रद्धाजंलि अर्पित करता हूँ।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव की पूज्य माताजी श्रीमती लीलाबाई यादव के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिजन को यह दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

### भाजपा प्रदेश प्रभारी, प्रदेश अध्यक्ष और वरिष्ठ नेताओं ने जताया शोक

उच्च शिक्षा मंत्री डॉ मोहन यादव की माताजी के निधन पर भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव श्री कैलाश विजयवर्गीय, भाजपा के प्रदेश प्रभारी श्री पी. मुरलीधर राव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री विष्णु दत्त शर्मा, प्रदेश संगठन महामंत्री श्री हितानंद शर्मा, केंद्रीय मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, प्रदेश सरकार के मंत्री श्री गोपाल भार्गव, डॉ नरोत्तम मिश्रा, श्री जगदीश देवड़ा, श्री तुलसीराम सिलावट, श्री विश्वास सारंग सहित प्रदेश सरकार के अन्य मंत्रीगणों ने शोक व्यक्त किया।

### कुलपति ओर कुलसचिवों की बैठक में मौन रखकर श्रद्धांजलि दी

प्रदेश के शासकीय विश्वविद्यालयों के कुलपतिगण और कुलसचिवों ने भी आज मंत्रालय में आयोजित एक बैठक के अंत में दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

# समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित

## बोर्ड परीक्षा को देखते हुये डी जे को तत्काल बन्द करवाये एवं आवश्यक कार्यवाही करे - कलेक्टर

**झाबुआ/माणक लाल जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता में समयावधि पत्रों (टीएल) की बैठक आयोजित थी। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अमन वैष्णव, एडीएम एसएस मुजाल्दा, एसडीएम झाबुआ एलएन गर्ग एवं जिला अधिकारी उपस्थित थे।



श्रीमती सिंह ने निर्देश दिये कि वर्तमान में बोर्ड परीक्षा को देखते हुये डीजे जिससे व्यवधान पैदा होता है, तत्काल संज्ञान में लेकर बन्द करवाये एवं आवश्यक कार्यवाही करे। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के आवेदन तत्काल प्राप्त कर तत्काल प्रस्तुत करे। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में अधिक से अधिक शादी हो ऐसे प्रयास करे। सीएम हेल्पलाइन, जनसुनवाई, समयावधि पत्रो वरिष्ठ कार्यालय से प्राप्त आवेदन, माननीय मुख्यमंत्री के भ्रमण के दौरान प्राप्त आवेदनों का तत्काल निराकरण सुनिश्चित करे। आगामी टीएल के पूर्व निराकरण प्रतिवेदन समक्ष में प्रस्तुत करे। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत विशेष प्राथमिकता के आधार पर प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करे। राजस्व मामले के प्रकरण जो सीएम हेल्पलाइन में लबिंत है, उन्हे सज्ञान में लेकर जल्द से जल्द पेशी लगाकर निराकरण करे। आगामी मंगलवार को समाधान ऑनलाइन की बैठक संभावित है। इससे संबधित विषय एवं आवेदन पत्रों का निराकरण सुनिश्चित करे। लाडली बहना योजना के लिये दिये गये निर्देशों के अनुसार तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करे। लंबित शिकायतों के निराकरण समयसीमा में नहीं होने पर संबंधित अधिकारी के विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

शासन के निर्देशानुसार एवं आमजन के लिये आयुष्मान कार्ड जो ग्रामों में शहरों के वार्डो में लंबित है, उन्हें इस समय जब पलायन पर गयें, ग्रामीण वापस आये है इस समय अभियान के तौर पर कैम्प लगाकर आयुष्मान कार्ड बनाये। लाडली बहना योजना के प्रकरण तैयार करे। जहां पर बायोमैट्रिक मशीन है, वहां कैम्प लगाकर बनाये एवं जहां बायोमैट्रिक मशीन नहीं है तत्काल क्रय कर कार्यवाही सुनिश्चित करे। इसके अतिरिक्त जहां नेटवर्क समस्या है, वहां डार्कस्पाट चिन्हित करे एवं ऑफलाइन करने के लिये राज्य शासन से अनुमति की कार्यवाही सुनिश्चित करे। एप के माध्यम से भी आयुष्मान कार्ड बनाये जाने की कार्यवाही सुनिश्चित करे। लाडली बहना योजना के प्रकरण तैयार करने के लिये किसी भी प्रकार के दस्तावेज नही मागे जाये केवल आधार से बैंक खाता लिंक करवाना है एवं आवेदक महिला के पास स्वयं का मोबाइल बैंक से एवं आधार से लिंक होना चाहिये। इस संबध में आवेदन पत्र प्रिन्ट कर भेजे जा रहे है, जो 25 मार्च से आरम्भ होगे।

सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों का निराकरण के लिए श्रीमती सिंह ने निर्देश दिए कि विभाग अपने शिविर लगाएं। नॉनअटेंड शिकायतें होने पर सख्त कार्यवाही की जावेगी। इस सप्ताह शत प्रतिशत शिकायतों का निराकरण हो जाएं इस प्रकार की कार्यवाही की जाएं। निम्न गुणवत्तापूर्ण जवाब दर्ज नहीं करें। सीएम हेल्पलाईन में 50 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों का जल्द से जल्द निराकरण किया जाना सुनिश्चित करें। सी.एम. हेल्पलाईन में 100 दिवस, 300 दिवस व 500 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों को जल्द से जल्द निराकरण करना सुनिश्चित करें। प्रति माह के प्रथम एवं द्वितिय सप्ताह में अभियान चलाकर सभी विभाग सीएम हेल्पलाईन का निराकरण करेंगें। प्रधानमंत्री आवास योजना के आवेदन के संबध में यह निर्धारित कर लिया जाये कि आवेदक पात्र है या अपात्र है इस आधार पर तत्काल निराकरण करे। सम्बल योजना के प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण करे।

श्रीमती सिंह ने निर्देश दिये की समायवधि पत्रों, सीएम हेल्पलाइन, सीएम विजिट के प्रकरणों का निर्धारित अवधि में निराकरण करें एवं प्रतिवेदन को पोर्टल पर दर्ज करे। समयावधि पत्रों एवं जनसुनवाई के प्रकरणों में निराकरण तत्काल किया जाना सुनिश्चित करे। श्रीमती सिंह द्वारा यह भी निर्देश दिये गये की सी.एम. हेल्पलाईन में दर्ज शिकायत का निराकरण एल-1 स्तर पर ही कर लिया जाए। मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना विभिन्न विकासखण्ड स्तर पर विवाह कार्यक्रम आयोजित किए जाएगे योजना का लाभ लेने हेतु संबंधित जनपद पंचायत अथवा नगरीय निकाय में आवेदक अपना आवेदन आवश्यक दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत कर सकते हैं। विभिन्न विकासखण्ड स्तर पर निम्नानुसार तिथियों में विवाह कार्यक्रम आयोजित किए जाएगे। 24 मार्च 2023 को जनपद पंचायत झाबुआ, 25 मार्च 2023 जनपद पंचायत थांदला, 15 मार्च 2023 जनपद पंचायत मेघनगर, 21 मार्च 2023 जनपद पंचायत पेटलावद, 23 मार्च 2023 जनपद पंचायत रामा, 25 मार्च 2023 जनपद पंचायत राणापुर। मुख्यमंत्री कन्या विवाह के संबंध में सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाये।

श्रीमती सिंह ने निर्देश दिए कि भू-माफिया, शराब माफिया मिलावटखोरों, खनिज माफिया, शासकीय भूमियों पर अतिक्रमण करने वालों का निरन्तर सर्वे किया जाकर उन पर निरन्तर दण्डात्मक कार्यवाही की जाए। बोर्ड परीक्षाओं को दृष्टिगत रखते हुए, रात्रि 10:00 बजे से प्रातः 06:00 बजे के बीच के समय ध्वनि विस्तारक यंत्रों को चलवाया नहीं जाएगा तथा किसी भी स्थान में तीव्र संगीत बजाया या बजवाया नहीं जाएगा। ऐसा पाये जाने पर कार्यवाही की जाये।

विधानसभा प्रश्नों का निराकरण तथ्यात्मक रूप से किया जाये। जिला अधिकारी जवाब प्रस्तुत करने से पहले अच्छे से अध्ययन कर ले। निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देवे। जिन निर्माण कार्या की राशि प्राप्त हो चूकि है उन्हें तत्काल प्रारम्भ किया जाये अन्यथा राशि लेप्स हो जायेगी जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी कार्यालय प्रमुख की मानी जायेगी। एनआरसी में भर्ती बच्चों की नियमित जॉच एवं पोष्टीक आहार समय पर उपलब्ध कराये।

बैठक में जिले के सभी विभागों के द्वारा सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों के निराकरण में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे.पी.एस. ठाकुर, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्यविभाग गणेश भाभर एवं समस्त जिला अधिकारी उपस्थित थे। वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार, सीईओ जनपद पंचायत, सीएमओ एवं बीएमओ उपस्थित थे।

# आंगनवाड़ी कार्यकर्ताएं घर-घर जाकर दे रही है लाड़ली बहना योजना की जानकारी





**झाबुआ/माणक लाल जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** प्रदेश के मुख्यमंत्री जी द्वारा 5 मार्च को जम्बूरी मैदान भोपाल से मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना का शुभारंभ किया गया हैं। योजनान्तर्गत सभी पात्र महिलाओं को उक्त योजना का लाभ निर्धारित समय सीमा में दिया जाये। इसके लिए जिले की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता घर-घर जाकर महिलओं को यह बता रही है कि योजना के लिए सबसे आवश्यक दस्तावेज महिला का समग्र आईडी है। फार्म में दर्ज महिला का हस्ताक्षरित स्व-घोषणा पत्र ही सम्पूर्ण दस्तावेज है। योजना का लाभ लेने के लिए किसी भी महिला का समग्र आईडी आधार से लिंक होना अनिवार्य है तथा आधार कार्ड बैंक खाते से लिंक होना अनिवार्य है। तभी महिला को योजनानुसार 1000 रुपये प्रतिमाह की राशि प्राप्त होगी। इसके अलावा अन्य कोई दस्तावेज योजना के अंतर्गत नही चाहिए।

मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत पात्रता, योजनान्तर्गत मध्यप्रदेश की निवासी 23 से 60 वर्ष तक की आयु की विवाहित, विधवा, तलाकशुदा एवं परित्यक्ता महिलाए पात्र होगी। महिला की आयु केलेण्डर वर्ष में 01 जनवरी 2023 की स्थिति में 23 वर्ष पूर्ण कर चुकी हो तथा 60 वर्ष की आयु से कम हो। उन्हे योजना के तहत 1 हजार रूपये प्रतिमाह की राशि दी जायेगी एवं इसका भुगतान आवेदिका के स्वयं के आधार लिंक डीबीटी इनेबल्ड बैंक खाते से किया जायेगा। महिला को सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना अथवा अन्य किसी योजना में प्रतिमाह 1 हजार रूपये से कम राशि प्राप्त हो रही हो तो उतनी अतिरिक्त राशि योजना में स्वीकृत की जायेगी। आवेदन के लिये महिला का परिवार की समग्र आईडी, स्वयं की समग्र आईडी एवं स्वयं का आधार कार्ड अनिवार्य है।

आधार कार्ड एवं समग्र में नाम एक समान होना चाहिए। किसी प्रकार की अगर त्रुटि हो तो उसे अभी दुरूस्त किया जा सकता है। योजना के अंतर्गत विशेष शिविरों का आयोजन कर निःशुल्क फार्म भरे जायेंगे।

योजना के अंतर्गत ऐसी महिलाऐ अपात्र होगीः- जिनके परिवार की सम्मिलित रूप से वार्षिक आय 2.5 लाख से अधिक हो परिवार का कोई भी सदस्य आयकरदाता हो। परिवार के सदस्यो के पास संयुक्त रूप से कुल 5 एकड़ से अधिक कृषि भूमि हो। परिवार का कोई सदस्य राज्य एवं केन्द्र सरकार के कार्यालय, मण्डल, उपक्रम में नियमिति एवं संविदा कर्मी हो तथा पेंशन भोगी हो। परिवार का कोई सदस्य वर्तमान एवं पूर्व सांसद, विधायक हो। स्थानीय निर्वाचन के अंतर्गत सरपंच इस योजना के अंतर्गत अपात्र है तथा पंच एवं उपसरपंच योजना के अंतर्गत पात्रता की श्रेणी में आते है। परिवार के सदस्य के पास चार पहिया वाहन हो।

# माननीय सांसद लोकसभा रतलाम झाबुआ आलीराजपुर की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं मूल्यांकन समिति (दिशा) की बैठक 25 मार्च को

**झाबुआ/माणक लाल जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** सांसद गुमानसिंह जी डामोर लोकसभा रतलाम झाबुआ आलीराजपुर की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं मूल्यांकन समिति (दिशा) की बैठक दिनांक 25 मार्च, 2023 शनिवार को प्रातः 11:30 बजे कलेक्टर सभाकक्ष में आयोजित की गई है।



बैठक में जिला स्तरीय दिशा समिति जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) बैठक में मुख्य रुप से ग्रामीण विकास विभाग, खाद्य विभाग, उद्योग विभाग, कृषि विभाग, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना, लोक निर्माण विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, वन विभाग, जल संसाधन विभाग, संभागीया यंत्री, परियोजना क्रियान्वयन ईकाई, म.प्र. सडक विकास निगम लिमिटेड, नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण, नेशनल हाईव, रेलवे, भारत संचार निगम लिमिटेड आदि विभागों के संबंध में चर्चा की जायेगी।

बैठक में पुलिस अधीक्षक, जिला झाबुआ, वन मंडलाधिकारी सामान्य वन मंडल झाबुआ, अधीक्षण यंत्री मंत्र, राज्य पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी झाबुआ, महाप्रबंधक, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क परियोजना झाबुआ, कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी झाबुआ, उपसंचालक कृषि/पशु चिकित्सा सेवायें/पंचायत एवं सामाजिक न्याय झाबुआ, जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग झाबुआ, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला झाबुआ, महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र झाबुआ, परियोजना अधिकारी शहरी विकास अभिकरण झाबुआ,. कार्यपालन यंत्री, लो.नि.वि/ल संसा./ग्रा.या. से, जिला झाबुआ, जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी एनआईसी झाबुआ,. जिला प्रबंधक, नागरिक आपूर्ति निगम, झाबुआ, सहायक संचालक, उद्यानिकी/मत्स्य झाबुआ, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास झाबुआ, जिला जन सम्पर्क अधिकारी, झाबुआ, पंजीयक सहकारी संस्थाये, परियोजना प्रशासक, आय.टी.डी.पी. झाबुआ, जिला योजना अधिकारी आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग, जिला झाबुआ,. जिला परियोजना समन्वयक, सर्व शिक्षा अभियान झाबुआ, लीड बैंक अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा, झाबुआ, समन्वयक,महाप्रबंधक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ,नर्मदा झाबुआ क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित झाबुआ, मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगरपालिका झाबुआ विभाग से संबंधित जानकारी लेकर उपस्थित होना सुनिश्चित करे।

# पांच दिवसीय भूकम्प विरोधी भवन निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम

## प्रशिक्षण कार्यक्रम में भोपाल में आपदा प्रबंधन संस्थाएं से आए संयुक्त संचालन द्वारा प्रदान किया जा रहा है

**झाबुआ/माणक लाल जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार शासकीय पोलीटेक्निक कॉलेज झाबुआ में चल रहे पांच दिवसीय भूकम्प विरोधी भवन निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम में सहकारी इंजिनियर, प्राइवेट इंजिनियर, कान्ट्रेक्टर एवं इंजिनियर विद्यार्थियों को सम्मिलित किया गया है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में भोपाल में आपदा प्रबंधन संस्थाएं से आए संयुक्त संचालन डॉ. जार्ज वी.जे. जोसेफ ने सभी प्रतिभागियों को आपदा बचाव व सुझाव कि जानकारी साझा कि, इस पांच दिवसीय कार्यक्रम में प्रतिभागियों को जागरूक किया जा रहा है, कि भूकम्प जैसी आपदा से अपने भवनों को सुरक्षित किया जा सकता है। प्रशिक्षक सत्र में अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दिनेश वर्मा व प्राचार्य पॉलिटेक्निक कॉलेज झाबुआ गीरिश गुप्ता, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग श्रीमती रेशम गामड़, एसडीओ डब्लयूडी श्री डी.के. शुक्ला के सहयोग से पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सयोंजन किया जा रहा है।




इस प्रशिक्षण में भोपाल आपदा प्रबंधन संस्था से आये टीम के इंजीनियर नेहा श्रीवास्तव ने बताया कि जब हम भवन निर्माण करे तो भारतीय मानको का पालन करना चाहिये व ब्यूरो ऑफ इंडिया को पालन करना अनिवार्य है, प्रशिक्षण में नेहा श्रीवास्तव ने बताया कि, IS code- 1893-1993] IS code- 4326-1993(2016), IS code- 13920-1993 डक्टाइयल डीटेलिंग के लिये उपयोगी है।

# लोकप्रिय सांसद श्री फिरोजिया जी से अधिमान्य पत्रकारो को पूर्व की तरह छुट हेतु रेल्वे मंडल से मांग को लेकर सकलेचा ने दिया पत्र

**नागदा(निप्र)/दैनिक मालवा हेराल्ड।** देशभर के अधिमान्य पत्रकारो को रेल्वे द्वारा कोरोना के पूर्व सिनीयर सिटीजन की तरह रेलयात्रा के दौरान रियायत प्रदान कर रखी थी। परन्तु कोरोना के चलते रेल्वे द्वारा ट्रेनो को बंद करने के साथ ही रियायत भी बंद कर दी गई। परन्तु कोरोना समाप्त होने के पश्चात् जीवन सामान्य हो चुका है। रेल्वे द्वारा यात्रियो के लिये धीरे-धीरे रेल सुविधाएं प्रदान की जा रही है। परन्तु अभी भी कुछ सुविधाएं रेल मंडल द्वारा प्रारम्भ नहीं की गई है ऐसे में अधिमान्य पत्रकारो एवं सिनियर सिटीजन्स को रियायत प्रदान को लेकर समाजसेवी एवं रेल्वे विशेष रूचि सदस्य राजेश सकलेचा भाईजी ने सोमवार रात्रि को लोकप्रिय सांसद श्री अनिल फिरोजिया जी से दिल्ली जाते समय नागदा रेल्वे स्टेशन पर सौजन्य भेंट की गई एवं उक्त विषय को लेकर मांगपत्र सौपा। पत्र में उल्लेख कर रेल मंडल से मांग की गई कि हिसार कोटा ट्रेन को नागदा तक बढाने, कोटा नागदा ट्रेन को रतलाम तक बढ़ाई जावे तथा जनता एक्सप्रेस का संचालन पुनः प्रारम्भ किया जावे। जिससे आम रेल यत्रियो एवं अपडाउनर्स को लाभ मिल सके। साथ ही नागदा रेल्वे स्टेशन पर प्लेटफार्म नं. 5 के पैदल पुल के मोड को समाप्त कर उसे सीधा करने की मांग भी रखी गई। सांसद महोदय से पत्र के माध्यम से मांग की गई है कि रेल्वे के वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा कर उपरोक्त समस्त मांगो को पुरा किया जावे।इस अवसर पर पवन चूर्या एवं निलश बिलवाडिया विशेष रूप से रेल्वे स्टेशन पर उपस्थित थे।



# कमलनाथ जी के नेतृत्व में राजभवन का घेराव

**आलोट/ राकेश चोहान पिंटू/दैनिक मालवा हेराल्ड।** आज भोपाल में पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ जी के नेतृत्व में जीतू पटवारी के निलंबन, फसलों के दाम , महगाई और विभिन्न मांगों को लेकर कांग्रेस पार्टी द्वारा राजभवन का घेराव किया गया । विधायक मनोज चावला के नेतृत्व में भी हजारों कार्यकर्ता इस आंदोलन में भोपाल में सम्मिलित हुए । राजभवन घेराव के दौरान विधायक चावला ने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता की भोपाल में उपस्थिति इस बात का संकेत है कि शिवराज सिंह जी की सरकार अब ज्यादा दिन टिकने वाली नहीं है शीघ्र ही मध्यप्रदेश में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनेगी और कमलनाथ जी मुख्यमंत्री बनेंगे। विधायक मनोज चावला के साथ आलोट जनपद उपाध्यक्ष नरेंद्र सिंह परिहार, आलोट ब्लॉक अध्यक्ष शंकर सिंह परिहार ,बड़ावदा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राधेश्याम चौहान, ताल ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दिनेश सिंह, पी सी सी सदस्य संतोष पालीवाल , बड़ावदा नगरपालिका उपाध्यक्ष रशीद खान पठान, नेता प्रतिपक्ष पदमा सुमित जैन हिंगड़, जनपद सदस्य प्रतिनिधि राजू डाबी , कैलाश परमार ,रुकसाना बी, अजय पवार,रोहित गोयल, सहित कई कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## सार समाचार

### खुशियों की दास्तां

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना से धूमधाम से संपन्न हुआ रीना का विवाह



**आगर मालवा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** आगर मालवा जिले के कानड़ निवासी रीना मालवीय का विवाह दुपाड़ा निवासी धर्मेंद्र के साथ सामुदायिक भवन गांधी उपवन आगर मालवा में बड़ी धूमधाम से संपन्न हुआ। रीना कहती है कि माता पिता मेरे विवाह को लेकर बड़े चिंतित रहते थे।वो मज़दूरी करके अपने परिवार का भरण पोषण करते थे। रीना कहती हैं कि माता पिता मेरा विवाह शनोशौक़त के साथ करना चाहते थे लेकिन ऐसा करने के लिये वे आर्थिक रूप से संपन्न नहीं थे। उनका यह सपना मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के माध्यम से पूरा हुआ। रीना ने बताया कि मेरे पिता जी ने मेरे विवाह के लिए नगर परिषद में आवेदन किया था जिसके माध्यम मेरा विवाह बिना किसी चिंता के हो गया। रीना कहती हैं कि आज मेरे माता पिता बहुत खुश है। रीना ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के कारण ही मेरे माता पिता का कन्यादान करने का सपना पूरा हुआ। साथ ही गृहस्थी प्रारम्भ करने के लिये 11 हज़ार रुपये की राशि का चेक, 38 हजार रूपए की सामग्री भी मिली है। ऐसी योजना का क्रियान्वयन गरीबों की हितैषी संवेदनशील सरकार ही कर सकती है।

# कोटवार संघ ने नहीं मनाई रंगपंचमी

## अपनी मांगों को लेकर जिला मुख्यालय पर बैठे हैं धरने पर



**सलसलाई/किशोर नाथ राजगुरु/दैनिक मालवा हेराल्ड।** शाजापुर जिले में कोटवार संघ के द्वारा नहीं मनाई गई रंग पंचमी अपनी मांगों को लेकर जिला मुख्यालय पर दिया धरना 10 मार्च से कोटवार संघ बैठा है धरने पर कोटवार संघ ने बताया कि जब तक हमारी मांग पूरी नहीं होगी तब तक चलेगा धरना प्रदर्शन एवं कलम बंद हड़ताल।

# सलसलाई में निकाली फाग यात्रा सुबह 9:00 बजे से हुई प्रारंभ 3:00 बजे तक चलती रही



**सलसलाई/किशोर नाथ राजगुरु/दैनिक मालवा हेराल्ड।** शाजापुर सहित पूरे जिले में चल रहे।पाँच दिवसीय रंगो का महापर्व होली का पर्व रंग पंचमी के साथ समापन हुआ जहां जिले भर में रंग पंचमी पर फाग यात्रा निकाली गई । रविवार को सुबह से ही बच्चे एवं बडे अपने मित्रों के घर पँहुचे ओर जमकर होली खेली सुबह 9बजे से फाग यात्रा डी.जे व रंगो की बोछारो के साथ प्रारंभ हुई जो नगर के विभिन्न मार्गो से निकली जिसमें नगर के युवाओं ने खूब रंग गुलाल उडाया एवं डी जे पर होली गीतों पर खूब ठुमके लगाये सलसलाई नगर में फाग यात्रा सुबह 9:00 बजे से लेकर 3:00 बजे तक निकलती रही जिसमें सभी ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

# प्रेस क्लब सदस्यों ने बड़े धूमधाम से रंग पंचमी मनाई



**उन्हेल/दैनिक मालवा हेराल्ड।** उन्हेल रंग पंचमी रंगो का त्यौहार प्रेस क्लब के सदस्यों एवं युवा के द्वारा बड़े ही हर्षोल्लास के साथ में मनाया जा रहा है जिधर देखो उधर युवा की टोली एक दूसरे को रंग लगाते हुए दिखाई दे रही है देश के अलग-अलग हिस्सों में रंग पंचमी का त्यौहार मान्यताओं और परंपराओं का समागम है रंग पंचमी कहीं फूलों से तो कहीं पर लोग रंग गुलाल लगाकर होली खेलते हैं प्रेस क्लब सदस्यों ने एक दूसरे को खूब रंग लग गुलाल लगाकर रंग पंचमी की शुभकामनाएं दी गई जिधर देखो उधर युवा वर्ग रंगों के रंग में लगा हुआ नजर आ रहा था शांतिपूर्वक त्यौहार मनाया गया इस मौके पर प्रेस क्लब सदस्य ने सभी को एक दूसरे को बधाई दी।

# परियोजना सलाहकार मण्डल झाबुआ की बैठक दिनांक 21 मार्च 2023 को आयोजित

**झाबुआ/ माणक लाल /दैनिक मालवा हेराल्ड।** परियोजना सलाहकार मण्डल जिला झाबुआ की बैठक 21 मार्च 2023 अपरान्ह 4.30 बजे कलेक्टर सभा कक्ष में श्रीमती निर्मला भानु भूरिया अध्यक्ष परियोजना सलाहकार मण्डल झाबुआ एवं अध्यक्ष जनपद पंचायत रानापुर की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन रखा गया हैं। जिसमें संविधान के अनुच्छेद 275 (1) केन्द्रीय सहायता मद अंतर्गत वर्ष 2023-24 में आदिवासियों के संपूर्ण विकास के लिए कार्ययोजना/प्रस्ताव के बिन्दुओं पर चर्चा एवं अनुमोदन लिया जाना हैं। अन्य विषय पर चर्चा अध्यक्ष महोदय की अनुमति से होगा। इस संबंध में कलेक्टर जिला झाबुआ ने दिनांक 13 मार्च को पत्र जारी किया है, जिसमें संबंधित विभाग के अधिकारियों को उपस्थित रहने के निर्देश दिये है। बैठक में जिला अधिकारी स्वयं उपस्थित रहेगे।

# आयुष्मान कार्ड संचालित निजी अस्पतालों में जाकर औचक निरीक्षण करें, मरीजों से व्यवस्था के बारे में पूछें

### साप्ताहिक अंतरविभागीय समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश, ईकेवाईसी कार्य नहीं करने पर जीआरएस का वेतन काटे




**मंदसौर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर दिलीप कुमार यादव की अध्यक्षता में साप्ताहिक अंतर विभागीय समीक्षा बैठक सुशासन भवन स्थित सभागृह में आयोजित की गई। बैठक के दौरान कलेक्टर ने लाड़ली बहना योजना अंतर्गत ईकेवाईसी का कार्य पूर्ण करने के लिए सभी एसडीएम, सीईओ, सीएमओ को निर्देश प्रदान किए। इस दौरान उन्होंने सभी सीईओ को कहा कि अगर ग्राम पंचायतों में ईकेवाईसी कार्य करने के लिए जीआरएस सहयोग नहीं करते हैं तो उनका तुरंत वेतन काटे। ईकेवाईसी कार्य के लिए कैंप लगाने के भी निर्देश प्रदान किए। कुछ समय पश्चात प्रत्येक गांव में कैंप भी आयोजित होंगे। इसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां करें। यह कैंप बहुत महत्वपूर्ण है। इस कैंप के माध्यम से हर पात्र महिला को लाड़ली बहना योजना का लाभ मिलेगा। कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिए कि ऐसे निजी अस्पताल जहां पर आयुष्मान कार्ड के माध्यम से मरीजों का फ्री में इलाज होता है। ऐसे मरीजों से अस्पताल की व्यवस्था, उनके रखरखाव के बारे में जानकारी ली जाए। इसके लिए एक दल बनाया जाए। जो इन अस्पतालों में जाकर औचक निरीक्षण करेगा तथा मरीजों से मिलेगा और फिडबेक लेगा। इसके साथ ही स्वामित्व योजना एवं धारणाधिकार योजना की भी समीक्षा की गई।

## पूर्व विधायक संतोष जोशी की और से होली मिलन समारोह 20 मार्च को होगा आयोजित

**सुसनेर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** पूर्व विधायक संतोष जोशी के द्वारा लगातार दुसरे वर्ष भी 20 मार्च को नगर के मेला ग्राउंड स्थित ओकारेश्वर महादेव मंदिर में होली मिलन का अनूठा आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन में आने वाले श्रद्धालुओं को पूर्व विधायक जोशी के द्वारा गुलाल का तिलक निकालकर होली की शुभकामनाएं दी जाएगी। इस आयोजन में सुसनेर विधानसभा के 307 पोलिग बूथों से कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन शामील होगें। पिछले वर्ष भी इसी तरह का आयोजन पूर्व विधायक जोशी के द्वारा किया गया था। आपको बता दे कि इस आयोजन को लेकर कुछ दिनों पूर्व मोरूखेंडी मंदिर में बैठक का आयोजन भी किया गया था। इस आयोजन को लेकर बैठक में रूपरेखा तैयार की गई थी। बैठक में प्रत्येक गांव से 10 से अधिक कार्यकर्ताओं को इस आयोजन में शामील होने का निमंत्रण दिया है।

# एक किलो अफीम संग युवक धराया, पंजाब देने जा रहा था अफीम



**मंदसौर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मंदसौर की दलौदा थाना पुलिस ने एक बाइक सवार के कब्जे से डेढ़ लाख रुपए कीमत की 1 किलो अवैध मादक पदार्थ अफीम बरामद की है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मादक पदार्थ तस्करी का अपराध दर्ज किया है। दलौदा थाना प्रभारी संजीव सिंह परिहार ने बताया कि पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक बाइक सवार अवैध अफीम की तस्करी कर उसे पंजाब पहुंचने वाला है। मुखबिर से मिली सूचना पर पुलिस ने महू नीमच फोर लाइन हाईवे कचनारा पुलिस चौकी के निकट नाकाबंदी करते हुए मुखबिर द्वारा बताए गए हुलिए की बाइक क्रमांक एमपी 14 एमएल 9642 को रोककर बाइक सवार प्रहलाद पिता घनश्याम विश्वकर्मा उम्र 31 साल निवासी गरोड़ा थाना भावगढ़ को हिरासत में लेकर उसकी तलाशी लेने के दौरान उसके कब्जे से 1 किलो अवैध मादक पदार्थ अफीम बरामद की गई। पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह पाडलिया लालमुहा निवासी मनीष पिता भुवानी लाल धनगर से लेकर आया था और पंजाब निवासी शख्स सिन्दा उर्फ सुरेंद्र सिंह को देने जा रहा था। इस दौरान पुलिस के हत्थे चढ़ गया। बरामद की गई अफीम की कीमत डेढ़ लाख रुपए आंकी जा रही है। मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस के तहत प्रकरण दर्ज किया है। अफीम देने वाले और लेने वाले को भी सह आरोपी बनाया गया है।

## झूलते तारों के कारण सूखे गेहूं में लगी आग किसान को हुआ लाखों रुपए का नुकसान







**सलसलाई/किशोर नाथ राजगुरु/दैनिक मालवा हेराल्ड।** समीपस्थ ग्राम लसूडिया मेंह मैं शार्ट सर्किट के कारण अचानक 10 बीघा से अधिक खड़ी सुखी गेहूं की फसल में आग लग गई जिससे किसान को लाखों रुपए का नुकसान हुआ प्राप्त जानकारी के अनुसार झूलते लटकते तारों के कारण ग्रामीण को शॉर्ट सर्किट होने से लाइन के नीचे किसान दिलीप सिंह पिता विक्रम सिंह जितेंद्र पिता बने सिंह राजपूत निवासी लसूडिया मेंह के खेत में आग लग गई चिंगारी विद्युत विभाग के गिरने करण जहां करीब 10 बीघा से अधिक की फसल पूरी तरह जलकर खाक हो गई जहां मौके पर आसपास के खेतों पर काम करने वाले लोगों ने देखा तत्काल उस पर काबू पाने की कोशिश की वहीं पुलिस थाना सलसलाई पर सूचना दी जहां मौके पर डायल हंड्रेड के सांथ थाना प्रभारी पहुंचे जहां फायर ब्रिगेड को भी फोन कर तत्काल बुलाया थोड़ी देर से पहुंची फायर बिग्रेड कारण काफी दूर से आने से अधिक नुकसान हो गया समय से अगर फायर ब्रिगेड पहुंच जाती है तो काफी कम नुकसान होता है।

# धार्मिक प्रकल्पों के साथ मना गच्छाधिपति का जन्मोत्सव

**बडनगर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** वर्तमान गच्छाधिपति,धर्म दिवाकर, पुण्य सम्राट के पट्टधर,आचार्य देवेश श्रीमद् विजय नित्यसेन सूरिश्वर जी म.सा.बका 74 वा जन्मोत्सव चेत्र विदी छठ दिनांक 13 मार्च 2023 सोमवार को आस्था व श्रद्धा के साथ मनाया गया प.पू. गुरुदेव आत्मा साधना के साथ अजोड़ शासन प्रभावना कर गुरु गच्छ को ज्योतिर्मय कर रहे है।अ.भा.श्री राजेंद्र जैन नवयुवक परिषद् एवं परिषद परिवार द्वारा श्री संघ के सहयोग से गुरुदेव के जन्मोत्सव पर साध्वी श्री तत्व लता श्री जी महाराज साहब आदि ठाणा तीन की निश्रा में विभिन्न आयोजन हुए शक्स्त्रव अभिषेक प्रातरू 7रू00 बजे।अजितनाथजी मंदिर मे।हुए इस अवसर पर प्रीति खाबिया सहित समाजजन उपस्थित थे पश्चात प्रवचन व गुरुगुनानुवाद सभा का का आयोजन हुआ गुनानुवादसभा में तत्वलताश्री जी महाराज साहब कुसुम लता श्री जी महाराज साहब अमिझरा श्री जी महाराज साहब ने जीवन में गुरु का महत्व बताते हुए प्रकाश डाला गुरु जीवन पर जिनाग्यशा श्री जी महारासा ने गीत की सुंदर प्रस्तुति दी इस अवसर पर शांतिलाल जी गोखरू ने भी गूरुदेव के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कार्यक्रम की जानकारी प्रस्तुत की कार्यक्रम का संचालन रोहित ओरा ने किया प्रशन मंच




कार्यक्रम के अंतर्गत गुरु के 36 गुण के आधार पर 36 प्रश्न उत्तर पूछे गए सभी को पुरस्कार वितरित किए गए । गीता भवन व अन्नपूर्णा न्यास पर जरूरतमंदों को भोजन करवाया दोपहर को महिला एवम बहु परिषद के साथ महिलाओं ने सामूहिक सामयिक एवं जाप किये इस अवसर पर पूज्य महाराज साहब तत्व लता श्री महाराज साहब के सांसारिक परिवार मोतीलाल जी भटेवरा रतलाम परिषद परिवार एवं महेंद्र कुमार दिलीपकुमार पगारिया परिवार द्वारा भी प्रभावना वितरित की गई समस्त कार्यक्रम में अजय सियाल वीरेंद्र राठौड़ बाबुलालजी तलेसरा अर्चित गोखरू नमन छाजेड़ सहित संघ एवम परिषद परिवार के महानुभाव उपस्थित थे उपरोक्त जानकारी राजकुमार नाहर द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में दी गई।

## नपा के दैवेभो कर्मचारियों ने नियमिति करने के लिए दिया ज्ञापन



**मंदसौर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** सोमवार को मंदसौर नपा कार्यालय में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी कर्मचारीयो ने विनिमितीकरण की मांग को लेकर नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर को ज्ञापन सौंपा। देवेभौ कर्मचारी राकेश तंवर, नागेश माली, संजय खिमसेरा, शिवशंकर भावसार, सुरेश गोस्वामी, कमलेश प्रजापत ने दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों की ओर से नपा कार्यालय में कार्यरत कर्मचारियो को विनिमित किये जाने की मांग की।

## अंतराष्ट्रीय संगोष्ठी में दूसरी बार सम्मानित हुए डॉ. हिमांशु यजुर्वेदी




**मंदसौर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** राष्ट्रहित फाउंडेशन ट्रस्ट बीकानेर द्वारा ''सेव द ह्यूमैनिटी'' थीम पर आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी हुई, जिसमें दुबई, बहरीन, कुवैत, मस्कट, नेपाल, भूटान, ओमान, अरब अमीरात, यूक्रेन, शारजहां अन्य 20 देशों से प्रतिनिधि आये थे, साथ ही देश के सभी राज्यों से विभिन्न सामाजिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले देश के 780 जिलों से तकरीबन 500 आमंत्रित प्रतिनिधि एकत्रित हुए। रक्तदान के क्षेत्र में 26 वर्षो से कार्य करने, रक्तदान की अलख जनमानस में जगाने और थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के सेवार्थ कार्य करने पर मंदसौर के मनोचिकित्सक डॉ. हिमांशु यजुर्वेदी को दूसरी बार अंतराष्ट्रीय मंच पर ''ग्लोबल ह्यूमैनिटी चेंज मेकर'' अवार्ड से सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि डॉ यजुर्वेदी को इसी सेवा क्षेत्र में सतत सेवा कार्य करने के चलते पूर्व में 3 राज्य, 11 राष्ट्रीय और 1 अंतराष्ट्रीय सम्मान और रक्त उपाधियां प्राप्त हो चुकी है।

### उत्साह उमंग से मना रंगपंचमी का उत्सव

# होली के दिन दिल मिल जाते है दुश्मन भी गले मिल जाते है



**बड़नगर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** होली प्रेम एकता भाईचारे का त्योहार है जो नगर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया किंतु रंगपंचमी ऐसा त्योहार है जिसमें आदमी अलग है अंदाज में मनाता है मालवा क्षेत्र में रंग पंचमी एक उत्सव के रूप में मनाया जाता हैं स्थानीय गांधी चौक में कांग्रेस कार्यालय के बाहर हजारों हजारों होली के हुलीयारों ने मस्ती से नाचते गाते रंग गुलाल उड़ाते हुए जश्न मना रहे थे विधायक मुरली मोरवाल ने सभी आगंतुकों को गुलाल लगाकर उनका भाव भीना स्वागत कर रहे थे गांधी चौक के एक विशाल मंच पर डी.जे. की धुन पर राजस्थानी नृत्य कलाकारों द्वारा होली गीतों पर नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी जा रही थी पानी के फव्वारे में रंगों के रसिया नाचते हुए थिरकते रहे थे विधायक मोरवाल पर भी रंगपंचमी का रंग चढ़ा हुआ था मस्ती के अंदाज में उन्होंने ढोल बजाकर सभी को थिरकने पर मजबूर कर दिया वही बैलगाड़ी पर सवार होकर सभी का अभिवादन स्वीकार कर रहे थे मंच से संबोधित करते हुए उन्होंने नगर वासियों को रंग पंचमी की शुभकामना देते हुए कहा कि एकता भाईचारे प्रेम का यह उत्सव हमेशा की तरह आपने मिलजुल कर मनाया इसलिए मैं आपका धन्यवाद देता हूं इसी परंपरा को हमेशा बनाए रखें इस अवसर पर पुलिस प्रशासन की नगर में माकूल व्यवस्था रही नगर के विभिन्न मोहल्लों में युवा पानी के फव्वारे में होली के गीतों रंगों के साथ मनाया। इस अवसर पर रंग गुलाल लगाकर विधायक मोरवाल को शुभकामनाएं दी आपके साथ स्लपाहार का वितरण भी किया गया मस्ती के इस माहौल में डॉ. नरेन्द्रसिंह राठोर, प्रवीण बीलाला लालू, सुनील गोलेचा, अनिल शर्मा, करण मोरवाल, लक्की मोरवाल, सुनिल मकवाना, मोहनसिंह पावादार, हिरालाल चौधरी, वाल्मिक कोषिक, नरेन्द्र परमार, मोहनलाल त्रिवेदी, करण राठोर, प्रमोद गदीया, राकेष संघवी, पप्पु गिरधाणी, हजारों की सख्या में नगर के गणमान्य नागरीक जन उपस्थित थे।

## माधव महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने समझी विधानसभा की कार्यवाही



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेरल्ड।** शासकीय माधव महाविद्यालय, उज्जैन के स्नातक एवं स्नातकोत्तर राजनीति विज्ञान के विद्यार्थियों ने विधानसभा की चलित कार्यवाही का अवलोकन किया। विद्यार्थियों ने प्रश्न काल, ध्यान आकर्षण प्रस्ताव, संकल्प सहित अनेक विधायी प्रक्रियाओं को अवलोकन कर समझा। इससे पूर्व महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ जवाहरलाल बरमैया ने प्रातः काल में बस को हरी झंडी दिखा कर भोपाल हेतु रवाना किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ आयशा सिद्दीकी, डॉ नीरज सारवान, डॉ मधुबाला अग्रवाल, प्रो भावना कुशवाह , डॉ हुक्का कटारा, डॉ संदीप लांडे, प्रो संजय बघेल सहित महाविद्यालय के विद्यार्थी, लवेन्द्र सिंह चौहान, नितिन परमार, मोहित रावल, कृष्णपाल ठाकुर, आदित्य ठाकुर, शुभम मकवाना, अंकित पांचाल, मनोहर सूर्यवंशी, साधना पाटीदार, बिना पंवार, मोनिका मालवीय, विजय पंवार, शुभम चौहान, चंचल, अरुण बैरागी, पूजा सारवान आदि विशेष रूप से उपस्थित रहें। यह शैक्षणिक भ्रमण विश्व बैंक परियोजना से वित्तपोषित रही।

# हसीना बुआ की मुख्य अतिथि के तौर पर इस कार्यक्रम अपनी भागीदारी दर्ज की

### हसीना बुआ को इस भारत रत्न पुरस्कार के लिए नवाजा को ढेर सारी शुभकामनाएं दी



**खाचरोद/दैनिक मालवा हेराल्ड।** नई दिल्ली गांधीपैलेस फाउंडेशन सभागृह में उपभोक्ता मानवाधिकार रक्षा समिति एंटी करप्शन बोर्ड का वार्षिक वर्षगांठ का कार्यक्रम सम्मिलित हुआ जिसमें देश के 23 राज्यों से आए हुए पदाधिकारी गण पत्रकारों ने अपने शिरकत की जिसमें दिल्ली राजस्थान गुजरात महाराष्ट्र कोलकाता यूपी झारखंड कर्नाटक हैदराबाद गुजरात मुंबई बनारस जयपुर वह मध्यप्रदेश के पदाधिकारियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर मध्यप्रदेश वह मानव अधिकार रक्षा समिति की राष्ट्रीय अध्यक्ष वह मध्यप्रदेश का गौरव मंदसौर जिले का नाम पूरे देश में रोशन करने वाली समाजसेवी और राष्ट्रीय अध्यक्ष मानव अधिकार रक्षा समिति की हसीना बुआ की मुख्य अतिथि के तौर पर इस कार्यक्रम अपनी भागीदारी दर्ज की वह अपने नाम समाज के हितों में कार्य करके भारत रत्न का पुरस्कार अपने नाम किया संस्था के वरिष्ठ पदों पर नियुक्त पदाधिकारियों ने हसीना बुआ को इस भारत रत्न पुरस्कार के लिए नवाजा को ढेर सारी शुभकामनाएं दी मंदसौर जिले से अपने कई साथियों के साथ इस कार्यक्रम में सम्मिलित हुई देश के कोने-कोने से आए हुए पदाधिकारियों का स्वागत अभिनंदन आभार व्यक्त किया गया।

## आज लगेगा खिड़कीमाता का मेला, भजन संध्या का होगा आयोजन



**मंदसौर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** 14 मार्च को मंदसौर बायपास मार्ग स्थित खिड़की माता मंदिर परिसर में नपा परिषद के द्वारा खिड़की माता मेला का आयोजन किया जायेगा। 14वें खिड़कीमाता मेला के अवसर पर दिल्ली की मोंटी नटराजन की भजन संध्या होगी। मेला की सभी तैयारियां पूर्ण हो चुकी है। नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर एवं मेला समिति सभापति मंजू मालवीय ने मेला समिति के सदस्यों एवं नपा के कर्मचारियों के साथ मेला स्थल का निरीक्षण किया। नपाध्यक्ष गुर्जर ने मेला लिपिक राजेन्द्र नीमा को निर्देश दिए। पेयजल की व्यवस्था के साथ ही सफाई संबंधी प्रबंध भी किये जाये।

## ग्रीष्म ऋतु के चलते जल प्रदाय के समय मे परिवर्तन - गेहलोत

**नागदा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** नगर पालिका परिषद अध्यक्ष श्रीमति सन्तोष ओपी गेहलोत के मार्गदर्शन में नगर में 2 समय जल प्रदाय हो रहा है ग्रीष्म ऋतु के चलते हुए सभी नगरवासियों का ध्यान रखते हुए नपा अध्यक्ष गेहलोत व उपाध्यक्ष सुभाष चंद शर्मा जल कार्य सभापति प्रकाश जैन द्वारा समय का परिवर्तन करते हुए मिर्ची बाजार टँकी भार्गव कॉलोनी टँकी बगला कॉलोनी टँकी से होने वाले जल प्रदाय का समय 15 मार्च से वर्तमान समय से 1 घण्टा पहले जल प्रदाय किया जाएगा। समस्त नगरवासियों को सूचित हो ।मुख्य नपा अधिकारी सी एस जाट द्वारा बतया गया हे कि जीन जल उपभोक्ताओं के घर के नल से व्यर्थ बहते हुए पाए जाने पर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

## क्षेत्र में आत्महत्या के मामले बढ़ना गंभीर विषय

**बदनावर/मनीष शर्मा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** इंसानी स्वभाव कुछ विषयों को लेकर बहुत संवेदनशील होता है। हम हमेशा खुश दिखें, लोग हमारे बारे में अच्छा ही सोचें, हम कभी कमजोर न पड़ें, ऐसे तमाम प्रयास सतत रूप से करता रहता है, पर क्या वास्तव में सबकुछ जैसा आप सोचते हैं वैसा ही होता रहे, ऐसा संभव है? आप खुद से ही इसका जवाब मांगिएगा, हर बार आपको नहीं सुनने को मिलेगा। पर यह नहीं जब ज्यादा प्रभावी होने लगता है तो इसका असर हमारे मन को नकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकता है। क्षेत्र में भी पिछले कुछ माह में आत्महत्या मामलों में बड़ोत्री हुई है, जो बहुत ही गंभीर विषय है। अधिकतर मामले में प्रेम प्रसंग, आर्थिक समस्या, गृह कलेश, बेरोजगारी, शिक्षा में प्रतिस्पर्धा लेकर अधिक है। इस तरह के हादसों से परिवार सहित परिचित भी सदमे में आ जाते है।


## जाहिर सुचना

मैं शरद राव कदम, 64 वर्ष, मेरी पत्नी अनीता कदम, 57 वर्ष, पिछले कई सालों से स्वास्थ सबंधी परेशानियों से गुज़र रहे हैं। मेरा पुत्र अपूर्व कदम, 37 वर्ष, का दिनक 28 जून 2020 को शिवानी पवार, 32 वर्ष, इंदौर के साथ इंदौर में कोरोना काल के दौरान, हिंदू रीति रिवाज के अनुसार, बिना किसी दान दहेज के विवाह हुआ था।

मेरा पुत्र 2018 से कतर मैं नौकरी कर रहा है। दोनों एक वर्ष से कतर में निवास रत हैं। जून 2020 से दिसंबर 2020 तक वर्क फॉम होम के दौरान भी विभिन्न स्थानों में हमसे अलग रहे। दिसंबर 2020 में पुत्र के जाने के बाद पुत्रवधु कोरोना काल में वीज़ा न बनने के कारण इंदौर में अपने माता पिता के घर ही रही।

वह दोनों हमारे प्रति अपने पुत्र और पुत्र वधू होने की किसी भी ज़िमेदारी का पालन नहीं कर रहे हैं। हम संपूर्ण रूप से अपने सबंधियों पर आश्रित हैं।मैं

अपने पुत्र अपूर्व कदम और पुत्र वधू शिवानी कदम से संबंध विचेद कर रहा हूँ। उनसे किसी भी प्रकार का लेन देन या अन्य व्यवहार का मैं उतरदायी नहीं हूँ। मैं और मेरा परिवार का उनसे कोई सरोकार, संबंध या वास्ता नहीं है।

-शरद राव कदम


## पुलिया निर्माण के सम्बन्ध में ग्रामवासियों ने एसडीएम को ज्ञापन सोपा

**बड़नगर/दैनिक मालवा हेराल्ड।**मध्य प्रदेश सरकार के बजट में बड़नगर विधानसभा के ग्राम खंडवासुरा में पुलिया निर्माण की स्वीकृति व इस हेतु राशि आवंटित भी की गई है उक्त पुलिया के निर्माण हेतु जिस स्थल का चयन किया गया है वह पूर्णत अनुचित है और पुलिया निर्माण हेतु अनुचित स्थल के चयन से व राशि आवंटन से अनेकों गांव के ग्रामीण जनों में रोष व्याप्त है क्योंकि ग्राम खंडवासुरा में पुलिया बनने से और इस पर खर्च होने वाली 7 करोड़ 50 लाख की राशि क्षेत्र की जनता के लिए अनुपयोगी होगी और पुलिया सिर्फ एक गांव के उन्ही नागरिकों का भला करेगी इस सम्बन्ध में समस्त ग्रामवासियों ने एसडीएम को ज्ञापन सोपा द्य इस अवसर पर रतनसिंह एकंचनसिंह ए भेरुलाल सांखला ए विनोदसिंह एजालमसिंह एकेशव गुर्जर एफूलसिंह पंवार सहित समस्त ग्रामवासी उपस्तिथ थे।


## उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन

### (जाहिर सूचना)

प्राधिकरण की **नानाखेड़ा वेदनगर** आवासीय योजना में आवंटित भवन/भूखण्ड/दुकान **क्रमांक ए-23/16 श्रेणी एमआईजी** को लीजहोल्ड से भू-स्वामी अधिकार में संपरिवर्तन के संबंध में।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उज्जैन विकास प्राधिकरण की नानाखेड़ा वेदनगर आवासीय योजना में भवन/भूखण्ड/दुकान **क्रमांक ए-23/16 श्रेणी एमआईजी** प्राधिकारी के रिकार्ड में **श्री दीपक भटनागर पिता कृष्ण कुमार भटनागर निवासी- ए-23/16, एमआईजी वेदनगर नानाखेड़ा, उज्जैन** के नाम पर दर्ज है। प्राधिकरण कार्यालय में आवेदक के द्वारा आवेदन फार्म के साथ शपथ पत्र एवं अन्य वांछित दस्तावेज आदि प्रस्तुत कर उक्त सम्पत्ति को लीजहोल्ड से भू-स्वामी अधिकार में संपरिवर्तन करने हेतु निवेदन किया गया है।

आवंटी द्वारा उक्त सम्पत्ति के प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर प्राधिकारी अभिलेखों में लीज की उक्त सम्पत्ति को लीजहोल्ड से भू-स्वामी अधिकार में सम्परिवर्तन किये जाने में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति प्रकाशन होने की दिनांक से पन्द्रह दिन (15 दिवस) की अवधि में अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय उज्जैन विकास प्राधिकरण, उज्जैन भरतपुरी प्रशासनिक प्रक्षेत्र, उज्जैन में प्रस्तुत करें, अन्यथा मियाद समाप्ति के पश्चात् उक्त सम्पत्ति को औपचारिकतायें पूर्ण होने पर अर्थात समस्त दस्तावेज तथा बकाया राशियाँ जमा होने पर आवेदन तथा दस्तावेज के आधार पर उक्त सम्पत्ति भू-स्वामी अधिकार (फ्रीहोल्ड) कर दी जावेगी जिसमें किसी की कोई आपत्ति / उज्र मान्य नहीं होगी।

**सहायक सम्पदा अधिकारी**
**उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन**


## भारतीय डाक विभाग का प्रतिष्ठित पुरस्कार ढाई आखर आशुतोष तिवारी को मिला



**बडनगर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** भारतीय डाक विभाग, संचार मंत्रालय भारत सरकार का प्रतिष्ठित पुरस्कार ढाई आखर आशुतोष तिवारी को प्राप्त हुआ। भारतीय डाक विभाग, नई दिल्ली की राष्ट्रस्तरीय पत्र लेखन प्रतिस्पर्धा ढाई आखर वर्ष 2022 के लिए विषय विजन फॉर इंडिया-2047 निर्धारित किया गया था। 18 वर्ष से अधिक आयुवर्ग समूह में अंतर्देशीय पत्र कार्ड पर मात्र 350 शब्दों में अपने विचार लिखकर आशुतोष तिवारी ने द्वितीय प्रादेशिक पुरस्कार प्राप्त किया।

विभाग ने उन्हें दस हजार रुपये की धनराशि प्रदान की। आशुतोष तिवारी शासकीय महाविद्यालय, बडनगर के वाणिज्य संकाय के छात्र हैं तथा उत्कृष्ट विद्यालय बड़नगर में पदस्थ रहे शिक्षक डॉ. संजीव कुमार तिवारी के हैं।पुत्र असंख्य प्राप्त प्रविष्टियों में से चयनित हो कर पुरस्कृत हुए आशुतोष तिवारी को उपनिदेशक डाकविभाग मध्यप्रदेश परिमंडल भोपाल एवं एस.के. ठाकरे प्रवरअधीक्षक डाकघर मालवा संभाग उज्जैन, प्राचार्य लक्ष्मण चेलाणी, प्रो. सुनील उदीवाल आदि ने शुभेच्छाएं व्यक्त की।

## सम्पादकीय

# हमारा अनूठा संसदीय लोकतंत्र

सोमवार से संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण शुरू हो रहा है जिसमें वित्त विधेयक पारित किये जाने के साथ ही अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा होगी परन्तु पहले चरण की राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव को लेकर हुई चर्चा का नजारा हमारे सामने है। संसदीय लोकतन्त्र में यदि संसद को ही अप्रासंगिक बनाने की कोशिश इसमें मौजूद सत्ता या विपक्ष के किसी भी पक्ष द्वारा की जाती है तो इसे अपनी 'बुनियाद' पर खुद ही कुल्हाड़ी चलाने की मानिन्द देखा जाता है और समझा जाता है कि जिस संसद में देश के 130 करोड़ लोगों से अधिक के चुने हुए प्रतिनिधि बैठे हैं वह निरूपाय हो गई है। हमारे संविधान निर्माताओं ने संसद को हर हालत में जीवन्त बनाये रखने के लिए जो व्यवस्था खड़ी की उसमें सर्वाधिक महत्ता विपक्ष को दी और यहां तक कहा कि संसद पर पहला अधिकार विपक्ष का ही होता है (डा. भीमराव अम्बेडकर 26 नवम्बर, 1949)। इसके लिए संसद के सदस्यों के विशेषाधिकार तय किये गये जिन्हें दल-गत आग्रहों से ऊपर उठकर प्रत्येक सांसद को दिया गया। इनमें सबसे बड़ा अधिकार संसद के भीतर किसी भी सांसद को बेखौफ होकर अपनी आवाज उठाने का अधिकार है। इसके लिए संसद के भीतर जो व्यवस्था की गई वह भी सत्तारूढ़ किसी भी दल की सरकार के प्रभाव से निर्लिप्त रहने की गई और लोकसभा अध्यक्ष को सांसदों के अधिकारों का संरक्षक बनाया गया और संसद के भीतर किसी भी संसद सदस्य के दिये गये वक्तव्य को किसी भी प्रकार की न्यायिक जांच के दायरे से बाहर रखा गया और अध्यक्ष को इस बाबत वे न्यायिक अधिकार दिये गये जिससे वह सांसद के किसी भी विवादास्पद वक्तव्य की संसद की कार्यवाही चलाने के लिए बने नियमों के भीतर न्यायिक समीक्षा कर सकें। ये नियम स्वयं सांसदों द्वारा ही बनाये गये क्योंकि संसदीय लोकतन्त्र में संसद सार्वभौम है। परन्तु अध्यक्ष की न्यायप्रियता और निष्पक्षता को सिद्ध करने के लिए भी सांसदों को ही अधिकृत किया गया और उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने का हक भी उन्हें दिया गया। स्वतन्त्र भारत की पहली संसद में ही 1956 में अध्यक्ष श्री जी.वी. मावलंकर के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था जो कि गिर गया था परन्तु संसद के उच्च सदन राज्यसभा के लिए उपराष्ट्रपति को सभापति का पदेन सभापति अर्थात अध्यक्ष बनाने की परंपरा डाली गई। इस सदन को 'राज्यों की परिषद' कहा गया। इस सदन में पहुंचने वाले सदस्य विभिन्न राज्यों की विधानसभाओं के सदस्यों द्वारा ही चुने जाते हैं। अतः राज्यों के संघ (यूनियन आफ इंडिया) के प्रतिनिधियों के इस सदन के सभापति पद पर उपराष्ट्रपति को बैठाने का मूल मन्तव्य यही था कि भारत के संविधान के संरक्षक राष्ट्रपति के सहायक उपराष्ट्रपति की छत्रछाया में देश की संसद राष्ट्र की एकता का प्रतिबिम्ब बनी रहे। इसके साथ ही केवल राष्ट्रपति के आदेश पर ही संसद का सत्र प्रारम्भ या इसका सत्रावसान किया जाता है, अतः राष्ट्रपति संसद के प्रमुख अंग होते हैं। परन्तु संसद के बजट सत्र के पहले चरण के दौरान राज्यसभा में जो कुछ भी घटा उसे लेकर आज सर्वाधिक चर्चा उपराष्ट्रपति महोदय जगदीप धनखड़ को लेकर ही हो रही है। इसकी वजह यह भी है कि राज्यसभा के बाहर भी संसद की कार्यवाही के सम्बन्ध में उन्होंने कई बयान दिये। हमने देखा है कि संसद के दोनों सदनों में जब सत्ता पक्ष और विपक्ष के सांसद बहस करते हैं तो अध्यक्ष के आसन पर बैठे हुए सभापति न्यूनतम हस्तक्षेप करते हैं। इसकी वजह यही है कि उनका पद एक न्यायाधीश का पद होता है। वह स्वयं सत्ता और विपक्ष में से किसी भी पक्ष के पैरोकारी नहीं कर सकते। क्योंकि ऐसा आभास देते ही वह अपने पद से जुड़ी संवैधानिकता से उपजी नैतिकता के विपरीत जा सकते हैं। इसी वजह से सदन के भीतर उनके द्वारा दिये गये निर्णय को अन्तिम माना जाता है। संसद के भीतर इसी वजह से सरकार की सत्ता नहीं चलती और अध्यक्ष का आदेश ही कानून होता है। वह सरकार से निरपेक्ष रहकर अपने दायित्व का निर्वाह करते हैं और उनका पृथक सचिवालय होता है। हालांकि उपराष्ट्रपति सरकार का भाग होते हैं मगर जब वह सभापति के आसन पर विराजते हैं तो देश के समस्त राज्यों के प्रतिनिधियों के संरक्षक हो जाते हैं जिनमें सभी राजनैतिक दलों के सदस्य होते हैं। देश की राजनैतिक विविधता के बीच सत्ता और विपक्ष के सांसदों को अपनी-अपनी आवाज बुलन्द रखने की गारंटी सभापति ही देते हैं जिसकी वजह से सदन के भीतर वह न्यायाधीश की भूमिका में आ जाते हैं और राष्ट्रीय एकता के पुरोधा हो जाते हैं। यह व्यवस्था हमारे पुरखों ने बहुत मेहनत और मशक्कत करके तथा पूरा दिमाग लड़ाकर बनाई थी। संविधान सभा में द्विसदनीय (बाइकेमरियल) संसद की व्यवस्था के बारे में चली लम्बी बहस इसका उदाहरण है। मगर डा. अम्बेडकर ने एक चेतावनी यह भी दी थी कि जो व्यवस्था हम बना रहे हैं उसे चलाने वाले व्यक्ति ही होंगे, अतः उनकी सदाकत बहुत मायने रखेगी। यही तो खूबसूरती है हमारे संसदीय लोकतन्त्र की जिसे दुनिया का सबसे बड़ा लोकतन्त्र कहा जाता है।

# भवसागर का सार स्वाहा है और उद्देश्य स्वधा है : श्री माताजी

## स्वधा की प्राप्ति ही सहजयोग है



परमात्मा से भवसागर से पार कराने की विनती हम अक्सर भजनों में सुनते रहते हैं। तथा अधिकांश व्यक्ति यह सोचते हैं कि मृत्यु के समय हमें भवसागर को पार कर जाना होगा। परन्तु वास्तविकता यह है कि भवसागर को जीवित जागृत अवस्था में ही पार किया जा सकता है। मनुष्य का शरीर स्वयं में एक संपूर्ण ब्रह्मांड है। हमारे शरीर में अनेक चक्रों, नाड़ियों व कुंडलिनी शक्ति को अत्यंत ही सुंदर व सूक्ष्म तरीके से व्यवस्थित किया गया है। इसमें आत्मा श्री शिव का व कुंडलिनी श्री आदिशक्ति का प्रतिनिधित्व करती है। ज्ञान के अभाव में हमारी चेतना सांसारिक वस्तुओं व भौतिकता की ओर अधिक आकृष्ट होती है और हम प्रत्येक सांसारिक वस्तु का उपयोग करना चाहते हैं और यही भवसागर में डूबने का कारण है। सहजयोग संस्थापिका श्री माताजी ने वर्णन किया है कि,श्री कृष्ण ने कहा है कि मानव चेतना नीचे की ओर जाती है और मानव चेतना की जड़ें मस्तिष्क में होती हैं। और जब मनुष्य नीचे की ओर जाने लगता है तो वह परमात्मा के विपरीत दिशा में गति करता है। हम.... भवसागर में पैदा होते हैं.. भवसागर का सार स्वाहा है और उद्देश्य स्वधा है। स्वाहा का अर्थ है सेवन, सभी विषों का सेवन, हर चीज का सेवन। और स्वधा एक है। इसका अर्थ है कि स्व आत्मा है और ध का अर्थ है धारण करने वाला। तो आत्मा का धर्म, जब यह आप में आता है, तब आप गुरु बन जाते हैं। तो भवसागर में, यह स्वाहा और स्वधा दोनों हैं। स्वाहा से आपको स्वधा में जाना होगा। यदि आप स्वधा अवस्था में आ जाते हैं तो आपके भीतर महालक्ष्मी जागृत हो जाती हैं और आप ऊपर उठने लगते हैं। इसे 'उर्ध्वगति' कहा जाता है- उत्थान की ओर जाना। अवरोही पक्ष को 'अधोगति' कहा जाता है। आदिशक्ति स्वरूपा श्री माताजी गुरुओं की भी गुरु हैं व उनके द्वारा स्थापित सहजयोग मानव को भवसागर के पार ले जाने का अत्यंत सुगम मार्ग है। कुंडलिनी जागरण द्वारा आत्मसाक्षात्कार प्राप्त करने के पश्चात् आप अपने गुरुत्व के मार्गदर्शन में माया के बंधनों से मुक्त रहकर स्वधा को प्राप्त करने हेतु अग्रसर होते हैं। इतना ही नहीं वरन् आत्म ज्ञान के प्रकाश में कुंडलिनी शक्ति की ऊर्जा द्वारा प्रेममय व करुणामय तरीके से अनेकानेक साधकों को स्वाहा से स्वधा की ओर ले जा कर भवसागर से मुक्ति का मार्ग दिखा सकते हैं। भवसागर से मुक्ति का अर्थ संसार का त्याग नहीं वरन् संसार का उपभोग करते हुए, सृष्टि की संपदा का आनंद लेते हुए उससे अलिप्त रहना है। यही सहजयोग है।

सहजयोग से संबंधित जानकारी निम्न साधनों से प्राप्त कर सकते हैं। यह पूर्णतया निशुल्क है। टोल फ्री नं – 1800 2700 800 बेवसाइट? - sahajayoga.org.in यूट्यूब चैनल – लर्निंग सहजयोगा प्रति शनिवार शाम 06:30 बजे।

# शीतला सप्तमी-अष्टमी 2023 कब है? जानिए शुभ मुहूर्त, पूजा विधि, कथा, उपाय और मंत्र

**धर्म**



**पं. सतीश नागर**
श्री अन्नपूर्णा अनुष्ठान केन्द्र
मो. 9753585323

आने वाली चैत्र मास की कृष्ण पक्ष की सप्तमी-अष्टमी तिथि पर शीतला माता का खास पर्व शीतला सप्तमी-अष्टमी मनाया जाएगा। यह दिन पुत्रवती माताओं के लिए बहुत खास हैं, क्योंकि महिलाएं अपने पुत्र की लंबी आयु और अच्छी सेहत के लिए यह व्रत करती है।

मान्यता के अनुसार शीतला माता देवी भगवती दुर्गा का ही एक रूप है। अतः इनका पूजन करते हुए इस दिन माताएं ठंडा या बासी खाने का भोग लगाकर खुद भी यह ग्रहण करती है। शीतला सप्तमी तथा अष्टमी के एक दिन पूर्व ही कई प्रकार के पकवान माता शीतला को भोग लगाने के लिए तैयार करके अष्टमी के दिन उन्हें इन्हीं बासी पकवान को नैवेद्य के रूप में देवी शीतला माता को समर्पित किए जाते हैं।

## आइए जानते हैं मुहूर्त, पूजा की विधि, उपाय तथा मंत्र के बारे में-

शीतला सप्तमी-अष्टमी 2023 के शुभ मुहूर्त-
शीतला सप्तमी पूजा का समय एवं शुभ मुहूर्त-
शीतला सप्तमी 14 मार्च 2023, मंगलवार को
शीतला सप्तमी तिथि का प्रारंभ- 13 मार्च 2023 को 09.27 पी एम से
सप्तमी तिथि का समापन- 14 मार्च 2023 को 08.22 पी एम पर।
शीतला सप्तमी पर पूजन का शुभ मुहूर्त- 06.33 ए एम से 06.29 पी एम तक
कुल अवधि- 11 घंटे 56 मिनट्स
मार्च 14, 2023, मंगलवार : दिन का चौघड़िया
चर- 09.32 ए एम से 11.01 ए एम
लाभ- 11.01 ए एम से 12.31 पी एम
अमृत- 12.31 पी एम से 02.00 पी एम
शुभ- 03.30 पी एम से 04.59 पी एम
रात का चौघड़िया :
लाभ- 07.59 पी एम से 09.29 पी एम
शुभ- 11.00 पी एम से 15 मार्च को 12.30 ए एम तक।
अमृत- 12.30 ए एम से 15 मार्च को 02.00 ए एम तक।
चर- 02.00 ए एम से 15 मार्च को 03.31 ए एम तक।
शीतला अष्टमी 15 मार्च 2023, दिन बुधवार :

## शीतला अष्टमी पूजा का शुभ समय-

06.31 ए एम से 06.29 पी एम तक।
पूजन की कुछ अवधि- 11 घंटे 58 मिनट्स
चैत्र कृष्ण अष्टमी तिथि का प्रारंभ- 14 मार्च 2023 को 08.22 पी एम से
अष्टमी तिथि का समापन- 15 मार्च 2023 को 06.45 पी एम पर।
15 मार्च 2023, बुधवार : दिन का चौघड़िया
लाभ- 06.31 ए एम से 08.01 ए एम
अमृत- 08.01 ए एम से 09.31 ए एम
शुभ- 11.01 ए एम से 12.30 पी एम
चर- 03.30 पी एम से 04.59 पी एम
लाभ- 04.59 पी एम से 06.29 पी एम
15 मार्च रात का चौघड़िया :
शुभ- 07.59 पी एम से 09.29 पी एम
अमृत- 09.29 पी एम से 11.00 पी एम
चर- 11.00 पी एम से 16 मार्च को 12.30 ए एम,
लाभ- 03.30 ए एम से 16 मार्च को 05.00 ए एम तक।

## पूजा विधि-

- शीतला सप्तमी-अष्टमी के दिन अलसुबह जलदी उठकर माता शीतला का ध्यान करें।
- शीतला सप्तमी के दिन व्रती को प्रातः कर्मों से निवृत्त होकर स्वच्छ व शीतल जल से स्नान करना चाहिए।
- स्नान के पश्चात निम्न मंत्र से संकल्प लेना चाहिए- %मम ग्रहे शीतलारोगजनितोपद्रव प्रशमन पूर्वकायुरारोग्यैश्वर्याभिवृद्धिये शीतलाष्टमी व्रतं करिष्येऊ
- संकल्प के पश्चात विधि-विधान तथा सुगंधयुक्त गंध व पुष्प आदि से माता शीतला का पूजन करें।
- सप्तमी के दिन महिलाएं मीठे चावल, हल्दी, चने की दाल और लोटे में पानी लेकर पूजा करती हैं।
- पूजन का मंत्र- ऊहं श्रीं शीतलायै नमःऊ का निरंतर उच्चारण करें।
- माता शीतला को जल अर्पित करें और उसकी कुछ बूंदे अपने ऊपर भी डालें। जो जल चढ़ाएं और चढ़ाने के बाद जो जल बहता है, उसमें से थोड़ा जल लोटे में डाल लें। यह जल पवित्र होता है। इसे घर के सभी सदस्य आंखों पर लगाएं। थोड़ा जल घर के हर हिस्से में छिड़कना चाहिए। इससे घर की शुद्धि होती है।
- इसके पश्चात एक दिन पहले बनाए हुए (बासी) खाद्य पदार्थों, मेवे, मिठाई, पूआ, पूरी, दाल-भात आदि का भोग लगाएं। ज्ञात हो कि शीतला सप्तमी के व्रत के दिन घरों में ताजा भोजन नहीं बनता है। अतः भक्त इस दिन एक दिन पहले बने भोजन को ही खाते हैं और उसी को मां शीतला को अर्पित करते हैं।
- तत्पश्चात शीतला स्तोत्र का पाठ करें और कथा सुनें।
- कथा पढ़ने के बाद माता शीतला को भी मीठे चावलों का भोग लगाएं।
- रोगों को दूर करने वाली मां शीतला का वास वट वृक्ष में माना जाता है, अतः इस दिन वट पूजन भी करना चाहिए।
- कई स्थानों पर शीतला सप्तमी को लोग गुड़ और चावल का बने पकवान का भोग लगाते हैं। पूजा करने के बाद गुड़ और चावल का प्रसाद का वितरण भी किया जाता है। जिस घर में सप्तमी-अष्टमी तिथि को शीतला सप्तमी-अष्टमी व्रत का पालन किया जाता है, वहां घर में सुख, शांति बनी रहती है तथा रोगों से मुक्ति निजात भी मिलती है।
- इसी तरह चैत्र मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि पर भी देवी मां शीतला की पूजा करने का विधान है।

## कथा :

शीतला माता के पूजन संबंधी पौराणिक कथा के अनुसार एक बार एक राजा के इकलौते पुत्र को शीतला (चेचक) निकली। उसी के राज्य में एक काछी-पुत्र को भी शीतला निकली हुई थी। काछी परिवार बहुत गरीब था, पर भगवती का उपासक था। वह धार्मिक दृष्टि से जरूरी समझे जाने वाले सभी नियमों को बीमारी के दौरान भी भली-भांति निभाता रहा।

घर में साफ-सफाई का विशेष ख्याल रखा जाता था। नियम से भगवती की पूजा होती थी। नमक खाने पर पाबंदी थी। सब्जी में न तो छौंक लगता था और न कोई वस्तु भुनी-तली जाती थी। गरम वस्तु न वह स्वयं खाता, न शीतला वाले लड़के को देता था। ऐसा करने से उसका पुत्र शीघ्र ही ठीक हो गया।

उधर जब से राजा के लड़के को शीतला का प्रकोप हुआ था, तब से उसने भगवती के मंडप में शतचंडी का पाठ शुरू करवा रखा था। रोज हवन व बलिदान होते थे। राजपुरोहित भी सदा भगवती के पूजन में निमग्न रहते। राजमहल में रोज कड़ाही चढ़ती, विविध प्रकार के गर्म स्वादिष्ट भोजन बनते। सब्जी के साथ कई प्रकार के मांस भी पकते थे। इसका परिणाम यह होता कि उन लजीज भोजनों की गंध से राजकुमार का मन मचल उठता। वह भोजन के लिए जिद करता। एक तो राजपुत्र और दूसरे इकलौता, इस कारण उसकी अनुचित जिद भी पूरी कर दी जाती।

इस पर शीतला का कोप घटने के बजाय बढ़ने लगा। शीतला के साथ-साथ उसे बड़े-बड़े फोड़े भी निकलने लगे, जिनमें खुजली व जलन अधिक होती थी। शीतला की शांति के लिए राजा जितने भी उपाय करता, शीतला का प्रकोप उतना ही बढ़ता जाता। क्योंकि अज्ञानतावश राजा के यहां सभी कार्य उलटे हो रहे थे। इससे राजा और अधिक परेशान हो उठा। उसकी समझ में नहीं आ रहा था कि इतना सब होने के बाद भी शीतला का प्रकोप शांत क्यों नहीं हो रहा है।

एक दिन राजा के गुप्तचरों ने उन्हें बताया कि काछी-पुत्र को भी शीतला निकली थी, पर वह बिलकुल ठीक हो गया है। यह जानकर राजा सोच में पड़ गया कि मैं शीतला की इतनी सेवा कर रहा हूं, पूजा व अनुष्ठान में कोई कमी नहीं, पर मेरा पुत्र अधिक रोगी होता जा रहा है जबकि काछी पुत्र बिना सेवा-पूजा के ही ठीक हो गया। इसी सोच में उसे नींद आ गई।

श्वेत वस्त्र धारिणी भगवती ने उसे स्वप्न में दर्शन देकर कहा- ऊहे राजन ! मैं तुम्हारी सेवा-अर्चना से प्रसन्न हूं। इसीलिए आज भी तुम्हारा पुत्र जीवित है। इसके ठीक न होने का कारण यह है कि तुमने शीतला के समय पालन करने योग्य नियमों का उल्लंघन किया। तुम्हें ऐसी हालत में नमक का प्रयोग बंद करना चाहिए। नमक से रोगी के फोड़ों में खुजली होती है।

घर की सब्जियों में छौंक नहीं लगाना चाहिए क्योंकि इसकी गंध से रोगी का मन उन वस्तुओं को खाने के लिए ललचाता है। रोगी का किसी के पास आना-जाना मना है क्योंकि यह रोग औरों को भी होने का भय रहता है। अतः इन नियमों का पालन कर, तेरा पुत्र अवश्य ही ठीक हो जाएगा।ऊ विधि समझाकर देवी अंतर्ध्यान हो गईं। प्रातः से ही राजा ने देवी की आज्ञानुसार सभी कार्यों की व्यवस्था कर दी।

इससे राजकुमार की सेहत पर अनुकूल प्रभाव पड़ा और वह शीघ्र ही ठीक हो गया। इसी दिन भगवान श्री कृष्ण और माता देवकी का विधिवत पूजन करके मध्यकाल में सात्विक पदार्थों का भोग लगाने की मान्यता है। इस तरह पूजन एवं कथा वाचन से पुण्य की प्राप्ति तथा कष्टों का निवारण होता है।

## उपाय :

- शीतला सप्तमी का व्रत और पूजन अच्छी सेहत खुशियां देने वाला माना जाता है।
- मां शीतला का पूजन जीवन में सभी तरह के ताप से बचने के लिए सर्वोत्तम उपाय माना जाता है।
- शीतला सप्तमी तथा अष्टमी व्रत दुर्गंधयुक्त फोड़े, नेत्र रोग तथा शीतलाजनिक रोगों से मुक्ति के लिए बहुत फलदायी। अतः इस दिन माता का शीतल जल से अभिषेक-पूजन करने से देवी शीतला प्रसन्न होकर स्वस्थ रहने का वरदान देती है।
- शीतला सप्तमी-अष्टमी के दिन माता शीतला को जल अर्पित करके उसकी कुछ बूंदें अपने ऊपर डालना चाहिए, इस उपाय से शरीर की गर्मी दूर होकर माता का आशीष मिलता है।

माता शीतला को ठंडी चीजों का भोग लगाकर प्रसाद ग्रहण करने से जीवन खुशहाल बनता है।

## मंत्र :

- ऊहं श्रीं शीतलायै नमःऊ
- ऊ ह्रीं श्रीं शीतलायै नमःऊ
-ऊशीतले त्वं जगन्माता, शीतले त्वं जगत् पिता। शीतले त्वं जगद्धात्री, शीतलायै नमो नमःऊ।
- ऊवन्देऽहं शीतलां देवीं रासभस्थां दिगम्बराम् , मार्जनीकलशोपेतां शूर्पालंकृतमस्तकाम् ।ऊ
- अर्थात् मैं गर्दभ पर विराजमान, दिगंबरा, हाथ में झाड़ू तथा कलश धारण करने वाली, सूप से अलंकृत मस्तक वाली भगवती शीतला की वंदना करता/करती हूं।

शीतला सप्तमी कब है, जानें इस दिन क्यों लगाया जाता है बासी खाने का भोग

शीतला सप्तमी चैत्र मास के कृष्ण पक्ष की सप्तमी को कहते हैं और इस दिन मां शीतला को बासी भोजन का भोग लगाया जाता है और उनके सदैव स्वस्थ रहने की कामना की जाती है।

**इस बार यह तिथि 14 मार्च को है। यह व्रत होली के ठीक 7 दिन बाद रखा जाता है।**

शीतला सप्तमी होली के सात दिन बाद चैत्र मास के कृष्ण पक्ष की सप्तमी को होती है और शीतला अष्टमी को बासी खाने का भोग लगाकर शीतला माता की पूजा की जाती है। इस साल शीतला सप्तमी 14 मार्च को है। यह व्रत माताएं प्रमुख रूप से बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य और उनकी दीर्घायु की कामना के लिए रखती हैं।

आइए आपको बताते हैं इस व्रत का महत्व, पूजाविधि और शुभ मुहूर्त।

## शीतला सप्तमी का महत्व

शीतला सप्तमी पर मां दुर्गा के स्वरूप शीतला माता की पूजा की जाती है। साथ ही उन्हें बासी और ठंडे खाने का भोग लगाया जाता है। इस व्रत को करने आरोग्य का वरदान मिलता है। माता शीतला आपके बच्चों की गंभीर बीमारियों से रक्षा करते हैं। बच्चों की हर बुरी नजर से रक्षा होती है। इस त्योहार को कई स्थानों पर बासौड़ा भी कहते हैं। माताएं इस दिन गुलगुले बनाती हैं और शीतला अष्टमी के दिन इन गुलगुलों को अपने बच्चों के ऊपर से उबारकर कुत्तों को खिला दिया जाता है। ऐसी मान्यता है कि ऐसा करने से बीमारियां बच्चों से दूर रहती हैं।

## शीतला सप्तमी का शुभ मुहूर्त

हिंदू पंचांग के अनुसार, चैत्र माह के कृष्ण पक्ष की शीतला सप्तमी 13 मार्च 2023 को रात 9 बजकर 27 मिनट से आरंभ होगी और इसका समापन 14 मार्च को रात 8 बजकर 22 मिनट पर होगा। इसलिए उदया तिथि की मान्यता के अनुसार इसका व्रत 14 मार्च को रखा जाएगा।

## उत्तर भारत में कहा जाता है बासौड़ा

पश्चिमी उत्तर प्रदेश और राजस्थान व मध्य प्रदेश के कुछ स्थानों पर इस त्योहार को बासौड़ा कहते हैं। जो कि बासी भोजन का भोग लगाने के कारण कहा जाता है। इस त्योहार को मनाने के लिए लोग सप्तमी की रात को बासी भोजन तैयार कर लेते हैं और अगले दिन देवी को भोग लगाने के बाद ही ग्रहण करते हैं। कहीं पर हलवा पूरी का भोग तैयार किया जाता है तो कुछ स्थानों पर गुलगुले बनाए जाते हैं। गन्ने के रस की बनी खीर का भोग भी लगाया जाता है। ये सभी व्यंजन सप्तमी की रात को तैयार कर लिए जाते हैं और इनका अष्टमी का भोग लगाया जाता है।

## ऐसा है शीतला माता का स्वरूप

स्कंद पुराण में शीतला माता के स्वरूप का वर्णन किया गया है। इसके अनुसार शीतला माता गधे की सवारी करती है और हाथों में कलश, झाड़ू, सूप धारण किए रहती हैं। ऐसी मान्यता है कि माता शीतला की पूजा करने से बच्चों को निरोग रहने का आशीर्वाद प्राप्त होता है। बच्चों की बुखार, खसरा, चेचक, आंखों के रोग से रक्षा होती है। मां को बासी खाने का भोग लगाया जाता है, इसके पीछे ऐसा संदेश दिया जाता है कि अब पूरे गर्मियों के मौसम में ताजा ही खाने का प्रयोग करना है।

मंगलवार,14 मार्च 2023: श्रीगणेश की कृपा से आज किसे मिलेगा बिजनेस में लाभ, पढ़ें अपना राशिफल

## मेष राशि

आज का भविष्य : व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। बेचैनी रहेगी। प्रयास सफल रहेंगे। धनलाभ के अवसर हाथ आएंगे। सामाजिक कार्य करने में रुचि रहेगी। मान-सम्मान मिलेगा। निवेश शुभ रहेगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। कार्यसिद्धि होगी। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी।

**शुभ अंक : 08**
**शुभ रंग : स्लेटी**
**उपाय : किन्नरों को पैसा दान करें।**

## वृषभ राशि

आज का भविष्य : शत्रु सक्रिय रहेंगे। शारीरिक कष्ट संभव है। दूसरों के कार्य में हस्तक्षेप न करें। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। निवेश मनोनुकूल लाभ देगा। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता प्राप्त होगी। भाग्य का साथ मिलेगा। प्रसन्नता रहेगी।

**शुभ अंक : 07**
**शुभ रंग : हरा**
**उपाय : सफेद मिठाई का दान करें।**

## मिथुन राशि

आज का भविष्य : अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। बात बढ़ सकती है। परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। तनाव रहेगा। पुराना रोग उभर सकता है। लेन-देन में सावधानी रखें। किसी भी व्यक्ति की बातों में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें, लाभ होगा।

**शुभ अंक : 08**
**शुभ रंग : गुलाबी**
**उपाय : साबुत सुपारी का पूजन कर तिजोरी में रखें।**

## कर्क राशि

आज का भविष्य : धनहानि संभव है, सावधानी रखें। किसी व्यक्ति के व्यवहार से स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। विवाद से बचें। शत्रु शांत रहेंगे। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा लाभदायक रहेगी। व्यापार मनोनुकूल चलेगा। नौकरी में चैन रहेगा।

**शुभ अंक : 02**
**शुभ रंग : गहरा लाल**
**उपाय : हल्दी का दान करिये।**

## सिंह राशि

आज का भविष्य : कष्ट, तनाव व चिंता का वातावरण बन सकता है। शत्रु पस्त होंगे। धन प्राप्ति सुगम तरीके से होगी। नई योजना बनेगी। तत्काल लाभ नहीं होगा। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक कार्य करने में रुझान रहेगा। मान-सम्मान मिलेगा। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड इत्यादि से मनोनुकूल लाभ होगा।

**शुभ अंक : 01**
**शुभ रंग : काला**
**उपाय : बांसुरी वाले की पूजा करें।**

## कन्या राशि

आज का भविष्य : पूजा-पाठ में मन लगेगा। किसी साधु-संत का आशीर्वाद मिल सकता है। कोर्ट व कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेंगे। नौकरी में प्रभाव वृद्धि होगी। मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। लंबित कार्य पूर्ण होंगे। प्रमाद न करें।

**शुभ अंक : 02**
**शुभ रंग : पीला**
**उपाय : कपूर की आरती करें।**

## तुला राशि

आज का भविष्य : पुराना रोग उभर सकता है। दूर से दुःखद समाचार मिल सकता है। व्यर्थ भागदौड़ रहेगी। किसी व्यक्ति के व्यवहार से अप्रसन्नता रहेगी। अपेक्षित कार्य विलंब से होंगे। प्रयास अधिक करना पड़ेंगे। किसी व्यक्ति विशेष की नाराजी झेलना पड़ेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**शुभ अंक : 01**
**शुभ रंग : महरून**
**उपाय : मेहंदी का दान करें।**

## वृश्चिक राशि

आज का भविष्य : जल्दबाजी से चोट लग सकती है। दूर से शोक समाचार मिल सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। किसी अपने ही व्यक्ति से कहासुनी हो सकती है। थकान व कमजोरी रह सकती है। स्वास्थ्य पर खर्च होगा। चिंता तथा तनाव रहेंगे। नौकरी में कार्यभार रहेगा। भागदौड़ रहेगी। आय होगी। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**शुभ अंक : 09**
**शुभ रंग : स्लेटी**
**उपाय : मां लक्ष्मी की पूजा करें।**

## धनु राशि

आज का भविष्य : जल्दबाजी न करें। कोई समस्या खड़ी हो सकती है। शरीर शिथिल हो सकता है। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। भूमि व भवन इत्यादि की खरीद-फरोख्त की योजना बनेगी। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। आय में वृद्धि होगी। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। प्रमाद न करें।

**शुभ अंक : 05**
**शुभ रंग : नीला**
**उपाय : सुंदरकाण्ड का पाठ करें।**

## मकर राशि

आज का भविष्य : यात्रा मनोरंजक रहेगी। स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता प्राप्त करेगा। कारोबार में वृद्धि के योग हैं। व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य प्रभावित होगा। धन प्राप्ति सुगम होगी। मित्रों का सहयोग समय पर प्राप्त होगा। रुके कार्यों में गति आएगी। प्रसन्नता रहेगी। जोखिम न उठाएं।

**शुभ अंक : 03**
**शुभ रंग : हरा**
**उपाय : किसी विद्यार्थी को पुस्तक दान करें।**

## कुंभ राशि

आज का भविष्य : कानूनी अड़चन दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। थकान व कमजोरी रह सकती है। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। निवेश में जल्दबाजी न करें। नौकरी में शांति रहेगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। मित्रों का सहयोग रहेगा। कार्य समय पर पूर्ण होंगे।

**शुभ अंक : 05**
**शुभ रंग : सफेद**
**उपाय : शिवलिंग पर दूध से अभिषेक करें**

## मीन राशि

आज का भविष्य : घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा। नौकरी में संतोष रहेगा। निवेश शुभ रहेगा। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। विरोध होगा। विवाद से क्लेश होगा, इससे बचें। पुराना रोग उभर सकता है। परिवार की चिंता रहेगी। जल्दबाजी न करें।

**शुभ अंक : 03**
**शुभ रंग : स्लेटी**
**उपाय : सूर्य को जल अर्पित करें।**

**सदैव प्रसन्न रहिये।**
**जो प्राप्त है, पर्याप्त है।।**

सातों दिन रुकेगी साबरमती....

# सांसद के प्रयास से शाजापुर स्टेशन पर अहमदाबाद-बनारस-अहमदाबाद एक्सप्रेस का ठहराव भी हुआ शुरू

**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** रेल मंत्रालय रेलवे बोर्ड भोपाल मंडल के द्वारा शाजापुर स्टेशन पर गाड़ी संख्या 19167/19168 अहमदाबाद-बनारस-अहमदाबाद एक्सप्रेस का ठहराव प्रदान किया गया है। हाल ही में सांसद महेंद्रसिंह सोलंकी द्वारा अहमदाबाद-दरभंगा- अहमदाबाद एक्सप्रेस के शाजापुर स्टेशन पर 08.35 बजे पहुंचने पर चालक दल का स्वागत एवं हरी झंडी दिखाकर गन्तव्य के लिए रवाना कर गाड़ी के ठहराव का शुभारंभ किया था। इसके अगले दिन से ही गाड़ी संख्या 19167-68 अहमदबाद-बनारस-अहमदाबाद एक्सप्रेस के लिए भी रेलवे समय सारणी सहित शाजापुर रेलवे स्टेशन पर समय सारणी में बदलाव किया गया और गाड़ी स्टेशन पर रुकने लगी।

गाड़ी संख्या 19167अहमदाबाद-बनारस एक्सप्रेस शाजापुर स्टेशन पर 08.35 बजे पहुंचकर, 08.37 बजे प्रस्थान करेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 19168 बनारस-अहमदाबाद एक्सप्रेस शाजापुर स्टेशन पर 14.50 बजे पहुंचकर 14.52 बजे प्रस्थान करेगी। जिसका लाभ शहरवासियों को मिलेगा।

## सातों दिन रुकेगी साबरमती

साबरमती शाजापुर रेलवे स्टेशन पर सप्ताह के सातों दिन रुकेगी। गाड़ी संख्या 165-66 अहमदाबाद दरभंगा अहमदाबाद एक्सप्रेस का ठहराव पूर्व में प्रारंभ किया जा चुका था। अब गाड़ी संख्या 19167-68 अहमदाबाद - बनारस- अहमदाबाद एक्सप्रेस का शुभारंभ भी कर दिया गया है।

## अब खूब जाओ काशी

अहमदाबाद दरभंगा अहमदाबाद एक्सप्रेस के ठहराव के बाद सेही कुछ लोगों के द्वारा काशी जाने के लिए अहमदाबाद -बनारस- अहमदाबाद एक्सप्रेस के ठहराव की मांग की जा रही थी। जिसे तत्काल स्वीकार करते हुए रेलवे ने सप्ताह के शेष 4 दिनों के लिए भी अहमदाबाद- बनारस- अहमदाबाद एक्सप्रेस का ठहराव के शाजापुर स्टेशन पर प्रारंभ कर दिया गया है।



शाजापुर स्टेशन / SHAJAPUR STATION
समय सारणी / TIME TABLE
W.C.R. Effective From 1 OCTOBER 2022

अप / UP

| TRAIN No. | TRAIN NAME | ARRIVAL | DEP. | DAY |
|---|---|---|---|---|
| 19307 | INDORE - CHANDIGAR | 09:18 | 09:20 | THU |
| 19341 | NAGDA - BINA | 14:07 | 14:09 | DAILY |
| 20961 | UDNA - BANARAS | 17:00 | 17:02 | FRI |
| 09117 | SURAT - SUBEDARGANJ | 17:05 | 17:07 | FRI |
| 19325 | INDORE - AMRITSAR | 22:15 | 22:17 | TUE, FRI |
| 14317 | INDORE - DEHRADUN | 22:15 | 22:17 | SAT, SUN |
| 14309 | UJJAIN - DEHRADUN | 22:15 | 22:17 | WED, THU |

डाउन DOWN

| TRAIN No. | TRAIN NAME | ARRIVAL | DEP. | DAY |
|---|---|---|---|---|
| 14318 | DEHRADUN - INDORE | 01:08 | 01:10 | SAT, SUN |
| 14310 | DEHRADUN - UJJAIN | 01:08 | 01:10 | WED,THU |
| 19308 | CHANDIGAR - INDORE | 10:28 | 10:30 | SAT |
| 20962 | BANARAS - UDNA | 10:28 | 10:30 | WED |
| 09118 | SUBEDARGANJ-SURAT | 10:30 | 20:32 | SUN |
| 19342 | BINA - NAGDA | 14:05 | 14:07 | DAILY |
| 19326 | AMRITSAR - INDORE | 22:08 | 22:10 | TUE,FRI |

**इनका कहना है....**

11 तारीख को माननीय सांसद जी ने 19165-66 अहमदबाद-दरभंगा- अहमदाबाद एक्सप्रेस के ठहराव का शुभारंभ किया गया। 12 तारीख से ही गाड़ी संख्या 19167-68 अहमदाबाद- बनारस-अहमदाबाद एक्सप्रेस को रेलवे की समय सारणी के अनुसार रोकना प्रारंभ कर दिया गया है। शाजापुर स्टेशन पर अब साबरमती सातों दिन रुक रही है और स्थाई रूप से रुकती रहेगी।

**- आरसी मीणा, स्टेशन मास्टर शाजापुर**

जिन भी ट्रेनों की मांग आ रही है उनके ठहराव का प्रयास किया जा रहा है। शाजापुर बेरछा सहित देवास लोकसभा क्षेत्र के स्टेशनों पर ट्रेनो का प्राथमिकता के क्रम में ठहराव का प्रयास किया जा रहा है अन्य ट्रेनें भी यथाशीघ्र ही पूर्ववत कर दी जाएंगी।

**- महेंद्रसिंह सोलंकी' सांसद देवास शाजापुर लोकसभा क्षेत्र**

# लॉटरी सिस्टम से हो दुकानों का वितरण, बिचौलिया प्रथा हो खत्म

**- हिन्दू जागरण मंच ने नगर पालिका अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपकर की मांग**

**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मां राजराजेश्वरी मंदिर में लगने वाले 15 दिवसीय मेले को लेकर हिन्दू जागरण मंच ने सोमवार को नगर पालिका अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा जिसमे मेले में अव्यवस्था न हो। वहीं दुकानों का आवंटन लॉटरी सिस्टम से हो ताकि बिचौलिया प्रथा खत्म हो सके।



सौंपे गए ज्ञापन में मंच के अनूप किरकिरे ने बताया कि प्रतिवर्ष नवरात्रि में मां राजराजेश्वरी प्रांगण में हर्षोल्लास के साथ मेले का आयोजन किया जाता है। कई परिवार ऐसे होते हैं जो अपनी रोजी-रोटी छिन जाने से दुखी होते हैं कारण यह है कि मां राजराजेश्वरी के मेले में उन्हें अपना व्यवसाय करने हेतु उन्हें स्थान प्राप्त नहीं हो पाता क्योंकि गैर हिंदू समाज के लोगों द्वारा 50 से 60 प्रतिशत स्थानों पर वर्षों से कब्जा कर व्यापार किया जा रहा है। इस हेतु जो व्यवस्थाएं पूर्व में नगर पालिका द्वारा बनाई गई थी उससे हिंदू समाज असंतुष्ट है। स्थानीय झूले के व्यापारियों को अपना व्यवसाय करने के लिए स्थान प्राप्त नहीं हो पा रहा है किंतु बाहर वालों व्यापारियों के बिचौलियों द्वारा कर्मचारियों से मिलकर पूर्व में ही सेटिंग कर ली जाती है। जिससे स्थानीय कार्यकर्ताओं को रोजगार नहीं मिल पाता, जिससे हिंदू जागरण मंच में बड़ा आक्रोश व्याप्त है। इसलिए मेले में दुकानों का आवंटन लॉटरी के आधार पर नए सिरे से किया जाए जिससे सभी को समान अवसर प्राप्त हो सके। जिन व्यक्तियों के नाम से मेले में जगह आवंटित है उन्हीं के झूले व दुकान वहां लगना चाहिए। किसी प्रकार की विचोलिया प्रणाली स्वीकार नहीं की जाएगी। ज्ञापन में मांग की गई कि मां राजराजेश्वरी के मेले में लगने वाले मीना बाजार का नाम बदलना चाहिए। मीना बाजार यह कोई हिंदू संस्कृति का नाम नहीं है। इस तरह के नाम नगर में सांस्कृतिक प्रदूषण फैलाने का कार्य करते हैं। इसके अलावा हिंदू समाज की माताओं बहनों की सुरक्षा हेतु पुलिस के साथ-साथ नगरपालिका की टीम को भी सक्रियता के साथ मेला प्रांगण में उपस्थित रहना चाहिए। इसके अलावा मेला समिति का गठन किया जाए जिसमें समस्त हिंदू पार्षदों को सम्मिलित किया जाए एवं दुकानों की दलाली करने वाले कर्मचारियों एवं बिचौलियों को तुरंत प्रभाव से मेला समिति से हटाया जाए। साथ ही मेले की व्यवस्था सुचारू रूप से बनाए रखने हेतु मेले वर्तमान में संचालित बस स्टैंड को यहां से स्थानांतरित कर स्टेडियम से संचालित किया जाए ताकि मां राजराजेश्वरी के मेले में दुकानें लगाने हेतु पर्याप्त स्थान प्राप्त हो सके। इस अवसर पर बड़ी संख्या में मंच के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# निपानिया करजू पुल निर्माण में लापरवाही बरतने वाले ठेकेदार के विरूद्ध कार्यवाही करें

**- बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए निर्देश**

**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** आने वाले समय में ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए पेयजल की समस्या के निवारण के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग कार्य योजना बनाए। उक्त निर्देश कलेक्टर दिनेश जैन ने सोमवार को समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक के दौरान दिये। उन्होंने निपानिया करजू पुल निर्माण में लापरवाही बरतने वाले ठेकेदार के विरूद्ध भी कार्यवाही के निर्देश संबंधितों को दिए।




कलेक्टर श्री जैन ने कहा कि आने वाली ग्रीष्म ऋतु में जिन-जिन क्षेत्रों में पेयजल समस्याएं उत्पन्न होने की संभावना है, वहां के लिए कार्ययोजना बनाएं। ग्रामीण क्षेत्रों के हैण्डपंप दुरूस्ती के लिए कन्ट्रोल रूम बनाकर हैण्डपंप मैकेनिकों को पाबंद करें। जहां-जहां शासकीय स्त्रोतों में पेयजल समाप्त हो गया हो, वहां के निजी क्षेत्रों के नलकूपों को अधिग्रहण करें। इस अवसर पर कलेक्टर ने विकास यात्रा के दौरान प्राप्त आवेदन पत्रों के निराकरण का डाटा तैयार कर रिपोर्ट बनाने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि सभी विभाग 31 मार्च के पूर्व विभागीय लक्ष्यों की शत प्रतिशत प्राप्ति करें। प्रधानमंत्री सड़क योजना से संबंधित अधिकारी को कलेक्टर ने निर्देश दिये कि 5 साल की गारंटी वाली सड़कों पर संबंधित एजेंसियों से मरम्मत का कार्य कराएं। साथ ही निपानिया करजू के पुल निर्माण में लापरवाही बरतने वाले ठेकेदार के विरूद्ध कार्रवाई करें। आने वाले खरीफ मौसम के लिए अभी से उर्वरक का भण्डारण कराएं। साथ ही बड़े किसानों को खाद प्रदान करने के लिए प्रेरित करें। जिले की सातों मण्डियों से खाद वितरण के लिए ठोस कार्ययोजना बनाएं। सभी नगरीय निकाय सही तरीके से कचरा प्रबंधन करें। प्रधानमंत्री किसान कल्याण योजना के तहत जिन किसानों का अभी तक बैंक खाता आधार से लिंक नहीं हुआ है इसके कारणों का पता लगाएं और किसानों को ढूंढकर उनकी ई-केवायसी कराएं। सांसद आदर्श ग्राम योजना के लिए सभी विभाग विभागीय योजना बनाएं। उल्लेखनीय है कि ग्राम सुन्दरसी को सांसद ग्राम आदर्श योजना के तहत लिया गया है। कलेक्टर ने निर्देश दिये कि 14 मार्च से लगने वाले दिव्यांग परीक्षण शिविर में दिव्यांगजनों को किसी तरह की दिक्कत न आए, इसके लिए व्यापक इंतजाम रखें। शहीद दिवस के उपलक्ष्य में 21 मार्च को आयोजित होने वाले महा रक्तदान शिविरों के संबंध में कलेक्टर ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे अधीनस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों को रक्तदान के लिए प्रेरित करें। साथ ही शासकीय सेवकों के सभी संगठनों को भी रक्तदान के लिए प्रोत्साहित करें। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के तहत प्राप्त शिकायतों के निराकरण की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने 20 मार्च के पूर्व शिकायतों का निराकरण करने के निर्देश दिये।

# महिलाओं के लिए खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन

**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में खेल और युवा कल्याण विभाग तथा महिला एवं बाल विकास के संयुक्त तत्वाधान में 10 से 25 मार्च के मध्य महिलाओं के लिए जिले के प्रत्येक विकासखण्ड में खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है।

जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी रविन्द्र हार्डिया ने बताया कि विकासखण्ड मो.बड़ोदिया में 15 मार्च को कन्या शाला मिडिल स्कूल मोमन बडोदिया, शुजालपुर में 16 मार्च को एन.एस. महाविद्यालय शुजालपुर, कालापीपल में 17 मार्च को एनएस हॉकी ग्राउण्ड कालापीपल एवं विकासखण्ड शाजापुर में 18 मार्च को स्टेडियम परिसर दुपाड़ा रोड शाजापुर में खेल प्रतियोगिता आयोजित होगी। खेल प्रतियोगिता में 50 मीटर दौड़, गोला फेक, कुर्सी रेस, रस्सा-कस्सी का आयोजन प्रातः 10रू00 बजे से किया जायेगा। खेल प्रतियोगिता के लिए कोई आयु सीमा का बंधन नहीं है। अधिक जानकारी के लिए विकासखण्ड के प्रभारी ग्रामीण युवा समन्वय मो. बडोदिया संगीता मुजाल्दे, शुजालपुर में हुकमसिंह परमार, कालापीपल में देवेन्द्र परमार एवं विकासखण्ड शाजापुर में जितेद्र शर्मा मोनं. 9713132417 पर सम्पर्क करें। जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी श्री हार्डिया ने महिलाओं एवं बालिकाओं से अनुरोध किया है कि उक्त तिथियों में उपस्थित होकर अधिक से अधिक संख्या में खेल प्रतियोगिता में भागीदारी करें।

# तहसीलदार के घर का ताला तोडक़र 80 हजार रुपए ले गया चोर, घटना कैमरे केद



**देवास/दैनिक मालवा हेराल्ड।** जहां एक ओर पूरा शहर रंगपचंमी का मना रहा था। वहीं दूसरी ओर चोर ने नजर रखते हुए तहसीलदार के घर ताला तोडक़र हाथ साफ कर दिया। रविवार दिन के उजाले में देवास में तहसीलदार के घर चोरी हो गई। चोर ने घर के 5 ताले तोड़ और 80 हजार रुपए लेकर फरार हो गया, हालांकि घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में चोर कैद हो गया। मामले की जानकारी लगते ही पुलिस मौके पर पहुंची। तहसीलदार पुनम तोमर निजी काम से इंदौर गई थी। उनके मुताबिक सुबह 11 से 1 बजे तक उनके घरों में सीसीटीवी कैमरे ऑन थे मोबाइल पर घर के फुटेज दिख रहे थे, लेकिन 1.15 बजे अचानक सीसीटीवी कैमरे बंद हो गए। एक घंटे बाद भी कैमरे चालू नहीं हुए तो तहसीलदार ने एसडीएम के ड्राइवर को फोन कर पूछा कि सरकारी मकानों की बिजली बंद हो गई? क्या, चेक करना। जब तहसीलदार ने एसडीएम के ड्राइवर को उनके घर पर भेजा तो घर के ताले टूटे मिले। इसके बाद तहसीलदार पुनम तोमर अपने परिवार के साथ घर पहुंची तो वहां रखा सामान अस्त व्यस्त पड़ा था और घर से 80 हजार रुपए चोरी हो गए।

## चोर घर में घुसते ही बंद किए कैमरे

चोर ने घर में घुसने के बाद सबसे पहले घर में लगे सीसीटीवी कैमरों को बंद किया, उसके बाद चोरी को अंजाम दिया। लेकिन चोरी के पहले चोर की घर में एंट्री कैमरे में कैद हो गई। चोरी की सूचना मिलते ही एसडीएम और सीएसपी थाना कोतवाली पुलिस के साथ पहुंचे और सीसीटीवी कैमरे खंगाले। फिलहाल पुलिस अज्ञात चोर की तलाश में जुटी है।

# डकैती की योजना बनाते हुए अन्तर्राज्यीय डकैत गिरोह धराया, देवास पुलिस को मिली बड़ी सफलता

**- सरगना सहित 6 सदस्य गिरफ्तार, त्यौहार में देने वाले थे घटना को अंजाम**

**देवास/दैनिक माल्वा हेराल्ड।** देवास पुलिस द्वारा चलाई जा रही सघन चेकिंग अभियान में बड़ी कामयाबी मिली है।दिनांक 12 मार्च की मध्यरात्रि को रात्रि सघन गश्त पार्टी टीम के द्वारा स्टेट बैंक आफ इंडिया में डकैती की योजना बनाते हुये आरोपियों को धर दबोचा है ।पूछताछ करने पर पता चला की रिलेक्स इन होटल जवाहर नगर चौराहा के पास खाली पड़े प्लाट पर 5-6 व्यक्तिओं के द्वारा डकैती डालने की योजना बना रहे है।होली के त्यौहार पर घटना को अंजाम देने को फिराक में थे।




तलाशी लेते वक्त इनके कब्जे से 1 देशी कटटा ,2 लोहे की राड,1 लोहे का मुड़ा हुआ सरिया, 1 लोहे की धारदार गुप्ती 01 लोहे का बक्का, 01 लोहे का चाकू एवं उनसे पूछताछ करने पर बताया कि कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत स्टेट बैंक आफ इंडिया एबी रोड देवास में डकैती डालने की योजना बना रहे थे। सभी आरोपियों से पूछताछ करने बताया गया कि हमारे द्वारा दिनांक 11.03.2023 की मध्यरात्रि को फाईन केयर स्माल फायनेंस जवाहर ताला तोडक़र चोरी करने का प्रयास करना स्वीकार किया। उक्त सभी आरोपियों के विरुद्ध थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 220/2023 धारा 399,402 भादवि एवं 25 आर्म्स एक्ट एवं 216/2023 धारा 457,380, 511 भादवि का अपराध कायम कर विवेचना में लिया है और पूछताछ जारी है।

पुलिस ने आरोपियों के पास से 1 देशी कटटा, 2 लोहे की राड, 1 लोहे का मुडा हुआ सरिया, 1 लोहे की धारदार गुप्ती, 1 लोहे का बक्का, 1 लोहे का चाकू जप्त किया।

**गिरफ्तार आरोपी के नाम-**

1. गोविंद साउद पिता शंकर साउद निवासी ग्राम मिर्चिया जिला बरदिया नेपाल, हाल 11 रामनगर एक्सेटेनशन विंध्याचल स्कूल के पास देवास ।

2. इट्टू मण्डल पिता सिरेन मण्डल निवासी ग्राम जितनगर जलवालगु पोस्ट पियरपुर जिला साहेबगंज, झारखण्ड, हाल 11 रामनगर एक्सेटनशन विध्याचल स्कूल के पास देवास।

3.अमर उर्फ अनिल साउद पिता खडक़ सिंह साउद, निवासी ग्राम शांतडा जिला अछाम नेपाल, हाल द जंक्शन नानवेज होटल जवाहर नगर देवास ।

4.अम्बर साउद पिता कमल साउद निवासी ग्राम मिर्चिया जिला बरदिया नेपाल, हाल द जंक्शन नानवेज होटल जवाहर नगर देवास।

5.हबीब खान पिता आरिफ खान निवासी छोटी मस्जिद के पास रसलपुर थाना बावडिया।

6. पंकज प्रजापति पिता राजकुमार प्रजापति निवासी 16/6 नई आबादी देवास।

उपरोक्त सराहनीय कार्य में निरीक्षक हितेश पाटील, उनि पवन यादव, उनि अख्तर मोहम्मद पठान, उनि सचिन सोनगरा, उनि हर्ष चौधरी, सउनि राकेश तिवारी, सउनि संजय तवर, प्रआर मनोज पटेल, रवि गरोडा, पवन पटेल, हेमत डाबी, रविन्द्र यादव, आरक्षक अणु कुमार, सूरज कुमार, अरुण चावडा, महिला आरक्षक नेहा ठाकुर की अहम भूमिका रही है।

# गुजरात एटीएस ने अकोदिया से आरोपी को किया गिरफ्तार

**- आसाराम बापू व नारायण सांई केस के फरियादी पर हमला करने का था आरोप**

**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** गुजरात एटीएस ने आसाराम बापू और उसके बेटे नारायण सांई के लिए काम करने वाले सुनिल उर्फ शैलेंद्र साहू को गिरफ्तार किया है। सुनिल पर आरोप है कि उसने साल 2014 में आसाराम बापू और नारायण सांई केस के किसी फरियादी पर जानलेवा हमला किया था। वह काफी लंबे समय से फरार था। गुजरात एटीएस अकोदिया थाना पुलिस को लिखित सूचना देकर सुनिल को अपने साथ ले गई है।



पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गुजरात में सुनील के खिलाफ प्राणघातक हमले का केस दर्ज है। कई साल से गुजरात एटीएस को उसकी तलाश थी। सुनील आगर मालवा जिले के सुसनेर क्षेत्र में किसी गोशाला में काम करने लगा था। वह गोशाला के लिए ही भूसा लेने अकोदिया क्षेत्र के ग्राम कैथलाय आया था। गुजरात एटीएस ने पूरी कार्रवाई को अति गोपनीय रखा। एटीएस ने आरोपित तक पहुंचने के बाद ही अकोदिया थाना पुलिस को सूचना दी। एटीएस टीम आरोपी की पल-पल की लोकेशन ट्रेस कर रही थी।

## आसाराम के आश्रम पर करता था काम

आरोपी सुनील आसाराम बापू के आश्रम पर ही काम करता था। उस पर आसाराम बापू या नारायण साई की शिकायत दर्ज कराने वाले किसी फरियादी पर जानलेवा हमला करने का मामला वर्ष 2014 में गुजरात के थाने में दर्ज हुआ था। इसी मामले में एटीएस टीम उसकी तलाश कर रही थी। आरोपी मूल रूप से भोपाल का निवासी बताया जा रहा है। चर्चा है कि वह सुसनेर में भी रहा है। अकोदिया थाना प्रभारी अरविंद तोमर थाना प्रभारी ने बताया कि अकोदिया थाना क्षेत्र के ग्राम कैथलाय से गुजरात एटीएस टीम सुनील उर्फ शैलेंद्र साहू नाम के व्यक्ति को हिरासत में लेकर गई है। टीम ने हमें बताया कि सुनील पर प्राणघातक हमले का केस दर्ज है। इसी मामले में उसकी टीम तलाश कर रही थी।

# नवनिर्वाचित न्यायाधीशों का जिला अभिभाषक संघ ने किया सम्मान

**देवास/दैनिक मालवा हेराल्ड।** नवनिर्वाचित न्यायाधीशों का जिला अभिभाषक संघ ने सोमवार को समारोह आयोजित कर सम्मान किया। संघ अध्यक्ष रामप्रसाद सूर्यवंशी ने बताया कि संघ के सदस्य रहे श्री राजेश भण्डारी जी ए डी जे, एव क्षितीज पंवार, हर्षवर्धन राठौड़ एवं दीपक सोनी बागली, यश शर्मा कन्नौद ने सिविल जज की परीक्षा उत्तीर्ण कर इंटरव्यू में पास होने के पश्चात नवनिर्वाचित न्यायाधीश बनने पर जिला अभिभाषक संघ के सभा हाल में एक समारोह आयोजित कर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रभात कुमार मिश्रा एवं जिला न्यायालय के समस्त न्यायाधीशों की उपस्थिति में गुलाब की कली एवं प्रतिक चिन्ह भेंटकर समस्त नवनिर्वाचित न्यायाधीशों का सम्मान किया गया। समस्त नवीन न्यायाधीशों ने इस उपलब्धि की खुशी जाहिर करते हुए अपने-अपने विचार प्रकट किए। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने अपने उद्बोधन में नवनिर्वाचित न्यायाधीशों को बधाई देकर आगे न्यायाधीश बनकर किस प्रकार कार्य करना के बारे में जानकारी दी। संघ अध्यक्ष श्री सूर्यवंशी ने अपने स्वागत भाषण में सभी नवीन न्यायाधीशों को बधाई दी। संचालन संघ सचिव चंद्रपाल सिंह सोलंकी ने किया एवं आभार संघ कोषाध्यक्ष राजेश जायसवाल ने माना। इस अवसर पर उपाध्यक्ष चंद्रशेखर वाजपेयी, पुस्तकालय सचिव लोकेन्द्र शुक्ला, सहसचिव निलेश वर्मा सहित वरिष्ठ एवं कनिष्ठ अभिभाषक उपस्थित थे।



# खाद्य एवं औषधि विभाग ने ''मिलावट से मुक्ति अभियान'' के तहत देवास और सतवास में कार्यवाही

**- दूध, पनीर, मिल्क केक, चॉकलेट एवं बर्फी नमूने लेकर जांच के लिए भोपाल भेजे**

**देवास/दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिले में खाद्य एवं औषधि विभाग द्वारा ''मिलावट से मुक्ति अभियान'' आम जनता को मिलावट रहित एवं शुद्ध खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के लिए चलाया जा रहा है। अभिहित अधिकारी खाद्य एवं औषधि प्रशासन देवास श्रीमती निर्मला सोमकुंवर ने बताया कि अभियान में फर्म मां चामुण्डा मिल्क एण्ड प्रोडक्ट्स इण्डस्ट्रीयल एरिया देवास से दूध, मिल्क केक चॉकलेट एवं बर्फी के नमूनें तथा फर्म श्री पूजा मिल्क एण्ड मिल्क प्रोडक्ट्स इण्डस्ट्रीयल एरिया देवास से दूध का नमूना लिया गया, फर्म कमल डेयरी एण्ड क्रीमरी सैफी मार्ग देवास से दूध एवं पनीर के नमूने लेकर जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजे गयें। अभिहित अधिकारी खाद्य एवं औषधि प्रशासन देवास श्रीमती सोमकुंवर ने बताया कि संस्कार डेयरी मेन रोड़ सतवास से दूध, पटेल डेरी बस स्टेंड सतवास से दूध एवं श्री लक्ष्मीनारायण डेरी बस स्टेंड सतवास से दूध का नमूना, इंदौर दुग्ध संघ सहकारी संस्था से दूध का नमूना लेकर जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजे गयें। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद कार्यवाही की जायेगी। जिले में मिठाई एवं दूध से शुद्ध एवं ताजे खाद्य पदार्थ निर्माण कर विक्रय करें। मिलावट से मुक्ति अभियान के तहत जिले मे कार्यवाही सतत् जारी रहेगी।



# सुरक्षा सप्ताह में सिखाए गए सुरक्षा के तरीके

**देवास/दैनिक मालवा हेराल्ड।** भोपाल फोर लेन प्रशासन ने मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम के निर्देशन में सड़क रख रखाव एवं टोल प्लाजा संचालन के तहत बिना किसी दुर्घटना कारित हुवे वर्ष दो हजार तेईस खतम होने तक उद्देश्य से दिनांक 4-03-23 से 10-03-23 तक सुरक्षित कार्य करने के अलग अलग प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। डी बी सी पी एल प्रशासन ने कार्य क्षेत्र में सुरक्षित पद संचलन उदाहरण देते हुए आग एवं विद्युत सुरक्षा प्रशिक्षण आयोजित किए। डी बी सी पी एल प्रशासन ने कर्मचारियों एवं उपस्थित लोगों के मध्य सुरक्षा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित किया साथ ही प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। देवास भोपाल फोर लेन प्रशासन का उद्देश्य सुरक्षित संस्थान के साथ सुरक्षित समाज एवं शुन्य हानी रहीत समाज का निर्माण करना व सुरक्षा संस्कृति लाना है। इस मौके पर अग्निशमन अधिकारी दीपक शर्मा, प्रशिक्षक स्वदेश विश्वकर्मा, एवं कई सम्माननीय उपस्थित थे।



# रंगपंचमी पर निकली विशाल गैर, जमकर हुआ हुड़दंग

**कपड़ा फाड़ दौर भी चला, पुलिस बल रहा मुस्तैद ››दमकल ने की रंगों की बरसात ››हिन्दू उत्सव समिति के तत्वाधान में निकला रंगपंचमी का जुलुस**

**पचोर/हेमन्त कुमार शर्मा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** नगर में रंग पंचमी की गैर का जुलूस संपूर्ण हर्षोल्लास और त्यौहार के स्वरूप अनुसार हुड़दंग के साथ मनाया गया! जुलूस में परिषद के दो टैंकर फायर ब्रिगेड संपूर्ण अमले के साथ और हिंदू उत्सव समिति का डीजे पूरे समय जुलूस के साथ रहा! जुलूस प्रातः 10:00 बजे पुरानी पचोर छीपा मंदिर से शुरू होकर शुजालपुर रोड गांधी चौक सदर बाजार पुराना बस स्टैंड न्यू बस स्टैंड होकर थाने के सामने समापन हुआ! जुलूस में बच्चे नवयुवक अधेड़ प्रोढ़ और बुजुर्ग भी नाचते गाते हुए रंगों में सरोबार दिखाई दिए! एक और जहां नगर परिषद की दमकल के पानी में रंग घोलकर जुलूस के ऊपर जगह-जगह रंगों की बरसात की गई तो दूसरी और पानी के टैंकरों से भी इंजन चला कर हुरियारों पर बरसात की गई! जुलूस में कई युवा गुलाल की बड़ी थैली लेकर चल रहे थे जिन्होंने पूरे समय बाजार में गुलाल बरसा कर वृंदावन बरसाना का स्वरूप उपस्थित कर दिया! वहीं कई लोग परंपरागत काला और 3 दिन तक ना निकलने वाला रंग लेकर भी एक-दूसरे से होली खेलते नजर आए!



रंग पंचमी की गैर के जुलूस में युवा और बच्चे तो पूरे समय डीजे पर चल होली रंग पंचमी के गानों की धुन पर नृत्य करते हुए चले! जुलूस में 76 वर्षीय समाजसेवी राष्ट्रीय मानव अधिकार संघ के जिलाध्यक्ष राधेश्याम जायसवाल और पूर्व मंत्री मध्य प्रदेश शासन हनुमान प्रसाद गर्ग भी नृत्य करते हुए भाव विभोर दिखाई दिए!

जुलूस में सैकड़ों उत्साही नव युवकों ने एक दूसरे के कपड़े फाड़कर पुराना स्वरुप कपड़ा फाड़ होली का दृश्य भी दिखाया!जुलूस में प्रमुख रूप से हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष संजय दीक्षित भाजपा मंडल अध्यक्ष विकास दीक्षित 4 जिला महामंत्री मनीष सक्सेना भाजपा जिला कार्यसमिति सदस्य मनीष मन्नू यादव पूर्व नगर भाजपा अध्यक्ष कमल सक्सेना वरिष्ठ भाजपा नेता रघुराज राणा अजीत चौधरी कमलेश गौतम उद्योगपति समाजसेवी चंचल मंगल मुकेश सोनी इंजीनियर पार्षद राधेश्याम लहरी नगर कांग्रेस अध्यक्ष अमित बंसल वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राजेंद्र पच्चीसिया बृजेश विजयवर्गीय पंडित देवेंद्र पाराशर विधायक प्रतिनिधि राम धाकड़ पूर्व पार्षद अमित गोस्वामी संजय तिवारी दीपक चौहान सुदर्शन सोनी आशीष शर्मा संजय गुप्ता मयंक सक्सेना दीपक राजपूत डॉ रवि गुदेनिया राकेश पच्चीसिया सहित सैकड़ों युवा समाजसेवी शामिल रहे!

तहसीलदार सहित पुलिस बल भी रहा मुस्तैद! पूरे जुलूस के दौरान तहसीलदार सौरव वर्मा टीआई डीपी लोहिया पुलिस बल के साथ एवं नगर परिषद के कर्मचारी चाक-चौबंद व्यवस्था के तहत मौजूद रहे!

# बैजनाथ मेले की संचालन समिति के अध्यक्ष बने पार्षद जितेंद्र शर्मा

**18 मार्च से शुरू होगा 7 दिवसीय मेला, 24 को समापन**



**बदनावर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** यहां लगने वाले विख्यात श्री बैजनाथ महादेव मेला के संचालन को लेकर सोमवार को नगर परिषद कार्यालय में नगर परिषद अध्यक्ष मीना शेखर यादव एवं उपाध्यक्ष राजेंद्रसिंह पवार की उपस्थिति में नगर परिषद की बैठक संपन्न हुई। जिसमें मेला समिति बनाई गई। मेला समिति का अध्यक्ष पार्षद जितेंद्र शर्मा को बनाया गया। मेला 18 मार्च से शुरू होगा। सात दिवसीय मेले का समापन 24 मार्च को होगा।

बैठक में विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र सराफ, सांसद प्रतिनिधि धर्मेंद्र शर्मा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी मनोज कुमार मौर्य, अध्यक्ष प्रतिनिधि शेखर यादव, पार्षद भारती राठौड़, अनिता डॉ संतोष चौहान, अनिता दीपक जाधव, झन्नूबाई शांतिलाल सिर्वी, भगवंता बाई राव, सुखराम देवदा, महिपाल सिंह पंवार, साजिद खान, जगदीश पाटिदार, बबिता चेतन नागल समेत निकाय के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में मेले के संचालन को लेकर समिति भी बनाई गई।

नगर परिषद अध्यक्ष मीना यादव व मेला समिति अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा ने बताया कि मेले में दुकानें लगाने वाले दुकानदारों की व दर्शकों की सुरक्षा व्यवस्था के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। इसका एक कंट्रोल रूम बनाया जाएगा। मेले में पर्याप्त बिजली, पानी, साफ सफाई की व्यवस्था रहेगी। मेले में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन भी किया जाएगा।

मेला यहां बैजनाथ मन्दिर के पास पड़ी भूमि पर लगाया जाएगा। सोमवार को परिषद द्वारा मेला स्थल का अवलोकन भी किया गया व मेला स्थल पर सफाई का काम भी शुरू कर दिया गया। मेले में करीब 400 से 450 दुकानें लगने की संभावना हैं। इनमें खिलौने, सौंदर्य प्रसाधन, मीना बाजार, कटलरी, बर्तन, रेडिमेड वस्त्र, जूते चप्पल, क्राकरी, फ्लावर, चूड़ियां, नकली ज्वेलरी, घरेलू उपयोग के सामान, फर्नीचर आदि की दुकानें लगेंगी। इसके अलावा गगगचूंबी झूले, चकरी, मौत का कुआं, ब्रेक डांस के साथ ही आधुनिक झूले मेले का आकर्षण का केंद्र रहेंगे। लोग अपनी क्षमता अनुसार जमकर खरीदारी करते हैं। रोज हजारों की संख्या में दर्शक मेला देखने आते हैं। अमावस्या के बाद तो काफी भीड़ उमड़ती है।

# लाडली बहना योजना के क्रियान्वयन के लिए दी ट्रेनिंग



**देवास/दैनिक मालवा हेराल्ड।** म.प्र. शासन की महत्वकांक्षी योजना लाडली बहना योजना का शीघ्र ही शुभारंभ होना है। शासन निर्देशानुसार 15 से 24 मार्च तक प्रथम स्थिती मे दस्तावेजो का सत्यापन होना है इस हेतु कलेक्टर के निर्देशानुसार निगम की टीम के साथ आंगनवाडी,आशा कार्यकर्ता तथा शिक्षको की ड्युटी लगाई गई है। शहर मे निगम द्वारा सुविधा शिविर भी लगाये जा रहे है। योजना हेतु हितग्राही महिलाओ को समग्र पोर्टल पर दस्तावेजो मे सुधार कार्य करवाकर उनके समग्र पोर्टल पर ई– केवायसी करवाना होगा। अधार के साथ समग्र आईडी मे समान रूप से उनका नाम, मोबाईल, नम्बर जेन्डर (लिंग अनुपात) के साथ बैंक मे खाता होना अनिवार्य होगा साथ ही बैंक खाते को डीबीटी करवाना अनिवार्य होगा। इस हेतु ड्युटीरत कर्मचारियो को लिंक भी दी गई है। दस्तावेज सुधार सुविधा शिविर व एमपी आनलाईन के साथ लिंक के माध्यम से घर बैठे भी करवा सकते है। दस्तावेज सुधार कार्य निःशुल्क रहेगा। शासन की इस येजना का प्रारंभिक कार्य 15 मार्च से 24 मार्च तक सुविधा शिविर मे दस्तावेजो की जांच होकर सूची तैयार की जावेगी। दस्तावेजो की जांच मे मास्टर ट्रेनर राघवेन्द्र सेन द्वारा निगम बैठक कक्ष मे ड्युटीरत कर्मचारियो को विस्तृत रूप से जानकारी देते हुए प्रोजेक्टर के माध्यम से भी बताया गया। दस्तावेज सुधार होकर पात्र महिलाओ के आवेदन 25 मार्च से 30 अप्रेल 2023 तक लिये जावेगें। इसी के साथ 1 मई से 15 माई तक दावे आपत्ति भी लिये जावेगें। तत्पश्चात फायनल सूची का प्रकाशन भी होगा। निगम उपायुक्त लोकेन्द्रसिह सोलंकी ने लाडली बहना योजना मे पात्र,अपात्र हितग्राही महिलाओ का दस्तावेज किस प्रकार से होना चाहिए इस संबंध मे विस्तृत रूप से कर्मचारियो को ट्रेनिंग के दौरान बताया गया। सभी ड्युटीरत कर्मचारियो को यह भी निर्देशित किया गया की लाडली बहना योजना मे दस्तावेज सुधार व आवेदन लिये जाने के लिए कोई भी हितग्राही महिला परेशान न हो इस बात का विशेष ध्यान रखें।

# दिव्यांगजन सशक्तिकरण में सहयोग, मानवधर्म -राज्यपाल

**राज्यपाल द्वारा दिव्यकला मेला उद्घाटित**

**भोपाल/दैनिक मालवा हेराल्ड।** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा है कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण प्रयासों में सहयोग मानव धर्म है। दिव्यकला मेला दिव्यांगजन की दिव्यशक्तियों के प्रदर्शन का मंच है। उनकी आत्म-निर्भरता की प्रभावी पहल है। उन्होंने प्रदेशवासियों का आव्हान किया है कि दिव्यकला मेले की श्रृंखला में तीसरे भोपाल मेले में खरीददारी का रिकार्ड बनाएं। देश के विभिन्न स्थानों से उत्पाद लेकर आए दिव्यांग शिल्पकार, उद्यमियों को कोई भी सामान वापस नहीं ले जाना पड़े।श्री पटेल आज भोपाल हाट में आयोजित 10 दिवसीय दिव्य कला मेले के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर 48 दिव्यांग उद्यमियों को स्वसहायता समूह के माध्यम से स्वीकृत 16 लाख रूपए के ऋण के स्वीकृति आदेश प्रतीक स्वरूप तीन दिव्यांगजन में वितरित किए गए।राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का व्यक्तित्व संवेदनशील है। महिलाओं, वंचितों और दिव्यांगजन के कल्याण और विकास की योजनाएं उनके दिल से निकली है। मोदी जी में व्यक्ति, उसकी समस्याओं और सार्मथ्य को पहचानने की अद्भुत क्षमता और दिव्य दृष्टि है। शारीरिक अंग की खामी को विकलांगता के रूप में नहीं, व्यक्ति की दिव्य शक्तियों को पहचानने के लिए ही उन्होंने दिव्यांगजन का नाम दिया है। उन्होने समाज का आह्वान किया कि वह दिव्यांगजन की प्रतिभा को पहचाने और प्रोत्साहन में सहयोग करें। उन्होने दिव्यांगजन के आर्थिक स्वावलंबन के लिए केन्द्र सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। नागरिकों को होली, रंगपंचमी की शुभकामनायें दी। भोपाल में मेले के आयोजन को प्रदेश वासियों के लिए उत्सव की सौगात बताया।केन्द्रीय मंत्री सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता डा. वीरेन्द्र कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने सबके लिए विकास के समान अवसर उपलब्ध कराए हैं। समावेशी समाज निर्माण का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वंचित और विकास की मुख्यधारा में पिछड़ों के सामाजिक आर्थिक और शैक्षणिक सशक्तिकरण के लिए वर्ष 2014 में प्रारम्भ किए गए कार्यक्रमों, योजनाओं के परिणाम मिल रहे हैं। दिव्यांगजन आर्थिक और सामाजिक रूप से आत्मनिर्भर बन रहे हैं। दिव्यांग उद्यमियों, कर्मचारियों का उल्लेख करते हुए कहा कि आज दिव्यांगजन समाज का मूल्यवान मानव संसाधन है। अपनी अद्भुत प्रतिभा के साथ कार्य करते हुए स्वाभिमान के साथ जीवन में आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने नागरिकों से उनके प्रयासों में सहयोग की अपील की।

# 9 साल के करियर में पहली बार राधिका मदान ने अपने होमटाउन दिल्ली में की शूटिंग

**जीएनएस।** इस समय इण्डस्ट्री के सबसे व्यस्त अभिनेताओं में से एक, राधिका मदान ने अपनी लगातार सातवीं फिल्म की शूटिंग का नया शेड्यूल शुरू कर दिया है। हालाँकि, इस फ़िल्म की सबसे खास बात यह है कि अपने नौ साल के करियर और बारह अलग-अलग फिल्मों में, राधिका पहली बार अपने होमटाउन दिल्ली में शूटिंग कर रही हैं।




दिल्ली की रहने वाली, राधिका ने बहुत कम उम्र में अपना घर छोड़, एक के बाद एक विविध, प्रयोगात्मक और प्रभावशाली परफ़ॉर्मन्सेस के साथ मनोरंजन उद्योग में अपनी पहचान बना रही है। एक रिकॉर्ड बनाते हुए, राधिका ने पिछले साल छह परियोजनाओं की शूटिंग की और उन्हें पूरा किया, जो इस साल रिलीज होने वाली हैं। अपनी अगली फिल्म की ओर बढ़ते हुए, अंग्रेजी मीडियम की अभिनेत्री ने अपनी अगली फिल्म की शूटिंग शुरू की।

अपनी फिल्म के अगले शेड्यूल की शुरुआत करते हुए राधिका मदान अपने होमटाउन दिल्ली पहुंच चुकी हैं और उन्होंने इंस्टा स्टोरी के जरिए अपने शहर में शूटिंग करने की खुशी जाहिर की है। अभिनेत्री ने कहा, इंडस्ट्री में 9 साल, और यह पहली बार है जब मैं अपने शहर में शूटिंग कर रही हूं! दिल्ली इस साल रिलीज की एक अविश्वसनीय स्लेट की प्रतीक्षा में, राधिका ने कुत्ते के साथ 2023 की अपनी पहली रिलीज दी, और कच्छे लिम्बु का इंतजार कर रही है, जिसका प्रीमियर टीआईएफएफ में हुआ था, सना ने भी ब्लैक नाइट्स फिल्म फेस्टिवल में अपना जलवा दिखाया। इसी के साथ, होमी अदजानिया के अगले प्रोजेक्ट, सोरारई पोटरू का रीमेक और हैप्पी टीचर्स डे का भी समावेश है । टाइट्यूलर भूमिकाएँ निभाने से लेकर मल्टी स्टारर फिल्म्स में अपनी अलग पहचान बनाने तक, राधिका मदान अपनी प्रभावशाली फिल्मोग्राफी से धमाल मचा रही हैं!

# सुसनेर में रंगपंचमी पर हुआ मूर्ख सम्मेलन का आयोजन

**रंगपंचमी पर नगरवासियों ने खेली जमकर होली**

**सुसनेर-दैनिक मालवा हेराल्ड।** सुसनेर नगर में विगत पांच दशकों से भी अधिक समय से चली आ रही रंगपंचमी पर आयोजित परम्परा को आज भी जीवित रखते हुए स्थानीय पुराना बस स्टैंड के समीप स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय झंडा चौक पर रविवार को रंगपंचमी के अवसर पर दोपहर 1 बजे से मूर्ख सम्मेलन का आयोजन किया गया।

आपको बता दे कि इस आयोजन में नगर के कवि घनश्याम गोयल एवं दिलीप जैन सारँगयाखेड़ी द्वारा क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, राजनेताओं, पत्रकारों और व्यापारियों को मूर्खो की उपाधि देकर व्यंग बाणों से लोगो को खूब हंसाया गया।कार्यक्रम का संचालन लक्ष्मणसिंह कांवल एवं पवन शर्मा ने किया। मूर्ख सम्मेलन के पूर्व नगर के गायक




सुनील बांगड़ डॉन, गिरजाशंकर राठौर, कुलदीप चौधरी, सुरेश सोलंकी, राजेश सोनी, लोकेन्द्रसिंह तोमर, अरुण भाटी आदि के द्वारा भी संगीत सभा मे एक से बढ़कर एक गीतों की प्रस्तुति देकर लोगो का मनोरंजन किया। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि राहुल सिसोदिया, नोशाद खान ठेकेदार भी मंच पर उपस्थित थे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रोता एवं होली के हुड़दंगी मौजूद थे।

### रंगपंचमी का चढ़ा खुमार,रंगों से सराबोर हुआ नगर

रंगपचंमी के अवसर पर नगर में हर जगह अपनी अपनी धुन में मस्त - मस्ताओ की टोलीया घुमती हुई दिखाई दी। नगर में होली से ज्यादा उत्साह रंगपंचमी पर लोगो में देखा गया। सुबह से ही एक दुसरे को रंग, गुलाल लगाने की शुरूआत हुई। स्वामी विवेकानंद मंच के द्वारा नगर में गेर निकाली गई। जिसका लोगो ने छत पर से पानी डालकर तो किसी ने गुलाल से स्वागत किया।

# ओरमैक्स ने किआरा अडवाणी को 'स्टार्स इंडिया लव्स' सूची में उनके सर्वोच्च रैंक के लिए शाबाशी दी



**जीएनएस।** अपनी सफलताओं की सूची में एक और उपलब्धि जोड़ते हुए, कियारा अडवाणी ने ओरमैक्स स्टार्स इंडिया लव्स लिस्ट में अब तक की अपनी सर्वोच्च रैंक हासिल की है, जिसे विशेष सराहना मिली है।बॉलीवुड की गोल्डन गर्ल और सबसे चहेती सुपरस्टार कियारा अडवाणी का करियर बेशक सबसे प्रभावशाली रहा है। लगातार सफल फिल्मों के साथ सबसे बैंकेबल स्टार के रूप में उभरने से लेकर, अपने प्यारे व्यक्तित्व के साथ जनता का दिल जीतने तक, कियारा अडवाणी ने बहुत ही कम समय में सुपरस्टारडम की सबसे सराहनीय यात्रा की है।

आलिया भट्ट और दीपिका पादुकोण जैसे अनुभवी और वरिष्ठ अभिनेताओं के बाद तीसरे स्थान पर, कियारा अडवाणी एक सफलता की कहानी का प्रतीक हैं। अपने करियर के दौरान उतार-चढ़ाव का सामना करने के बाद, कियारा सही दिशा में सभी सही कदम उठा रही है।

हर कदम के साथ आगे और ऊपर की ओर बढ़ते हुए, कियारा अडवाणी न केवल जनता के बीच बल्कि इंडस्ट्री के बीच भी सबसे लोकप्रिय स्टार बनकर उभरी हैं। सभी प्रसिद्ध फिल्म निर्माताओं के लिए पसंदीदा अभिनेत्री बनकर, एक के बाद एक हिट फिल्में देकर सुपरस्टार को एक भरोसेमंद अभिनेता के रूप में स्थापित किया है।2022 की सबसे प्रभावशाली कलाकार के रूप में उभरती, कियारा आडवाणी की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है, जो अपने आप में एक ब्रांड साबित हो रही है। एक बहुमुखी अभिनेता, पसंदीदा और लोकप्रिय स्टार, सहज नर्तक, युवा सनसनी, प्रभावशाली आइकन और ब्रांडों के बीच पसंदीदा, उनका अनुशासन, दृढ़ता, प्रतिभा और जुनून उन्हें शीर्ष पर पहुंचा रहा है!

अपनी फिल्मों के प्रचार और रिलीज के लिए बैक-टू-बैक शूट के जाम-पैक शेड्यूल के बाद, अपनी बहुप्रतीक्षित शादी तक, कियारा ने अपने हाथों को पर्सनल और प्रोफेशनल कमिटमेंट्स से भर लिया है। अपनी चर्चित शादी के तुरंत बाद, कियारा अडवाणी अब जल्द ही एस शंकर की आगामी फिल्म आरसी-15 और सत्यप्रेम की कथा के सेट पर वापस आकर अपनी व्यस्त दिनचर्या शुरू कर रही हैं।

हाल ही में विभिन्न कार्यक्रमों में 'स्टार ऑफ द ईयर' और 'परफॉर्मर ऑफ द ईयर' के रूप में प्रतिष्ठित और सम्मानित, कियारा अडवाणी, जिन्हें अक्सर बॉलीवुड की गोल्डन गर्ल कहा जाता है, ने अपने गोल्डन युग में प्रवेश कर लिया है।

# मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ का होली मिलन समारोह एवम सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित



**आगर मालवा (भागीरथ देवड़ा)/दैनिक मालावा हेराल्ड।** मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ ब्लॉक इकाई द्वारा होली मिलन समारोह एवं पदाधिकारियों का सम्मान समारोह कार्यक्रम सोमवार को स्थानी सर्किट हाउस पर आयोजित किया गया जिसमें वरिष्ठ पत्रकार ,मदन लाल चौधरी, नजीर एहमद, प्रदेशसचिव अशोक नाहर, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रेम सोनी जिलाध्यक्ष अशोक गुर्जर के मुख्य अतिथियों में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सभी अतिथियों ने संबोधित करते हुए। सभी ब्लॉक के नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी। और कहा कि सभी पत्रकारों को एकजुट होकर कार्य करना चाहिए कोई पत्रकार छोटा या बड़ा नहीं होता है। वही कार्यक्रम को आदर्श प्रेस क्लब के जिला अध्यक्ष हिंदूसिंह यादव एवम प्रेस क्लब अध्यक्ष दुर्गेश शर्मा ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुवे।कहा की लोकतंत्र के इस चौथे स्तंभ की हालत आज बहुत खराब है दिन पे दिन पत्रकारों का शोषण हो रहा है। अब हमे चाहिए की हम सब मिलकर एक दूसरे का साथ दे।कार्यक्रम में सभी पत्रकारों ने अतिथियों का पुष्पमाला पहना कर स्वागत किया। कार्यक्रम में सभी पत्रकारों ने एक दूसरे को होली की एक दूसरे को बधाई दी। और अपने मन मुटाव को दूर किया। साथ अतिथ्यो द्वारा मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ जिला इकाई आगर द्वारा ब्लाक इकाई के पदाधिकारियों की घोषणा कर उनको नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संचालन पूर्व प्रेस क्लब अध्यक्ष अजय झांजी ने किया अंत में आभार ब्लाक अध्यक्ष दिलीप जैन माना।

# स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक सम्पन्न

**आगर-मालवा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर कैलाश वानखेड़े के निर्देशानुसार सीईओ जिला पंचायत डीएस रणदा की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में सीएमएचओ डॉ. एसएस मालवीय, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरसी कुरील, जिला परिवार कल्याण अधिकारी डॉ. हरीश आर्य, जिला एपिडिमोलॉजिस्ट/टीकाकरण एवं क्षय अधिकारी डॉ. राजेश गुप्ता, जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ. आरसी ईरवार, सीबीएमओ डॉ. राजीव बरसेना, डॉ. विजय यादव, बीएमओ डॉ. मनीष कुरील, डॉ. विवेक पुल्लैया, डीपीएम राकेश चौहान, डीसीएम राकेश पडिहार व जिले के समस्त बीपीएम, बीसीएम एवं बीईई उपस्थित रहे।



सीईओ जिला पंचायत रणदा ने एसएनसीयू में भर्ती बच्चों एवं डिस्चार्ज बच्चों के बारे में जानकारी ली तथा बच्चों के फॉलोअप पर संतोषजनक प्रगति नहीं होने पर नाराजगी जाहिर करते हुए, प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने बीजानगरी के स्वास्थ्य केन्द्र पर चिकित्सक पद रिक्त होने पर चिकित्सकों की अल्टरनेट ड्यूटी लगाने एवं नलखेड़ा में एक एमबीबीएस चिकित्सक की व्यवस्था की जाकर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया करवाई जाए। गर्भवती महिलाओं के एएनसी पंजीयन के संबंध में निर्देश दिए कि सभी गर्भवती महिलाओं का पंजीयन किया जाए, जिन महिलाओं की समग्र आईडी नहीं बनी है, उनकी समग्र आईडी जनरेट करवाते हुए योजना का लाभ दिया जाए। उन्होंने कहा कि प्रसूति सहायता योजना का लाभ शत-प्रतिशत प्रसूती को मिले, जिनकी प्रसूति सहायता रूकी हुई है, उन्हें यथाशीघ्र प्रसूति सहायता प्रदान करवाएं। सभी बीएमओ सेक्टर स्तर पर बैठक लेकर प्रसूति सहायता, एएनसी पंजीयन, मलेरिया नियंत्रण, परिवार कल्याण, कुष्ठ नियंत्रण, टीकाकरण, क्षय नियंत्रण, दस्तक अभियान, अन्धत्व निवारण, जननी शिशु सुरक्षा योजना एवं अन्य हितग्राहीमूलक योजनाओं की समीक्षा कर उनमें 31 मार्च से पूर्व लक्ष्यपूर्ति करने के निर्देश दिए।

सीईओ श्री रणदा ने दस्तक अभियान की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि अभियान अन्तर्गत लक्षित बच्चों में से फालोअप से वंचित बच्चों को आगामी एक सप्ताह में फालोअप कर शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करे।

# एण्डटीवी के साथ हंसते और मुस्कुराते रहो!



**जीएनएस।** हर साल 20 मार्च को इंटरनेशनल डे ऑफ़ हैप्पीनेस मनाया जाता है, ताकि दुनिया भर के लोग अपनी जिंदगी में खुशियों की अहमियत को समझ सकें। दर्शकों की जिंदगी में खुशिया फैलाने के लिए ×ञ्ञ्क् पर ये दो लोकप्रिय कॉमेडी शो भाभीजी घर पर हैं और हप्पू की उलटन पलटन है। इन शोज के प्रमुख कलाकारों ने खुशियां फैलाने के इस खास मौके पर खुशियों की अहमियत के बारे में बात की और साथ ही यह भी बताया कि इन शोज ने कैसे लोगों की जिंदगी में आनंद और खुशियां फैलाई हैं। इन कलाकारों में शामिल हैं- 'हप्पू की उलटन पलटन' के योगेश त्रिपाठी (दरोगा हप्पू सिंह) और कामना पाठक (राजेश) एवं 'भाबीजी घर पर हैं' की अनीता भाबी (विदिशा श्रीवास्तव) और आसिफ शेख (विभूति नारायण मिश्रा)।

'हप्पू की उलटन पलटन' में राजेश का किरदार अदा कर रहीं कामना पाठक ने कहा, ''एक कहावत है 'यदि आप खुश रहना चाहते हैं, तो किसी और को खुशी देने की कोशिश करें'। वास्तव में किसी दूसरे को खुश करना आसान काम नहीं है और इसमें काफी मेहनत लगती है। यह सिर्फ मजेदार चेहरे बनाने या एक्सप्रेशन देने अथवा चुटकुले सुनाने से नहीं होता। बल्कि इसके लिये ऐसे पलों या डायलॉग्स का निर्माण करना होता है, जो दर्शकों को बिल्कुल अपने जैसे लगें और जिनसे वे जुड़ाव महसूस कर पायें। हमारे शो 'हप्पू की उलटन पलटन' ने इस काम को बखूबी किया है। हर किरदार के व्यक्तित्व और तकियाकलामों ने दर्शकों के साथ बेहद खूबसूरती से जुड़ाव बनाया है और उनका मनोरंजन किया है। और हम खुद को खुशकिस्मत मानते हैं कि हम लोगों की





जिंदगी में खुशियां भरने और उन्हें हंसाने का जरिया बन रहे हैं। 'इंटरनेशनल डे ऑफ हैप्पीनेस' के अवसर पर, आईये हम उन छोटी-छोटी चीजों की सराहना करें, जो हमें खुशी देते हैं और उन लोगों का आभार जतायें जो हमारे जीवन को और भी ज्यादा आनंददायक बनाते हैं। खुशियां आपके चारों ओर है, आपको बस उन पलों में खोना और मुस्कुराना है।'' आसिफ शेख ऊर्फ ''भाबीजी घर पर हैं'' के विभूति नारायण मिश्रा ने कहा, ''किसी की जिंदगी में खुशियां भरना, वह सबसे बड़ा उपहार है, जो आप दूसरों को दे सकते हैं। एक ऐसे किरदार को निभाना हर कलाकार का सपना होता है, जो लोगों की जिंदगी में बदलाव लेकर आये। मैं खुद को खुशनसीब मानता हूं कि हमारे दर्शकों ने इन सभी किरदारों की सराहना की है और इनका आनंद उठाया है, जो उनके चेहरों पर मुस्कुराहट ला रहे हैं। दूसरों के जीवन में आनंद का जरिया बनना मेरा सौभाग्य है। और एक कलाकार होने के नाते, मेरा मानना है कि दर्शकों को उनके तनाव से थोड़ी देर के लिये छुटकारा दिलाना, उन्हें खुश करने और सेहतमंद बनाने में मदद करने का एक बेमिसाल तरीका है। फिलहाल हमारी दुनिया में कई बड़े और चिंताजनक मसले हैं। हमारे आस-पास जो घट रहा है, हम हमेशा उसे बदल नहीं सकते हैं, लेकिन इस बात का चुनाव जरूर कर सकते हैं कि हमें उस घटना को हंस कर झेलना है या रो कर। इसलिये आईये एक खुशहाल और दयावान विश्व का निर्माण करें। इंटरनेशनल हैप्पीनेस डे पर अपनी जिंदगी की अच्छी चीजों को देखें और इस आनंददायक अवसर का आनंद उठायें।''

योगेश त्रिपाठी, जोकि 'हप्पू की उलटन पलटन' में दरोगा हप्पू सिंह की भूमिका निभा रहे हैं, ने कहा, ''जिंदगी जीने का सबसे बेहतर तरीका है, रोजाना की परेशानियों में हास्य ढूंढना। यह किसी भी स्थिति को न सिर्फ अधिक आनंददायक बनाता है, बल्कि तनाव को भी कम करता है। मैं जब भी सेट पर अपनी लाइनों की प्रैक्टिस कर रहा होता हूं, तो खुद से पूछता हूं कि ''क्या यह दर्शकों का मनोरंजन करेगा? क्या यह वाकई में इतना मजेदार है?'' दिन भर की कड़ी मेहनत के बाद, हर कोई सारे तनाव से दूर जाकर खुशी के कुछ पल बिताना चाहता है। इसलिये उन्हें हर दिन यह खुशी देने की हमारी जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है। और अपने शो के जरिये दर्शकों के चेहरों पर मुस्कुराहट देखकर हम भी खुश हो जाते हैं। मुझे बहुत गर्व महसूस होता है, जब मैं जहां भी जाता हूं, वहां पर लोग मुझे मेरे हप्पू स्टाइल में उन्हें हंसाने के लिये कहते हैं और उनके इस आग्रह पर मुझे 'अरे दादा'' कहना अच्छा लगता है। मैं खुशनसीब हूं कि मैं अपने दर्शकों को ऐसे मजेदार पलों का आनंद दे पा रहा हूं। हमारे शो ने चार सालों का सफर पूरा कर लिया है और मेरी कामना है कि हम हमेशा ऐसे ही उनके जीवन में हास्य का रंग घोलते रहें और उनके जीवन को आनंददायक बनाते रहें।''



''भाबीजी घर पर हैं'' में अनीता भाबी का किरदार अदा कर रहीं विदिशा श्रीवास्तव ने कहा, ''यदि आपके अंदर किसी को खुश करने की काबिलियत है, तो यह काम जरूर करें। दुनिया को इसकी बहुत ज्यादा जरूरत है। लोग अपने काम में इतने ज्यादा उलझे हुये और तनावग्रस्त हैं कि वे वर्तमान में जीना और खुश रहना भूल गये हैं। लेकिन एक कलाकार होने के नाते, अपने शो 'भाबीजी घर पर हैं' के जरिये उन्हें हंसाने और खुश रहने की जिम्मेदारी मुझ पर है। जब आपका शो या किरदार लोगों की जिंदगी में एक छोटा सा भी बदलाव लेकर आता है, जैसे जब वे उदास हों, तो उनके चेहरे पर मुस्कुराहट लाना, तब बहुत अद्भुत और आनंददायक अनुभव होता है। मुझे खुशी है कि अनीता भाबी के किरदार के रूप में मैं पिछले एक साल से उनके चेहरों पर मुस्कान बिखेर रही हूं। अनीता एकदम सुंदर और निर्भीक है, इसलिये मेरा मानना है कि लोग उसके साथ जुड़ाव महसूस कर सकते हैं और इस किरदार का आनंद उठा सकते हैं। इस तरह के पलों को जीना हर कलाकार का सपना होता है। मैं खुद को भाग्यशाली मानती हूं कि लोगों को ऐसा आनंददायक अनुभव दे पा रही हूं। इंटरनेशनल हैप्पीनेस डे अपनी खुशियों और सेहत को जिंदगी पर कायम रखने की याद दिलाने का एक बेहतरीन अवसर है।''

**तो देखिये ''हप्पू की उलटन पलटन'' रात 10ः00 बजे और 'भाबीजी घर पर हैं'' रात 10ः30, हर सोमवार से शुक्रवार और 'हंसते और मुस्कुराते रहो' एण्डटीवी के साथ।**

## वृक्षों को दें सम्मान

*मत काटो इन्हें,*
*यह अपने हमसफर हैं,*
*योग्य और अनुभवी सन्तान हैं,*
*मददगार बनकर देता है सुकून,*
*मुश्किल वक्त में,*
*प्रेम रूपी वन में उमंग और उत्साह से सना झरने की फुहार है,*
*सम्पूर्ण जीवन में खुशहाली लाने वाला,*
*अद्भुत और अलौकिक मिलन संसार है।*
*यह वर्षा की बसन्ती रानी है,*
*सबमें खुशियां देती है अपार है।*
*खुशियां बांटने में आगे बढ़ती हजार है।*
*प्रकृति ने हमें जीवन्त काव्य के रूप में,*
*ख्याति अर्जित करते हुए,*
*उन्नत संस्कार पाने की बड़ी जरूरत पूरी की है।*
*यही संस्कार आज़ हृदय में उतारनी जरूरी है।*
*हम सब मिलकर आज़ इस परिवेश में,*
*वृक्षों को बहुत दें रहें हैं सम्मान।*
*मानवीय मूल्यों को इस कारण खूब मिल रहा है,*
*हर पल हर क्षण सात्विक और सार्थक मान और अभिमान।*
*ग्लोबल वार्मिंग के दौर में,*
*वृक्षों की अहमियत बढ़ गई है।*
*जनमानस को इसकी अहमियत दिखने लगी है।*
*पर्यावरणीय लक्ष्यों को,*
*प्राप्त करने में वृक्ष मदद करता है।*
*समग्र जनमानस में,*
*घर में बुजुर्ग बनकर सबपर ,*
*खूब उपकार करता है।*
*यह घर -आंगन की यह अत्यंत मोहक शोभा है,*
*जिंदगी की धूप छांव है,*
*अपने हमसफर का खुशनुमा,*
*साथी बनकर दिखलाता सुंदर सद्भाव है।*
*यह पुत्र -संतान नहीं एक उन्नत वरदान है,*
*समस्त संसार में सबसे ,*
*आगे रहने वाले भगवान है।*
*आओ हम-सब मिलकर यहां,*
*जनमानस के लिए एक जीवंत प्रमाण दें।*
*नवजीवन के लिए वृक्षों को पूर्ण सम्मान दें।*

***-डॉ.अशोक,पटना,बिहार।***




## यूं फ़िज़ूल ही रोए हम

*जिसको खोने का रंज लिए कई रात ना सोए हम*
*एक वक्त ऐसा भी आया*
*जब एक सोच ज़हन में आई*
*कि,फिजूल ही रोए हम*

*बेहतर के लिए वो पल छूटा*
*बेहतर के लिए कोई अपना रूठा*
*बेहतर के लिए कुछ अनचाहा पाया*
*बेहतर के लिए वो कड़वा क्षण आया*
*बेहतर आज की खातिर उस खुदा ने दिया तब गम*
*और बेखबर उस खुदा की रहमत से*
*यूं फ़िज़ूल ही रोए हम*

***- कशिश अड़वानी***



## ये रिश्ता

*यू तो मुझे दुनिया की सारी चीजें अच्छी लगती हैं,*
*पर तु मुझे सारी दुनिया से भी ज्यादा अच्छी लगती है।*
*क्या कहु तू मुझे कितनी प्यारी लगती हैं,*
*तेरी ही यादो में खोया रहता हूँ, तेरी यादे अच्छी लगती हैं।*
*तेरे बंधन में बंधा रहना ही अच्छा लगता है,*
*तुझसे दूर जावु ये सोचकर ही डर लगता हैं।*
*तेरा इजहार , इंतजार करना भी अच्छा लगता है,*
*तू सदा मेरे पास है ये अहसास भी अच्छा लगता है।*
*सपनो की दुनिया में रहना भी अच्छा लगता है,*
*हकीकत में न सही ख्वाबो में मिलना भी अच्छा लगता है,*
*अपने सारे सुख दुःख तुझसे बाटना अच्छा लगता है,*
*तेरी मनोबल बढ़ाती बातें सुनना बहुत अच्छा लगता है।*
*हमारा तुमसे ये बंधन सात जन्मों का लगता है,*
*क्योंकि तु मेरी है,मेरी ही लगती है , ऐसा दिल को लगता है।*

***-डॉ. संजय कुमार मालवी (आदर्श)***



## ग़ज़ल

सोच अपनी बदल नहीं पाये।
हम अलग राह चल नहीं पाये।

आज़माया किये उन्हें लेकिन,
उन रिवाज़ों में ढ़ल नहीं पाये।

साथ उनके गुज़ार कर रातें,
पार हद से निकल नहीं पाये।

आस जितनी रखी घटाओं से,
अब्र उतने पिघल नहीं पाये ।

वक्त के साथ साथ रहकर भी,
चंद लम्हें सम्भल नहीं पाये ।

चाहतें साथ थी हज़ारों पर,
हम ज़माने को छल नहीं पाये।

**नवीन माथुर पंचोली**
**-अमझेरा धार मप्र**



## गज़ल

*मत घोले आप रिश्तों में ज़हर बाबा*
*नहीं चलावे आपस में खंज़र बाबा*
*हो ऑगन का दूर अंधेरा सभी ही*
*दीजिये रौशनी अब तो घर-घर बाबा*
*जो दुःखी है इस संसार में देगा दुआ*
*काट उसके साथ भी स्वयं सफर बाबा*
*जब भटका मुसाफिर पूछ रहा है पता*
*उसे नहीं बताता कैसा शहर बाबा*
*रखता है हरदम 'रमेश' लिहाज यहॉं*
*फिर भी आप फेंकते है पत्थर बाबा*
*प्रेम सद्भाव की बात करें*
*एक दूजे पर न घात करें*
*रिश्तों में छलके कोमलता*
*इस तरह से मुलाकात करें*
*ना तरसे अब कोई भी घर*
*वहॉं सावन सी बरसात करें*
*न हो देश का नुक्सान कभी*
*ऐसी ना खुराफात करें*
*हिन्दुस्तानी बनकर रहे*
*इसमें पैदा ना जात करें*

***-रमेश मनोहरा***

## प्रभु कण कण में....

*प्रभु कितने दयालु तुम*
*विनम्रता की प्रतिमूर्ति*
*संयम की मूर्ति तुम*
*राम शरण में जीवन*
*कण कण में राम समाए...*

*प्रभु कितने दयालु तुम*
*भक्ति भाव में तन मन*
*रूप बदल बदल कर*
*जगत कल्याण सेवक*
*कण कण में राम समाए*
*बलशाली बुद्धिशाली*
*संकट हरे पल पल*
*लंका दहन कर*
*विजयश्री के बने संवाहक*
*नाम अनेकों लीलाएं अनेकों*
*पवन पुत्र नाम तुम्हारा...*

*प्रभु कितने दयालु तुम*
*हाथ जोड़ विनम्रता की*
*प्रतिमूर्ति राम दरबार में*
*राम भक्ति में गहन लीन*
*हे बजरंगी !हे हनुमान*
*भक्त हम सब तेरे*
*बस ऐसी भक्ति भाव*
*विनम्रता की हृदय के*
*कण- कण में भर दो*
*भक्तों का कल्याण कर दो*
*प्रभु कितने दयालु तुम...*

***-लाल बहादुर श्रीवास्तव***

## वक्त

*ये कैसा प्रकृति का खेल!*
*समय के आगे सब हैं फेल*
*वक्त ने बांध दिया है*
*सब खेल बिगाड दिया है।*
*न धन काम आता है*
*न रुतबा ही चल पाता है ।*
*सब उसके हाथ है*
*यही सच बात है ।*
*वक्त ने सिखाया है*
*इंसानियत का पाठ पढाया है ।*

***-गजानन पाण्डेय***

# इंदौर सरदाना इंटरनेशनल स्कूल को मिला मध्य प्रदेश के सर्वश्रेष्ठ बोर्डिंग स्कूल का पुरस्कार



**Sardana International School**
**Awarded As Best Boarding School Of M.P.**

**इंदौर।** शिक्षा के क्षेत्र में अपनी अलग और विशेष पहचान रखने वाले देवास स्थित सरदाना इंटरनेशनल स्कूल को हाल ही में मध्य प्रदेश के सर्वश्रेष्ठ बोर्डिंग स्कूल के पुरस्कार से नवाज़ा गया है। यह पुरस्कार उन्हें बोर्डिंग स्कूल के तहत बच्चों के भविष्य का विशेष ध्यान रखते हुए शिक्षा में अव्वल दर्जा दिलाने के एवज में प्रदान किया गया। मध्य प्रदेश के गृहमंत्री, श्री नरोत्तम मिश्रा द्वारा सरदाना इंटरनेशनल स्कूल के संस्थापक और शिक्षाविद्, ललित सरदाना को सम्मानित किया गया। सरदाना इंटरनेशनल स्कूल, प्रीमियम परिवारों के बच्चों के लिए एक प्रीमियम सीबीएसई बोर्डिंग स्कूल है। इस बोर्डिंग स्कूल की सुविधा लड़के और लड़कियों दोनों के लिए है।

सरदाना इंटरनेशनल स्कूल के संस्थापक, ललित सरदाना, जिन्हें आईआईटी में ऑल इंडिया 243 वीं रैंक प्राप्त है, विगत 26 वर्षों से छात्रों को फिजिक्स, कैमिस्ट्री और मैथमेटिक्स तीनों ही विषय पढ़ाते आ रहे हैं तथा भारत में सर्वाधिक सिलेक्शन अनुपात दे रहे हैं। स्कूली शिक्षा के साथ ही यहाँ बोर्डिंग से जुड़े बच्चों की सुविधाओं का विशेष रूप से ध्यान रखा जाता है। विशाल लाइब्रेरी और ई-लाइब्रेरी के साथ ही लैंग्वेज और रोबोटिक्स लैब्स की सुविधा छात्रों को दी जाती है।

ललित सरदाना, संस्थापक व शिक्षाविद्, सरदाना इंटरनेशनल स्कूल, कहते हैं, ÷सर्वश्रेष्ठ बोर्डिंग स्कूल से नवाज़ा जाना पूरी सरदाना टीम के लिए बेहद गर्व की बात है। इस पुरस्कार ने हमें अपनी मेहनत में और अधिक इजाफा कर श्रेष्ठतम परिणाम देने के लिए प्रेरित किया है। स्कूल में आईआईटियंस डॉक्टर्स, उच्च शिक्षित, अनुभवी और समर्पित रेसिडेंशियल फेकल्टीज़ और मेंटॉर्स द्वारा बच्चों को शिक्षित किया जाता है। यह पुरस्कार इन सभी के अथक प्रयासों और बच्चों को बेहतर भविष्य देने की भावना को समर्पित है। बच्चों का ध्यान रखने के उद्देश्य से डायरेक्टर्स भी आवास में ही रहते हैं। वर्तमान में बोर्डिंग स्कूल से 16 राज्यों के बच्चे जुड़े हैं, हम जल्द से जल्द इसमें बढ़ोतरी की अपेक्षा करते हैं।

स्कूल में मिलने वाली सुविधाओं पर ज़ोर देते हुए वे कहते हैं, ÷यदि छात्र-छात्राओं को पढ़ाई के दौरान किसी भी तरह का डाउट होता है, तो उन्हें सुबह 6 बजे से लेकर रात 2 बजे तक अपने तमाम डाउट्स क्लियर करने की सुविधा सरदाना स्कूल में है। जब तक कंठस्थ नहीं हो जाता, तब तक वे अपने डाउट्स क्लियर कर सकते हैं। इस सुविधा से हमने यह पाया कि बच्चों में कई दफा पूछने के बाद भी झिझक नहीं रहती और कोई भी कॉन्सेप्ट उनके मन-मस्तिष्क में गहनता से उतर जाता है। हम लड़कों और विशेष रूप से लड़कियों के लिए एक सुरक्षित परिसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जहाँ 100 प्रतिशत तक छात्रवृत्ति की सुविधा भी बच्चों के लिए उपलब्ध है।÷

गौरतलब है कि बोर्डिंग स्कूल में बच्चों को दिन में 5 बार स्वस्थ, स्वादिष्ट और शुद्ध शाकाहारी भोजन, तथा दिन में दो बार एक-एक गिलास दूध की सुविधा दी जाती है। बच्चों को असुविधा न हो, इसे ध्यान में रखते हुए यहाँ के आवास एयर कंडीशन से परिपूर्ण हैं। यहाँ तक कि 40 से अधिक स्पोर्ट्स सुविधाएँ भी बच्चों को दी जाती हैं, ताकि पढ़ाई के अतिरिक्त अन्य गतिविधियों और बेहतर स्वास्थ्य का लाभ उन्हें मिल सके। सबसे खास सुविधा सरदाना इंटरनेशनल स्कूल में यह है कि बच्चे मोबाइल के आदी न हो जाएँ, इसका विशेष ख्याल रखते हुए परिसर में मोबाइल फोन्स पूर्णतः प्रतिबंधित हैं। स्मार्ट कक्षाओं और कई तरह की गतिविधियों के साथ ही यहाँ बच्चों की रूचि के अनुरूप कक्षाएँ भी ली जाती हैं।

**एडमिशन के लिए 9993431042 नंबर पर कॉल किया जा सकता है।**

# (वैश्विक चिंतन) शी जिनपिंग लगातार चीन की सत्ता मे मजबूती की ओर वफादार ली कियांग बने प्रधानमंत्री



**संजीव ठाकुर**

द रिपब्लिकन ऑफ चाइना के मुखिया सी जिनपिंग अब अपनी सत्ता के तीसरे दौर में पहुंच चुके हैं, वे अब् और मजबूत हो चुके हैं। उन्होंने अपने विश्वस्त साथी ली कियांग को को प्रधानमंत्री बनाया है। यह पोजीशन चीन में सत्ता के केंद्र में शी जिनपिंग के बाद के बाद दूसरे नंबर की ताकतवर पोस्ट है, उल्लेखनीय है कि ली कियांग को करोना काल में बुरी तरह असफल होने के बाद पूरी दुनिया में आलोचना का शिकार होना पड़ा था। अब उन्हें विश्व की दूसरी आर्थिक ताकत को फिर से पटरी पर लाने का जिम्मा सौंपा गया हैद्य अपने विश्वस्त साथी को प्रधानमंत्री बना कर शी जिनपिंग चीन की सत्ता में और भी ताकतवर हो गए हैं। पड़ोसी देश होने के नाते भारत पर इसका व्यापक प्रभाव पड़ने वाला हैद्य वास्तविक नियंत्रण रेखा यानी कि लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल में चीन की गतिविधियां विगत एक वर्ष से लगातार भारत को बेचैन करने वाली रही है, अब शी जिनपिंग के फिर से चीन के सदर हुक्मरान होने से ना सिर्फ भारत की विदेश नीति बल्कि अमेरिका, रूस, पाकिस्तान, श्रीलंका, उत्तर, दक्षिण कोरिया, बांग्लादेश, तालिबान और अन्य पड़ोसी देशों पर भी इसका प्रभाव ज्यादा पड़ने वाला है। शी जिनपिंग के फिर से सत्ता में आने तथा उनकी आक्रामक नीति का असर भारत चीन संबंधों पर निश्चित तौर पर पड़ेगा, क्योंकि भारत चीन के साथ लगभग 3500 किलोमीटर लंबी भूमि सीमा लगी हुई है। यह सीमा जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश उत्तराखंड, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश से होकर गुजरती है, और दोनों देशों के बीच कभी भी सीमा का निर्धारण नहीं हो सकता है। सीमा निर्धारण के लिए वास्तविक नियंत्रण रेखा बनाई गई है पर इस वास्तविक नियंत्रण रेखा का कोई अपना बहुत गहरा प्रभाव नहीं है। शी जिनपिंग के विस्तार वादी मंसूबों और उसकी आक्रामक शैली के कारण सीमा पर विवाद बढ़ने की संभावना नजर आती है, यह तो तय है कि दोनों देश युद्ध नहीं करना चाहेंगे। भारत ने चीन की सीमा कानून को एक सिरे से खारिज कर उसकी अंतरराष्ट्रीय मंचों पर कड़ी निंदा की है। अब सी जिनपिंग की तीसरी पारी में भारत को यह बात खटक रही होगी कि चीन की वास्तविक नियंत्रण रेखा यथा स्थिति बदलने के कदम को सही ठहराने के लिए सीमा कानून नियम का उपयोग न करें, इसके अलावा दक्षिण चीन सागर तथा हिंद महासागर में चीन तथा अमेरिका के बीच सामरिक टकराव बढ़ने की आशंका है। शी जिनपिंग के फिर से सत्ता में आने से अमेरिका के लिए गंभीर चुनौती बन सकता है क्योंकि पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के पास 8 लाख सक्रिय सैनिक हैं, चीन ने सेना में खर्च होने वाला बजट भी 4 गुना कर दिया है, ऐसे में चीन आगामी वर्षों में ताइवान को अपने कब्जे में लेने का प्रयास करेगा। ताइवान की आजादी के लिए अमेरिका कृतसंकल्पित एवं कटिबद्ध है और यदि चीन ताइवान की आजादी में खलल डालने का प्रयास करेगा तो अमेरिका पीछे नहीं हटने वाला,फल स्वरूप चीन और अमेरिका में तनाव बढ़ने की पूरी संभावना है। चीन पहले से ही उत्तर कोरिया के मिसाइल कार्यक्रमों को प्रोत्साहित करने में लगा हुआ है ऐसे में अमरीकी प्रशासन के लिए यह विषय चिंता का होगा। शी जिनपिंग के फिर से सत्ता में आने से चीन, तालिबान, पाकिस्तान गठबंधन मजबूती प्राप्त कर वैश्विक शांति के लिए एक बड़ा खतरा बन सकते हैं एवं आतंकवाद को नई बयार मिलने की संभावना है। म्यानमार में पहले से ही लोकतंत्र का गला दबाया जा चुका है। उत्तर कोरिया की सैन्य हुकूमत ने म्यानमार में तानाशाही हुकूमत काबिज करके रखी है। शी जिनपिंग के ताकतवर होने से जलवायु परिवर्तन के खिलाफ लड़ी जा रही लड़ाई काफी कमजोर पड़ सकती है क्योंकि जिनपिंग जलवायु परिवर्तन को लेकर बहुत ही नकारात्मक रवैया अपनाए हुए हैं, जिनपिंग ग्लॉसको में हुए जलवायु परिवर्तन की बैठक में हिस्सा लेने के लिए ना तो खुद गए ना ही अपना प्रतिनिधि ही भेजा, यह सर्वविदित है कि चीन दुनिया का सबसे बड़ा प्रदूषण फैलाने वाले देशो में से एक देश है,और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि जिनपिंग चीन को दुनिया से अलग-थलग कर वहां तानाशाही का शासन लागू कर देगा। चीन के नागरिक केवल चीन देश के होकर रह जाएंगे। उन्हें बाहरी दुनिया के संपर्क में आने का अधिकार भी नहीं होगा। कोरोना वायरस की उत्पत्ति को लेकर भी यही हाल रहा है, चीन की खबरें कभी भी अंतरराष्ट्रीय मीडिया पर खुलकर नहीं आ पाई हैं। शी जिनपिंग अब एक तानाशाह शासक की तरह पेश आएंगे और चीन पूरी तरह से स्व केंद्रित हो जाएगा।

## बुजुर्गों से बतियाया कीजिये

*कभी कभी बुजुर्गों से बतियया किजिये,*
*दो पल उनके पास बिताया किजिये,*
*डाक्टर, मास्टर और इजीनियर तुम्हें बनाया,*
*कैसे तय किया सफर पुछा किजिये।*
*कभी-कभी.........*
*बडा सुकुन देगा उनको ये इतिहास बताना,*
*उनके दिल को भी सहला लिया किजिये ।*
*कभी कभी.........*
*चाहत नहीं रखते तुम्हारे वैभव कि,*
*वो तो अपना वैभव तुम पर लुटा चुके है,*
*सौ बार खुद पर इतराओ,*
*एक बार उनपर भी इतरा लिया कीजिये।*
*कभी कभी..........*
*बच्चे देखेंगे तुम्हें बतियाते,*
*वो भी तुम्हारा अनुकरण करेंगे,*
*बस हालचाल उनके पुछ लिया किजिये,*
*ये भावनात्मक मोती है,*
*आज तुम लुटाओ गे बुजुर्गों पर,*
*कल तुम्हारे बच्चे लुटाये गे तुम पर*
*ये लेन देन का दिया है,*
*उसे जला लिया किजीये।*
*कभी कभी बुजुर्गों से बतियया किजिये।*



***-श्रीमती रश्मि सुरेंद्र श्रीमाली, सिहाड़ा, खंण्डवा***

# जेल विभाग में हडकंप, उज्जैन सेंट्रल जेल भैरवगढ़ में प्रहरियों के जीपीएफ में करोड़ों का गबन

## –प्रहरी लिपिक ने जेल कर्मचारियों के जीपीएफ की राशि निकाल कर अपने खाते में डलवाई




**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** सेंट्रल जेल भैरवगढ़ और इससे जुड़ी उपजेलों के कर्मचारियों के साथ करोड़ों के जीपीएफ के गबन और शासन के साथ धोखाधडी का मामला हुआ है। अतिरिक्त जिला कोषालय अधिकारी सुरेन्द्र भावर की रिपोर्ट पर भैरवगढ़ थाना पुलिस ने जेल के लिपिक रिपूदमनसिंह के विरूद्ध प्रकरण दर्ज करवाया है। सालों से लिपिक ने जेल कर्मचारियों की जीपीएफ की राशि अपने खाते में डलवाई और रिपोर्ट दर्ज होने से पहले परिवार सहित फरार हो गया है।मामले में उज्जैन कलेक्टर ने जांच शुरू करवाई है। जेल विभाग के महानिरीक्षक ने एडवायजरी जारी की है ।जेल विभाग भी मामले में जांच करवा रहा है।

अंग्रेजों के जमाने की भैरवगढ़ सेंट्रल जेल में उसी के कर्मचारी ने सेंध लगा दी और गबन और शासन के साथ धोखाधडी को अंजाम देकर फरार हो गया। भैरवगढ़ थाना पुलिस को जिला अतिरिक्त कोषालय अधिकारी ने धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। सीएसपी अनिल मौर्य बताते हैं कि प्रारंभिक स्तर पर मामले में दो प्रहरियों के जीपीएफ की राशि 22 लाख का मामला सामने आने पर अतिरिक्त कोषालय अधिकारी भावर ने आवेदन दिया था। जांच के आवेदन में 2020 में 5,2021 में 45 एवं 2022 में 50 जेल कर्मियों के जीपीएफ का पैसा निकाला गया है।जेल लिपिक रिपूदमनसिंह कार्रवाई की जानकारी लगते ही परिवार सहित जेल परिसर स्थित अपने मकान पर ताला डालकर फरार हो गया है। प्रारंभिक रूप से सामने आया है कि जेल के मुख्य प्रहरी एसके चतुर्वेदी के जीपीएफ से 12 लाख रुपए और प्रहरी उषा कौशल के जीपीएफ के 10 लाख रुपए निकाल लिए गए। जेल के लिपिक रिपुदमन ने यह रकम निकालकर बैंक ऑफ इंडिया भैरवगढ़ के खाते में ट्रांसफर की। ऐसे और भी कर्मचारी हैं, जिन्हें पता ही नहीं चला और उनके आवेदन के बिना ही उनका जीपीएफ का पैसा दूसरे खातों में ट्रांसफर हो गया। मामला सामने आते ही भैरवगढ जेल सर्कल के कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। सोमवार को अपने जीपीएफ की जानकारी लेने कुछ कर्मचारी जेल अधीक्षक से मिलने पहुंचे थे जिन्हे सुरक्षा गार्डस ने नहीं मिलने दिया। भैरवगढ़ थाना प्रभारी प्रवीण पाठक के अनुसार लिपिक की गिरफ्तारी के लिए जेल विभाग से उसकी पूरी जानकारी मांगी गई है। पुलिस के दल एवं सायबर सेल भी उसके लिए प्रयासरत है।लिपिक की गिरफ्तारी के बाद ही यह खुलासा हो सकेगा कि गबन उसने कैसे अंजाम दिया और उसके साथ कौन-कौन हैं।पुलिस ने बैंक खाते सीज कराने से लेकर कॉल डिटेल जांच की भी प्रक्रिया शुरू कर दी है। मामला जानकारी में आने पर जेल विभाग के जेल उप महानिरीक्षक संजय पांडे ने समस्त जेल अधीक्षकों को एडवायजरी जारी की है। जेल विभाग के डीआईजी मंशाराम पटेल के नेतृत्व में एक दल मामले की जांच के लिए उज्जैन आ गया है। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के अनुसार मामला संज्ञान में आने पर एक कर्मचारी के विरूद्ध प्रकरण दर्ज करवा दिया गया है। उच्च अधिकारियों को मामला संज्ञान में ला दिया गया है। भोपाल से आकर एक टीम जांच करेगी। जांच में सामने आएगा की कुल कितनी राशि का गबन किया गया है। टीएल बैठक में जिले के सभी आहरण-संवितरण अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि वे अपने लॉग इन पासवर्ड का उपयोग सतर्कता के साथ करें। अपने अधीनस्थों के भरोसे नहीं रहें। बीच-बीच में ट्रेजरी से होने वाली विभिन्न भुगतानों का परीक्षण करते रहें। किसी भी तरह की आर्थिक अनियमितता व घोटाले की स्थिति में सम्पूर्ण जिम्मेदारी आहरण-संवितरण अधिकारी की ही होगी। उन्होंने कहा कि इस तरह की लापरवाही के कारण जेल में कतिपय कर्मचारी द्वारा बड़ा घोटाला किया गया है। इसकी जांच हो रही है। उन्होंने आज ही सभी अधिकारियों को अपने-अपने कार्यालय में जाकर सभी तरह के ट्रांजेक्शंस का परीक्षण करने के निर्देश दिये हैं।

### जेल अधीक्षक की आईडी का उपयोग

बताया जा रहा है कि जेल कर्मचारियों की जीपीएफ राशि निकालने के लिए जेल अधीक्षक की आईडी और पासवर्ड का उपयोग किया गया है। जिसके चलते कलेक्टर ने जेल अधिकारियों की भूमिका को लेकर भी जेल मुख्यालय को जांच के लिए पत्र प्रेषित किया है। कलेक्टर के अनुसार घोटाला ढाई वर्ष के दरमियान हुआ है और 7 करोड़ की राशि पिछले 1 साल में निकाली गई है। जबकि जेल अधीक्षक का कहना है कि घोटाला उनके कार्यकाल से पहले 2018-19 का है।

### अनुकंपा नियुक्ति है प्रहरी रिपूदमनसिंह की

जेल अधीक्षक उषा राज के अनुसार प्रहरी रिपूदमनसिंह की 2010 में अनुकंपा नियुक्ति हुई थी। जेल रेकार्ड में उसका मूल निवास सांवेर रोड़ इंदौर दर्ज है। राज बताती हैं कि जीपीएफ निकालने के लिए प्रापर चैनल से उनके पास संबंधित का आवेदन आता है। जीपीएफ की स्थिति साफ कर संबंधित को नियमानुसार राशि आहरण की ही अनुमति दी जाती है। आरोपी लिपिक के पास उनके लागिंग आईडी एवं पासवर्ड था जो कि डीडीओ यानी ड्राइंग एंड डिसबर्सिंग ऑफिसर को कार्य से संबंधित कर्मचारी को देना एक मजबूरी है। लिपिक ने जिन कर्मचारियों ने जीपीएफ का आवेदन नहीं किया उनके खातों से भी लाखों रूपए निकाल लिए हैं।कोषालय के अधिकारियों ने कर्मचारी के खाते में नियमानुसार आहरण की राशि के साथ अधिक राशि लिपिक के खाते में डाल दी जिसकी उन्हे कोई सूचना भी नहीं दी गई। उषा राज के अनुसार उनके जीपीएफ में भी गडबड की उन्हें आशंका है और वे खाता चेक करवा रही हैं। लिपिक के विरुद्ध जेल से भी उन्होंने पुलिस को आवेदन किया था जिस पर भैरवगढ़ थाना पुलिस ने दोनों आवेदनों को एक ही एफआईआर में मर्ज किया है।

## 5 बदमाश हथियारों के बल पर डकैती डालने की फिराक में निकले गश्त कर रही पुलिस ने पकड लिया

**उज्जैन/दैनिक मालव हेराल्ड।** बीती रात 5 बदमाश हथियारों के बल पर डकैती डालने की फिराक में निकले थे। गश्त कर रही पुलिस को सूचना मिली तो बदमाशों की घेराबंदी कर पकड़ा गया। जिनके पास से चाकू सरिए बरामद किए गए।

चिमनगंज थाना पुलिस ने बताया कि बीती रात मंगलनाथ मंदिर मार्ग पर कुछ बदमाशों के पास लोहे के सरिए लेकर जाते हुए राहगीरों ने देखा तो पुलिस को सूचना दी। गश्त कर रहे टीम के साथ वह मौके पर पहुंचे और बदमाशों की तलाश शुरू की। पता चला कि बदमाश शासकीय सुलभ शौचालय के पीछे जाते दिखाई दिए हैं। बदमाशों को पकड़ने के लिए एसआई यादवेंद्र परिहार, प्रधान आरक्षक जगदीश मालवीय, आरक्षक संजय शर्मा, गोपाल राठौर और सैनिक आसाराम के साथ घेराबंदी की गई। पुलिस को देख बदमाशों ने भागने का प्रयास किया लेकिन पांचों को दबोच लिया गया। जिनके साथ से लोहे के सरिए और तीन चाकू के साथ कुछ औजार बरामद किए गए। बदमाशों को थाने लाकर पूछताछ करने पर सामने आया कि वह धनवंतरी आयुर्वेदिक कॉलेज के समीप बने एटीएम को तोड़ने की फिराक में थे। बदमाशों के मकसद का खुलासा होने पर उनके खिलाफ डकैती की योजना बनाने और अवैध हथियार रखने की धारा में प्रकरण दर्ज कर सोमवार दोपहर न्यायालय में पेश किया गया। जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है। बदमाशों के नाम विपिन उर्फ विक्की चौहान 35 वर्ष, अजय बाबूलाल 21 वर्ष बापू नगर, निखिल पिता मोहनलाल 29 वर्ष चिंतामन नगर, ओम प्रकाश उर्फ गोलू 31 वर्ष ढांचा भवन और वीरेंद्र पिता प्रेम नारायण 30 वर्ष अमन नगर है।

## ससुराल पक्ष से तंग बहु ने फांसी लगा आत्महत्या की, दिवाल पर लिखा अबे लाओ तो हउ साफ सफई वारी लाजो, मारा नाना मुंडा की सोरी ने हउ राकजो





**उज्जैन/दैनिक मालव हेराल्ड।** मंदसौर जिला के नारायणगढ़ थाना अंतर्गत गांव गर्रावद में विवाहिता ने ससुराल पक्ष एवं पति से तंग आकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या से पहले विवाहिता ने घर में दीवार पर मालवी भाषा में सुसाइट नोट लिखा, जिसमे लिखा था कि अबे लाओ तो हाउ साफ सफाई वारी लाजो ने हाथ जोड़ी ने विनती है मारी नाना मुंडा की सोरी हउ राख जो मारा मौसर के बाद गऊनित ती घर धोई लीजो, राधे कृष्णा।

पुलिस ने सुबह परिजनों की उपस्तिथि में घर का दरवाजा खोला तो सुसाइट नोट लिखा देखा। शनिवार रात को गांव गर्रावद में सीमा पति शेरसिंह 25 वर्ष ने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। रविवार को सुबह महिला के परिजन आकली (मल्हारगढ) से गांव गर्रावद पहुँचे। कमरे की दीवार पर पुलिस को एक सुसाइट नोट लिखा हुआ मिला। जिसमे मालवीय भाषा मे लिखा था अबे लाओ तो हाउ साफ सफाई वारी लाजो ने हाथ जोड़ी ने विनती है मारी नाना मुंडा की सोरी हउ राख जो मारा मौसर के बाद गऊनित ती घर धोई लीजो, राधे कृष्णा । थी कई मने घर ती बाने निकारों गा मारी सोरी ने हव राख जो। थाती नि रे तो आकली वारा राखेगा ये सुसाईड नोट दीवाल पर लिखा हुआ मिला। महिला के परिजनों ने थाने पहुँचे कर इसकी शिकायत दर्ज कराई। नारायणगढ़ टीआई तेजेन्द्रसिंह सेंगर बताते हैं कि महिला का विवाह 2018 में शेरसिंह से हुआ था। पुलिस ने आत्महत्या के मामले में मृतका के पिता की शिकायत एवं बयान के आधार पर उसकी मामी सास, पति, ननद एवं उसके पति पर धारा 306 में प्रकरण दर्ज किया गया है।

## जिला मूल्यांकन समिति की बैठक सम्पन्न



**उज्जैन/दैनिक मालव हेराल्ड।** कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम की अध्यक्षता में वर्ष 2023-24 के लिये गाईड लाइन तय करने हेतु जिला मूल्यांकन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उप जिला मूल्यांकन समितियों से प्राप्त गाईड लाइन वर्ष 2023-24 के अन्तिम प्रस्तावों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में विधायक श्री पारस जैन भी मौजूद थे। बैठक में जिला पंजीयक श्रीमती ऋह्यांभरा द्विवेदी ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों, मार्गो एवं कॉलोनियों के मूल्यांकन सम्बन्धी उप मूल्यांकन समितियों द्वारा प्राप्त गाईड लाइन की रिपोर्ट प्रस्तुत की।

वरिष्ठ जिला पंजीयक श्रीमती ऋह्यांभरा द्विवेदी ने बताया कि वरिष्ठ जिला मूल्यांकन समिति की बैठक में उज्जैन जिले में कुल 4208 लोकेशन में से 571 लोकेशन में वृद्धि प्रस्तावित की गई है। उन्होंने बताया कि उज्जैन तहसील के ग्रामीण क्षेत्र में 130 व शहरी में 90 कुल 220 लोकेशन पर 10 से 25 प्रतिशत की वृद्धि प्रस्तावित है। उज्जैन तहसील के लोकेशन इस प्रकार है- शहरी क्षेत्र में गंगा नगर, अभिषेक नगर, गुलमोहर कॉलोनी, शक्करवासा रोड से अन्दर, सेठी नगर, पावापुरी, क्लब एवेन्यु, लोटस ग्रीन, पद्मावती एवेन्यु व प्रीति नगर। ग्रामीण क्षेत्र में चंदूखेड़ी रोड, ताजपुर रोड से अन्दर, नलवा रोड, चिन्तामन में मैक्स सिटी, गंगेड़ी रोड, जस्तीखेड़ी, मणि विहार, खजुरिया रेहवारी, करोहन रोड से अन्दर व शिवांश गोल्ड। उज्जैन नगर निगम से लगे ग्रामों के सम्बन्ध में समिति द्वारा अभिमत दिया गया कि महाकाल लोक के बाद जमीनों की दरों व खरीद-फरोख्त में वृद्धि हुई है, इसलिये इनकी गाईड लाइन दरों में 20 प्रतिशत तक वृद्धि की जाये। इन ग्रामीण क्षेत्रों के नाम हैं- पंवासा, शंकरपुर, उंडासा, हामूखेड़ी, धतरावदा, लालपुर, मेंडिया, ढेंडिया, जीवनखेड़ी, सांवराखेड़ी, दाऊदखेड़ी, निनौरा, चंदेसरा, चंदेसरी। उज्जैन तहसील अन्तर्गत अधिक दस्तावेजों के पंजीयन के आधार पर 90 प्रतिशत वृद्धि की लोकेशन इस प्रकार है- ग्राम दाऊदखेड़ी में विकसित हाटकेश्वर विहार कॉलोनी, हाटकेश्वर हिल्स, शिवगंगा सिटी, तिरूपति डायमण्ड ब्लॉक ए, बी, सी, तिरूपति ड्रिम्स दाऊदखेड़ी, तिरूपति ड्रिम्स एक्सटेंशन, तिरूपति प्लेटिनम, तिरूपति सिल्वर, विनायक विहार। उज्जैन तहसील अन्तर्गत कुल 10 नवीन लोकेशन जोड़ी गई है जो इस प्रकार है- शिवांश ड्रिम्स, ग्रीनलैंड सिटी, गिरिराज रतन सेक्टर सी, उपवन, शिव विहार, ईडब्यूस एस नगर निगम के प्रकोष्ठ, सुजलाम, प्रधानमंत्री आवास गृह खण्ड ए, बी, सी, सुदामा अनाज मार्केट प्रकोष्ठ, महाकाल लोक में नवनिर्मित शॉपिंग कॉम्पलेक्स, मीडवे झोन, मध्यांचल, त्रिवेणी मण्डपम, जवाहर मार्ग, पटनी बाजार, सराफा बाजार (नगर निगम पुराना भवन से व्यायामशाला की गली तक), क्रिस्टल पार्क।

## वरिष्ठ समाजसेवी पूनम चंद जी यादव की धर्मपत्नी निधन हो गया



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** वरिष्ठ समाजसेवी पूनम चंद जी यादव की धर्मपत्नी नंदलाल यादव (निदेशक अपना चैनल ), नारायण यादव ( अध्यक्ष, यादव महासभा ), कलावती यादव (सभापति उ.न.पा.नि. ),डॉ. मोहन यादव, (मंत्री, उच्च शिक्षा म. प्र.), की पूज्य माताश्री, गोविंद यादव ( बबलू ), निलेश यादव की बड़ी मां पायल दीपक यादव, डॉ.आकांक्षा आयुष पटेल, अनामिका, आनंदिता,अदिति, निशांत, अभय, आयुष, वैभव, अभिमन्यु, अनंत,सिद्धार्थ की दादीजी लीला बाई यादव ( 95 ) का निधन।

अंतिम यात्रा चक्रतीर्थ हेतु 14.03.2023 मंगलवार को प्रातः 9.30 बजे निज निवास गीता कॉलोनी अब्दालपुरा उज्जैन से......

## कलेक्टर ने जिले के सभी आहरण-संवितरण अधिकारियों को सतर्कता के साथ अपने आईडी पासवर्ड का उपयोग करने की हिदायत दी

### संबल योजना एवं सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा की



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने आज टीएल बैठक में उज्जैन जिले के सभी आहरण-संवितरण अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि वे अपने लॉगइन पासवर्ड का उपयोग सतर्कता के साथ करें। अपने अधीनस्थों के भरोसे नहीं रहें। बीच-बीच में ट्रेजरी से होने वाली विभिन्न भुगतानों का परीक्षण करते रहें। किसी भी तरह की आर्थिक अनियमितता व घोटाले की स्थिति में सम्पूर्ण जिम्मेदारी आहरण-संवितरण अधिकारी की ही होगी। उन्होंने कहा कि इस तरह की लापरवाही के कारण जेल में कतिपय कर्मचारी द्वारा बड़ा घोटाला किया गया है। इसकी जांच हो रही है। उन्होंने आज ही सभी अधिकारियों को अपने-अपने कार्यालय में जाकर सभी तरह के ट्रांजेक्शंस का परीक्षण करने के निर्देश दिये हैं। कलेक्टर ने टीएल बैठक में आज संबल योजना के पंजीयन, सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों के निराकरण एवं समय-सीमा के पत्रों के निराकरण की समीक्षा की। बैठक में अपर कलेक्टर श्री मृणाल मीना, जिला पंचायत सीईओ सुश्री अंकिता धाकरे, एडीएम श्री अनुकूल जैन एवं जिले के सभी एसडीएम तथा जिला अधिकारी मौजूद थे।

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि संबल योजना के पंजीयन का कार्य नियमित किया जाना चाहिये। उन्होंने आज से प्रारम्भ हो रहे लाड़ली बहना योजना के सम्बन्ध में समग्र आईडी की ई-केवायसी के शिविरों के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा कहा कि प्रतिदिन शाम को इन शिविरों की प्रगति से उन्हें अवगत कराया जाये। कलेक्टर ने कहा कि सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को ई-केवायसी के लिये महिलाओं को शिविर तक लाने की जिम्मेदारी दी जाये।

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम के निर्देश पर उज्जैन जिले में लाड़ली बहना योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु प्रत्येक ग्राम पंचायत में आज 13 मार्च से पात्र हितग्राहियों की समग्र आईडी के केवायसी अपडेशन एवं आधार से लिंक करने हेतु शिविर लगाये जा रहे हैं। यह शिविर 20 मार्च तक जारी रहेंगे। कलेक्टर ने जिले के सभी एसडीएम एवं जनपद पंचायत सीईओ को कहा है कि वे प्रत्येक पंचायत में प्रतिदिन सौ से अधिक हितग्राहियों के ई-केवायसी अनिवार्य रूप से करें। कलेक्टर ने कहा है कि यह कार्य जितना बेहतर तरीके से होगा, उतना ही लाड़ली बहना योजना के क्रियान्वयन में सुविधा होगी। कलेक्टर ने आगामी समय में जिन पात्र हितग्राहियों के खाते नहीं खुले हैं उनके खाते खोलने एवं खाते से आधार लिंक कराने के कार्य को भी प्राथमिकता के आधार पर करने को कहा है।

# सार समाचार

## आगर रोड पर पिकअप और आईसर के बीच हुई भिड़ंत

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** बीती रात आगर रोड पर पिकअप और आईसर के बीच हुई भिड़ंत में पिकअप मालिक की मौत हो गई और ड्राइवर गंभीर घायल हो गया। नलखेड़ा का रहने वाला धीरज पिता माधव तोमर पिकअप मालिक है। रविवार को ड्राइवर लखन के साथ पिकअप में घास भरकर सांवेर आया था। जा रहे थे दोनों घास खाली करने के बाद दोनों वापस नलखेड़ा लौट रहे थे। आगर रोड पर ग्राम घोसला में सामने से आ रही आईसर से उनकी पिकअप की भिड़ंत हो गई। दुर्घटना में धीरज तोमर की मौके पर मौत हो गई और ड्राइवर लखन घायल हो गया। दो वाहनों के बीच भिड़ंत की जानकारी लगते ही 108 एंबुलेंस और पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। घायल और मृतक को जिला अस्पताल लाया गया। परिजन मामले की जानकारी लगने पर देर रात जिला अस्पताल पहुंच गए थे। आज सुबह पुलिस ने मर्ग कायम कर मृतक पिकअप मालिक का पोस्टमार्टम कराया है।

## भैरवगढ़ थाना क्षेत्र के साडू माता बावड़ी के समीप दुर्घटना में एक वृद्ध की जान गई

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।**रात को भैरवगढ़ थाना क्षेत्र के साडू माता बावड़ी के समीप दुर्घटना में भी एक वृद्ध की जान चली गई। पुलिस के अनुसार मृतक बिहारी लाल पिता शोभाराम 55 वर्ष निवासी ग्राम आकासौदा का रहने वाला सामने आया है। परिजनों के अनुसार मृतक भेरूगढ़ में रहने वाली अपनी बेटी कृष्णा भाई से मिलने आया था। देर रात बाइक पर सवार होकर अपने गांव लौट रहा था। दुर्घटना अज्ञात कार से होना सामने आई है। मामले में मर्ग कायम कर मृतक का पोस्टमार्टम कराया गया है। कार चालक की तलाश की जा रही है।

## भैरवगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम जलाल खेड़ी में भी स्कूटी से गिरकर घायल हुए व्यक्ति की मौत

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।**रात में हुई दो सड़क दुर्घटना से पहले रविवार दोपहर भैरवगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम जलाल खेड़ी में भी स्कूटी से गिरकर घायल हुए रामलाल पिता विसन लाल 63 वर्ष के मौत हो गई। मृतक देसाई नगर का रहने वाला था। हादसे में मृतक का पड़ोसी दिनेश घायल हुआ है। पुलिस के अनुसार मृतक और घायल ग्राम चंदूखेड़ी गए थे। जहां से वापस लौटते समय स्कूटी चला रहे रामलाल का संतुलन बिगड़ गया और गिरने पर हादसा हुआ है। घायल के बयान दर्ज कर मामला जांच में लिया गया है।

## 25 मार्च से समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी प्रारम्भ होगी

### 14 मार्च को प्रमुख सचिव समीक्षा करेंगे

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन की तैयारियों को लेकर प्रमुख सचिव खाद्य द्वारा 14 मार्च को प्रात~ 10.30 बजे से संभागीय समीक्षा बैठक ली जायेगी। उल्लेखनीय है कि आगामी 25 मार्च से समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी जिले में प्रारम्भ होगी। खरीदी 10 मई तक चलेगी। इस बार 2125 रुपये प्रति क्विंटल के समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदा जायेगा। उपार्जन के लिये उज्जैन संभाग में कुल 2 लाख 51 हजार 647 किसानों द्वारा पंजीयन करवाया गया है। कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने उज्जैन जिले के सभी एसडीएम को 23 मार्च तक जिले के सभी उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण करने के निर्देश दिये हैं। निरीक्षण में विशेष रूप से किसानों के लिये पीने के पानी, छाया, सर्वेयर एवं तुलावटी की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिये कहा गया है। साथ ही सभी उपार्जन केन्द्र पर व्यवस्थाएं अच्छी हों व यहां पर सख्ती से नियंत्रण रखने के निर्देश दिये गये हैं। कलेक्टर ने कहा है कि उपार्जन में एक भी शिकायत नहीं आना चाहिये। साथ ही उन्होंने पंजीकृत किसानों का शत-प्रतिशत सत्यापन करने के लिये भी कहा है।

**श्री मीना नोडल अधिकारी नियुक्त**–कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने समर्थन मूल्य पर उपार्जन के सफल क्रियान्वयन हेतु अपर कलेक्टर श्री मृणाल मीना को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

## बाल विवाह रूकवाया

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** महिला एवं बाल विकास विभाग को शिकायत प्राप्त हुई कि ग्राम जलवाल ग्राम पंचायत मालखेड़ी तहसील खाचरौद में बाल विवाह हो रहा है। इस पर जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्री साबिर अहमद सिद्धिकी द्वारा शिकायत पर संज्ञान लेते हुए बाल विवाह निरोधक दल को कार्यवाही के निर्देश दिये गए। इसके पश्चात बाल विवाह निरोधक दल में शामिल बाल विकास परियोजना महिला एवं बाल विकास विभाग खाचरौद से श्रीमती टीना बैरागी एवं सुनीता सहानी पर्यवेक्षक, श्री मंशाराम मुजाल्दे सहायक उप निरीक्षक विशेष किशोर पुलिस इकाई उज्जैन एवं चाईल्ड उज्जैन से टीम मेम्बर योगेश बदरेखा एवं प्रियंका जाटवा की संयुक्त टीम बालिका के निवास स्थान पर पहुंची एवं उपस्थित जनों व परिजनों से पूछताछ की। टीम द्वारा उक्त बालिका के परिजनों से बालिका के उम्र संबंधी प्रमाणीकरण दस्तावेज माँगे गये। बालिका के परिजनों द्वारा बालिका का आधार कार्ड प्रस्तुत किया गया, जिसमें दर्ज बालिका की जन्म तिथि 20 सितम्बर 2010 के आधार पर बालिका वर्तमान में नाबालिग पाई गई। टीम द्वारा बालिका के परिजनों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम-2006 के प्रावधानों की जानकारी देते हुए बालिका का विवाह 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने से पूर्व विवाह नहीं करने की समझाईश दी गई। बालिका के परिजनों द्वारा बालिका का विवाह निरस्त करते हुए बालिका का विवाह बालिग होने के पश्चात ही किये जाने की लिखित में स्वीकृति दी गई।

## उत्कृष्ट उन्नत उज्जवल उज्जैन की ओर उज्जैन स्मार्ट सिटी का एक और कदम

### उज्जैन के स्टार्टअप उद्यमकर्त्ता को जल्द मिलेगी इन्क्यूबेशन सेंटर की सुविधा




**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।।** उज्जैन के स्टार्टअप व्यवसाय को विकसित करने हेतु उज्जैन स्मार्ट सिटी द्वारा इन्क्यूबेशन सेंटर का निर्माण किया गया है। यह अब स्टार्टअप उद्यमकर्त्ता के लिए यह जल्द ही उपलब्ध होने जा रहा है। श्री आशीष पाठक सीईओ उज्जैन स्मार्ट सिटी ने बताया की बिजनेस इनक्यूबेटर ऐसा स्थान हैं जो उद्यमियों को उनके व्यवसायों को विकसित करने में सहायता करते हैं। विशेष रूप से शुरुआती चरणों में । ये स्टार्ट-अप और शुरुआती चरण की कंपनियों के विकास और सफलता को गति देने के लिए तैयार करा गया हैं। इन्क्यूबेशन सेंटर एक ऐसी सुविधा है जिसे नए व्यवसायों के विकास और पोषण के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह आम तौर पर कार्यालय स्थान, सलाहकारों और निवेशकों तक पहुंच, साझा सेवाओं और अन्य संसाधनों जैसे संसाधन प्रदान करता है ताकि उज्जैन के उद्यमियों को अपना व्यवसाय शुरू करने में मदद मिल सके। उज्जैन स्मार्ट सिटी द्वारा उज्जैन इन्क्यूबेशन सेण्टर का निर्माण किया गया एवं इसके संचालन के लिए एजेंसी को भी नियुक्त किया गया। यह सेंटर जल्द ही स्टार्टअप उद्यमकर्त्ता के लिए उपलब्ध होगा। इस कड़ी में उज्जैन स्मार्ट द्वारा उज्जैन के नागरिकों से इसके नाम एवं पंच लाइन के सुझाव आमंत्रित किये गए है एवं सबसे अच्छा नाम एवं पंच लाइन का सुझाव देने वाले नागरिक को प्रशासन द्वारा सम्मानित किया जाएगा। सुझाव देने के लिए उज्जैन स्मार्ट के वेब पेज पर जाकर गूगल फॉर्म या निम्लिखित लिंक से सुझाव 19 मार्च 2023 तक दे सकते है-

मालिक, प्रकाशक, मुद्रक विजय शर्मा द्वारा 44, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से प्रकाशित एवं भगवती ऑफसेट 44, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित। सम्पादक - विजय शर्मा, मो.नं. 94250-22499, फोन 0734-2553435 प्रधान संपादक : शुभम ताम्रकार (सभी वाद विवाद का न्याय क्षेत्र उज्जैन रहेगा )